राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-137
लखनऊ, गुरुवार 04 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

अवधपुरी के विकास के लिए आठ मॉडल तय : सीएम योगी 03

गोगामेड़ी हत्याकांड में एनआईए ने मारा छापा 12

पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल के थेक्किंकडु में स्त्रीशक्ति मोदिक्कोप्पम में लिया भाग, कहा

कांग्रेस-लेफ्ट ने नारी शक्ति को समझा कमजोर

मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति दिलाने की गारंटी की पूरी

एजेंसी

थेक्किंकडु। पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल के थेक्किंकडु में स्त्रीशक्ति मोदिक्कोप्पम में भाग लिया। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आधिकारिक तौर पर इसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चुनावी बिगुल माना जा रहा है। यह कार्यक्रम पूरी तरह से महिला सशक्तिकरण पर आधारित रहा। इस दौरान मोदी ने कहा कि मैं स्त्रीशक्ति का आभारी हूं जो मुझे आशीर्वाद देने के लिए भारी संख्या में यहां आई हैं।

सौभाग्य से मैं शिव की नगरी कहे जाने वाले काशी संसदीय क्षेत्र से सांसद हूं। यहां वडक्कुनाथन मंदिर में भी भगवान शिव विराजमान हैं। आज

केरल की सांस्कृतिक राजधानी त्रिशूर से निकलने वाली ऊर्जा पूरे केरल में नई आशा का संचार करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कल देश में मोदी की गारंटी की चर्चा है। लेकिन मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी हैं।

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से आजादी के बाद लेफ्ट, कांग्रेस की सरकारों ने, एलडीएफ, यूडीएफ की सरकारों ने नारी शक्ति को कमजोर माना। लेफ्ट और कांग्रेस की सरकारों ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण देने वाले कानून को वर्षों तक लटकाए रखा। लेकिन मोदी ने आप सभी बहनों को आपका हक देने की गारंटी दी थी और उस गारंटी को पूरा करके दिखाया। नारीशक्ति वंदन अधिनियम अब कानून बन चुका है। मोदी ने कहा कि आपको याद होगा जब तक देश में लेफ्ट और कांग्रेस के गठबंधन की सरकारें थीं, तब तक मुस्लिम बहनें तीन तलाक से परेशान थीं। मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति देने की गारंटी दी थी और उसे ईमानदारी से पूरा भी करके दिखाया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को सिर्फ एक ही काम आता है। इंडिया गठबंधन हमारी आस्था पर चोट करता है। इन्होंने मंदिरों को, हमारे त्योहारों को भी लूट का माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा कि आज वेलु नाचियार और देश की महान शिक्षिका और सामाजिक कार्यकर्ता सवित्रिबाई फुले की जयंती है। ये महिलाएं हमें नारी शक्ति का सामर्थ्य सिखाती हैं। केरल की बेटियों ने भारत की आजादी, संस्कृति और संविधान निर्माण में योगदान दिया है।

एवी कुट्टीमालु अम्मा, अक्कम्मा चेरियन, रोसम्मा पुन्नूस जैसी बहादुर महिलाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई ऊर्जा दी। मोदी ने कहा कि महान आदिवासी कलाकार नानजियाम्मा को उनके कार्यों के लिए पुरस्कार देना हमारा सौभाग्य था। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के लिए चार जातियां सर्वोपरि हैं।

सभी को मिल रहा है केंद्र सरकार की नीतियों का लाभ

जब देश के गरीब, युवा, किसान और महिलाओं का विकास होगा तभी देश का विकास होगा। इसलिए भाजपा सरकार की योजनाओं का बड़ा लाभ इन चार जातियों को सबसे ज्यादा मिला है। उन्होंने कहा कि हम नारीशक्ति को एक सशक्त फोर्स बनाना चाहते हैं, इसलिए आने वाले समय में हमारी माताओं, बहनों, बेटियों के लिए अवसर ही अवसर आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जब केरल की नर्सेस इराक में फंसी थीं तो ये बीजेपी सरकार थी, जो उन्हें सुरक्षित बाहर निकालकर केरल वापस लाई।

लक्षद्वीप का क्षेत्र छोटा, लेकिन दिल बहुत बड़ा

पीएम ने लक्षद्वीप में 1,156 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

कावाराती। पीएम मोदी ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में 1,156 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, लक्षद्वीप का क्षेत्र छोटा हो सकता है, लेकिन इसका दिल बहुत बड़ा है। मैं यहां मिल रहे प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने कहा, 2020 में, मैंने आपको गारंटी दी कि अगले 1000 दिनों के भीतर आपको तेज इंटरनेट सुविधा मिलेगी। आज, कोच्चि-लक्षद्वीप सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया है। अब, लक्षद्वीप में इंटरनेट 100 गुना अधिक गति से उपलब्ध होगा। पीएम मोदी ने कहा कि, आजादी के बाद दशकों तक केंद्र में रहीं सरकारों की एकमात्र प्राथमिकता अपने राजनीतिक दलों का विकास करना था। दूर-दराज के राज्यों, सीमावर्ती क्षेत्रों या समुद्र के बीच के राज्यों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। आखिरी में 10 साल में हमारी सरकार ने सीमावर्ती इलाकों और समुद्र के किनारे के इलाकों को अपनी प्राथमिकता बनाया है।

असम में सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत, सात घायल

एजेंसी

गुवाहाटी। असम में गोलाघाट जिले के बलिजान गांव में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि दुर्घटना तब हुई जब बस पिकनिक के लिए गोलाघाट बाचागांव से तिनसुकिया जा रही थी और विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। गोलाघाट जिला आयुक्त पी. उदय प्रबीन ने मीडिया से कहा कि बस में 49 यात्री सवार थे।

उन्होंने कहा कि दुर्घटना की जांच की जाएगी। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 'एक्स ' पर कहा कहा, डेरगांव में भीषण बस दुर्घटना से गहरा दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इस कठिन घड़ी में प्रशासन घायलों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना है।

सहायता राशि की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम के गोलाघाट में एक दुखद सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। श्री मोदी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, असम के गोलाघाट में सड़क दुर्घटना के कारण लोगों की मौत से दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

संक्षिप्त समाचार

झारखंड खनन घोटाले में कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

जयपुर। झारखंड खनन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम साहिबगंज में डिप्टी कलेक्टर रामनिवास यादव के राजस्थान में कई ठिकानों पर छापेमारी कर दस्तावेज जब्त कर रही है। यादव के जयपुर में निवास और कई दूसरे ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। इस छापेमारी से राजस्थान की ईडी टीम को अलग रखा गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रांची में भी मुख्यमंत्री के कुछ करीबियों के घर दबिश दी है। आईएएस और साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव, साहिबगंज के खोदनिया ब्रदर्स, झारखंड सीएम के प्रेस सलाहकार, पूर्व विधायक पप्पू यादव और डीएसपी राजेंद्र दुबे के ठिकानों पर छापेमारी चल रही है।

स्वामी रामदेव को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण

हरिद्वार। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में पुनर्स्थापित श्रीराम मंदिर में रामलला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने का निमंत्रण योग पतंजलि योगपीठ में योगऋषि स्वामी रामदेव को विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक तिवारी, विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दिया। निमंत्रण पत्र को सहर्ष स्वीकार करते हुए स्वामी रामदेव ने कहाकि 500 वर्षों के सतत संघर्ष और असंख्य हुतात्माओं के बलिदानों के उपरांत यह गौरवशाली दिन विश्व इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। 22 जनवरी को अयोध्या के श्री राम मंदिर के गर्भगृह में भगवान रामलला विराजमान होंगे। 25 पीढ़ियों के बलिदान, त्याग और समर्पण के प्रतिफल स्वरूप प्राप्त इस भव्य आयोजन की साक्षी वर्तमान की पीढ़ी बनेगी, जिन्होंने इसके वर्तमान के संघर्ष और विजय को प्रत्यक्ष देखा।

जदयू ने अरुणाचल वेस्ट से की उम्मीदवार की घोषणा

पटना (बिहार)। जनता दल (यूनाइटेड) यानी जदयू आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर काफी सक्रिय है। क्योंकि, अभी तक न तो लोकसभा चुनाव का बिगुल बजा और न ही आईएनडीआईए में सीटों का बंटवारा हुआ है। इससे पहले ही बुधवार को जदयू ने अरुणाचल प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष रूही तांगुंग को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अरुणाचल पश्चिम पीसी (संसदीय निर्वाचन क्षेत्र) से उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इस संबंध में पार्टी के एमएलसी और पार्टी महासचिव अफाक अहमद खान ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के आदेशानुसार उनके नाम की घोषणा करते हुए पत्र जारी किया है। एमएलसी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव आने वाला है। जनता दल (यूनाइटेड) अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी लड़ेगी, जो 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ-साथ होने वाला है। यह घोषणा पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्देशानुसार की जा रही है। इसी क्रम में रूही तांगुंग को अरुणाचल पश्चिम पीसी (संसदीय निर्वाचन क्षेत्र) से जनता दल का उम्मीदवार बनाया गया है।

केजरीवाल ने तीसरी बार ईडी के सामने पेश होने से किया इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को तीसरी बार दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने से इनकार कर दिया। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता सौरभ भारद्वाज ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ईडी के समन अवैध और राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने नोटिस की टाइमिंग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब लोकसभा चुनाव नजदीक हैं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने से रोकने और उन्हें जेल में डालने के लिए ईडी का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा ईडी से स्पष्टीकरण मांगने के बावजूद कि श्री केजरीवाल को किस हैसियत से बुलाया जा रहा है।

श्रमजीवी विस्फोट कांड के दो दोषियों को मृत्युदंड की सजा

समृद्धि न्यूज

एक पर 10 लाख 70 हजार व दूसरे दोषी पर 10 लाख 20 हजार जुर्माना

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश राय की अदालत ने बुधवार को श्रमजीवी विस्फोट कांड के दो दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही एक पर 10 लाख 70 हजार व दूसरे दोषी पर 10 लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

इस मामले में बात करते हुए सरकारी अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप मौर्य ने बताया कि 28 जुलाई 2005 को जौनपुर के सिंगरामऊ स्थित हरपालगंज हरिहरपुर के पास श्रमजीवी एक्सप्रेस में आतंकियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में 14 लोग मरे गए थे, जबकि 62 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। ट्रेन में बम रखने वाले बांग्लादेशी आतंकी रोनी उर्फ आलमगीर एवं षड्यंत्र करने वाले आतंकी ओबैदुर्रहमान को वर्ष 2016 में अपर सत्र न्यायाधीश बुधिराम यादव की अदालत ने मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी। दोनों ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है, जो विचाराधीन है। बाकी दोषी हिलालुद्दीन व नफीकुल को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई है। हिलाल पर ट्रेन में बम रखने तथा नफीकुल पर विस्फोट कांड में सहयोग का आरोप है। इस ऐतिहासिक फैसले को देखते हुए पूरा न्यायालय छावनी परिसर में तब्दील रहा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स भी तैनात रही। फैसले के बाद दोनों दोषियों को कड़ी सुरक्षा में जेल भेज दिया गया।

ईरान में दो धमाके, 103 लोगों की मौत, 141 घायल

तेहरान। ईरान के केरमन शहर में बुधवार को दो धमाकों में 103 लोग मारे गए। 141 घायल हुए हैं। बीबीसी ने ईरान के सरकारी मीडिया के हवाले से यह खबर दी है। यह धमाके रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के पूर्व जनरल कासिम सुलेमानी के मकबरे पर हुए। यह फिदायीन हमला था। इसकी जांच की जा रही है। बुधवार को कासिम सुलेमानी की मौत की चौथी बरसी थी। सुलेमानी को 2020 में अमेरिका और इजराइल ने बगदाद में एक मिसाइल अटैक में मार गिराया था 3 जनवरी 2020 को सुलेमानी सीरिया विजिट पर गए थे। वहां से चुपचाप राजधानी बगदाद पहुंच गए। अमेरिकी इंटेलिजेंस एजेंसीज को इसकी जानकारी मिल गई। एक कार में जनरल कासिम और दूसरी में शिया सेना के प्रमुख मुहंदिस थे। दोनों की कार एयरपोर्ट से बाहर निकली, वैसे ही अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन ने उस पर मिसाइल दाग दी।

ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट को सार्वजनिक करने वाली मांग पर आज आएगा फैसला

समृद्धि न्यूज

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग वाली याचिका पर बुधवार को जिला जज की अदालत में सुनवाई हुई। वादी पक्ष ने सर्वे रिपोर्ट को अपने अधिवक्ता के मेल पर देने की मांग की थी।

अदालत में एएसआई ने सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक न करने की अपील करते हुए कम से कम चार हफ्ते तक रुकने की अपील की है। एएसआई का कहना है कि लोवर कोर्ट में भी सर्वे की द्वितीय प्रति दाखिल किया जाना है। इसमें कम से कम चार सप्ताह का समय लगेगा। ऐसे में चार सप्ताह तक रिपोर्ट को सार्वजनिक न किया जाए। प्रतिवादी मुस्लिम पक्ष ने भी किसी भी हालत में रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करने की मांग पहले ही की है। अदालत ने इस मामले में सुनवाई टाल दी। अब गुरुवार को आदेश आ सकता है। एएसआई ने 18 दिसंबर को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में हुए वैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट जिला अदालत में सीलबंद लिफाफे में दाखिल की थी। रिपोर्ट दाखिल होते ही वादी हिन्दू पक्ष की महिलाओं की ओर से अदालत से सर्वे रिपोर्ट बिना सील लिफाफे में देने और सार्वजनिक करने की मांग की गई। वादी पक्ष ने कहा था कि सर्वेक्षण की रिपोर्ट उनके अधिवक्ता के ई-मेल पर भेजा जाए। प्रतिवादी पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने आवेदन में कहा है कि यह बहुत गंभीर व संवेदनशील मामला है।



एएसआई ने कोर्ट से चार सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट को सार्वजनिक न करने का किया अनुरोध

महुआ मोइत्रा की याचिका पर लोकसभा महासचिव को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद्द करने के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर बुधवार लोकसभा महासचिव को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि वह अधिकार क्षेत्र और न्यायिक समीक्षा की शक्ति सहित सभी मुद्दों की विचार करेगी। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि कई मुद्दे उठाए गए हैं। वह इस स्तर पर किसी भी मुद्दे पर टिप्पणी नहीं करना चाहेगी। पीठ ने याचिकाकर्ता को फिलहाल किसी भी

तरह की अंतरिम राहत पर विचार करने से इनकार कर दिया। सुश्री मोइत्रा को कथित तौर पर अडानी समूह से संबंधित सवाल पूछने के लिए दुबई के एक व्यवसायी के साथ अपने (संसद की सदस्यता से संबंधित) लॉगिन विवरण साझा करने के मामले में संसद की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने नोटिस जारी करते हुए लोकसभा महासचिव की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करें।

कुंडु को डीजीपी पद से हटाने पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली। शीर्ष न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक पद से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संजय कुंडु को स्थानांतरित करने के उच्च न्यायालय के आदेश पर बुधवार को अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले के तहत राज्य सरकार की ओर से जारी स्थानांतरण आदेश को तब तक लागू नहीं किया जाना चाहिए, जब तक उच्च न्यायालय कुंडु के रिकॉल आवेदन पर फैसला नहीं ले लेता।

11 राज्यों में पहुंचा कोरोना का नया वेरियंट जेएन-1 511 मामलों की पुष्टि

नई दिल्ली। देश में जहां कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी हो रही है वहीं इसके नए वेरियंट जेएन-1 के 511 मामलों की पुष्टि की जा चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस नए वेरियंट जेएन-1 के मामले अबतक 11 राज्यों में मिले हैं। इनमें कर्नाटक से 199, केरल से 148, गोवा से 47, गुजरात से 36, महाराष्ट्र से 32, तमिलनाडु से 26, दिल्ली से 15, राजस्थान से 4, तेलंगाना से 2, ओडिशा से 1 और हरियाणा से 1 मामले की पुष्टि की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जेएन.1 को वैश्विक प्रसार के बाद इसे निगरानी में रखे जाने वाले स्वरूप के रूप में वर्गीकृत किया है लेकिन साथ ही सीमित उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जेएन.1 द्वारा उत्पन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को वैश्विक स्तर पर कम आंका है।

हरदोई के डीएम और एसएसपी पर लगा दो लाख का जुर्माना

समृद्धि न्यूज

चालकों से वसूली पर होमगार्ड को बिना साक्ष्य फंसाने पर कोर्ट सख्त

लखनऊ। ट्रक चालकों से वसूली करते होमगार्ड को बिना साक्ष्य और गवाह के फंसाने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कड़ा रुख अपनाते हुए हरदोई के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पर दो लाख रुपये का जुर्माना ठोंका है। कोर्ट ने आरोपित होमगार्ड को राहत देते हुए उसके खिलाफ दाखिल आरोपपत्र और निचली अदालत से जारी तलबी आदेश को खारिज कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि होमगार्ड के खिलाफ विवेचना में पुलिस ने न किसी पीड़ित को गवाह बनाया और न जिस वीडियो के आधार पर कार्रवाई की गई, उसको बतौर सुबूत रिकार्ड पर लिया। कोर्ट ने कहा कि जुर्माने की रकम दो महीने में पीड़ित याची को दी जाए। यह आदेश जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने याची राम गोपाल गुप्ता की याचिका को मंजूर करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने जारी आदेश में कहा- यह केस इस बात की एक बानगी है कि पुलिस किस तरह किसी को फर्जी केस में फंसाती है। हरदोई जिले के लोनार थाने के सब इंस्पेक्टर ऋषि कपूर के मोबाइल पर किसी ने एक वीडियो भेजा, जिसमें नो एंट्री प्वाइंट पर कोई पुलिस की वर्दी में वहां से गुजरने वाले ट्रक चालकों को डरा-धमका कर उनसे वसूली कर रहा था। पुलिस वहां पहुंची तो पाया कि वीडियो वाला आदमी होमगार्ड था और उक्त वीडियो पुराना था।

संजय सिंह की मुश्किलें और बढ़ीं, कोर्ट ने लगाया एक लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति मामले में जेल में बंद आप नेता संजय सिंह को एक बार फिर कानूनी परेशानी का सामना करना पड़ा जब बुधवार को एक अदालत ने उन्हें मानहानि मामले में एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। लखनऊ की एक अदालत ने सिंह को मानहानि के एक मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को एक लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश दिया। एक आदेश में, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कमला कांत गुप्ता ने आप सांसद को दो महीने के भीतर हर्जाना देने का निर्देश दिया, जिसके बाद राशि पर छह प्रतिशत का ब्याज लगाया जाएगा। अदालत ने सिंह को नोटिस जारी किया था, जो फिलहाल जेल में हैं, लेकिन उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया। इसलिए अदालत ने उनके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही की।

देश के सबसे बड़े जूना अखाड़े ने अयोध्या में जमाया डेरा

समृद्धि न्यूज

संरक्षक हरिगिरी और सभापति प्रेम गिरि ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या। अब तक कुंभ और अर्ध में ही चर्चा में रहने वाले जूना अखाड़ा के संन्यासियों ने भी श्रीरामजन्मभूमि के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दृष्टिगत अयोध्या में डेरा डाल दिया है। जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महासचिव श्रीमहंत हरि गिरि और जूना अखाड़ा के सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि अखाड़ा के संन्यासियों के साथ अयोध्याधाम पहुंच गए हैं।

श्रीमहंत हरि गिरि के नेतृत्व में जूना अखाड़ा के संन्यासियों ने राम लला का दर्शन-पूजन कर हनुमान गढ़ी में हनुमान जी के दर्शन किए। उनके साथ महंत बलवान गिरि, महंत माधुरी गिरि, थानापति महंत आशुतोष गिरि, पीएन द्विवेदी, चंदन, हरिशरण, राहुल, विनायक, अजय पांडेय, मोहन लाल, मुकेश समेत भारी संख्या में संतों और भक्तों ने भी पूजन किया। बता दें कि आद्य शंकराचार्य ने शैव सम्प्रदाय के दशनामी संन्यासियों को संगठित कर सनातन धर्म की रक्षा के लिए सात अखाड़ों का गठन किया था। इनमें श्री पंचदशनामी जूना अखाड़ा सबसे बड़ा है। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जूना अखाड़े की भी गतिविधियां अब अयोध्या में प्रारंभ हो गई हैं।

कामयाबी — भारत ने एक साथ विकसित की तीन एंटी ड्रोन तकनीक

हमारी सीमा में अब नहीं घुस सकेंगे पाकिस्तानी ड्रोन

एजेंसी

नई दिल्ली। पाकिस्तान से सटी सीमा और खासकर जम्मू-कश्मीर व पंजाब में ड्रोन के मार्फत हथियारों और ड्रग्स की तस्करी की समस्या से अगले छह महीने में पूरी तरह निजात मिल जाएगी। भारत ने एक साथ तीन एंटी ड्रोन तकनीक विकसित कर ली है, जिनका ट्रायल अंतिम चरम चरण में है।

पूरी तरह से स्वदेशी ये तकनीक किसी भी तरह के ड्रोन को रोकने में सक्षम हैं। इन तीनों एंटी ड्रोन तकनीक को एक साथ मिलाकर या फिर अलग-अलग पाकिस्तान से सटी पूरी सीमा पर तैनात किया जाएगा। सुरक्षा एजेंसी से

जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि समुद्री और सड़क के रास्ते ड्रग्स और हथियारों की तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगने के बाद पाकिस्तान के ड्रोन के मार्फत बड़ी मात्रा में इसकी तस्करी शुरू कर दी गई थी। ड्रोन के सहारे तस्करी की समस्या को इस बात से समझा जा सकता है कि अकेले साल 2023 पंजाब बॉर्डर बीएसएफ और स्थानीय पुलिस ने लगभग 100 ड्रोन को मार गिराया है और उनसे मार्फत भेजे गए हथियारों और ड्रग की जब्त किया है। बड़े ड्रोनों की पहचान के बाद आईएसआई समर्थित आतंकी व तस्कर छोटे ड्रोन के सहारे तस्करी को अंजाम दे रहे थे, लेकिन अभी तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं था। वैसे सुरक्षा कारणों से एजेंसियां नई तकनीक और उस विकसित करने वाली संस्थाओं के बारे में जानकारी नहीं दे रही हैं। लेकिन एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ट्रायल में तीनों ही तकनीक पूरी तरह से साबित हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ये तकनीक पूरी तरह से स्वदेशी हैं। उन्होंने दावा किया कि अगले छह महीने में इन्हें सीमा पर तैनात कर दिया जाएगा। बाद में जरूरत के मुताबिक इन तकनीक में सुधार कर इन्हें और बेहतर भी बनाया जा सकता है।

लोको पॉयलट होंगे फॉग डिवाइस से लैस

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने कोहरे के दौरान सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए 19,742 जीपीएस आधारित पोर्टेबल फॉग पास डिवाइस उपलब्ध कराए हैं। फॉग पास एक जीपीएस आधारित नेविगेशन डिवाइस है, जो लोको पायलट को घने कोहरे की स्थिति में ट्रेन चलाने में मदद करता है। रेल मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मध्य रेलवे में 560, पूर्वी रेलवे में 1103, पूर्व मध्य रेलवे में 1891, पूर्वी तटीय रेलवे में 375, उत्तर रेलवे में 4491, उत्तर मध्य रेलवे में 1289, पूर्वोत्तर रेलवे में 1762, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में 1101, उत्तर पश्चिम रेलवे में 992, दक्षिण मध्य रेलवे में 1120, दक्षिण पूर्व रेलवे में 2955, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 997, दक्षिण पश्चिम रेलवे में 60 और पश्चिम मध्य रेलवे में 1046 फॉग पास डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। हर साल, सर्दियों के महीनों में कोहरे के दौरान विशेष रूप से देश के उत्तरी हिस्सों में बड़ी संख्या में ट्रेनें प्रभावित होती हैं। सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेल ने कोहरे के मौसम के दौरान 19,742 फॉग पास डिवाइस का बंदोबस्त किया है।

स्टाल लगाकर दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत छंदरौली मजरे गढ़ी गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम प्रधान महेश कुमार वर्मा एवं ग्राम पंचायत अधिकारी प्रफुल्ल पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सुनील सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना किसान सम्मन निधि उज्ज्वला योजना वृद्धा पेंशन योजना सहित विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई है मुख्य अतिथि द्वारा नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन गर्भवती महिलाओं को पोषण किट एवं उज्ज्वला योजना और किसान सम्मन निधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए और ग्राम प्रधान महेश वर्मा को ओडीएफ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। ग्राम प्रधान महेश वर्मा एवं ग्राम पंचायत अधिकारी प्रफुल्ल पटेल

के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय छंदरौली के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि सुनील सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा बूथ अध्यक्ष अमर सिंह वर्मा एवं संजीव शर्मा को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का ग्राम प्रधान महेश वर्मा एवं ग्राम पंचायत अधिकारी प्रफुल्ल पटेल द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल महामंत्री राजेश रावत बाल विकास परियोजना अधिकारी ब्लाक त्रिवेदीगंज आराधना यादव एडियो मनोज मिश्रा प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष शिवसागर सिंह प्रधानाध्यापिका प्रतिमा शुक्ला कृषि विभाग से मोहम्मद शाहिद स्वास्थ्य विभाग से नागेंद्र कुमार एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सीमा कुशवाहा ग्राम रोजगार सेवक संदीप कुमार आंगनबाड़ी संगीता वर्मा सीमा सिंह संगीता कुमारी रीना गुप्ता ज्योति श्रीवास्तव कुमारी लज्जावती के अलावा ग्राम प्रधान हुसैनाबाद पिंटू वर्मा प्रधान मोहम्मदपुर अभय प्रताप सिंह भाजपा मंडल महामंत्री ओबीसी मोर्चा अरविंद वर्मा संजीव सिंह पंकज सिंह मनोज सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अयोध्या धाम का आमंत्रण घर-घर पहुंचाने का कार्य तीसरे दिन भी रहा जारी

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। श्री अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत एवं श्रीराम दर्शन हेतु आए आमंत्रण पत्र को घर-घर पहुंचने का काम आज तीसरे दिन भी जारी रहा। इसी क्रम में हैदरगढ़ नगर के ब्रम्हनान कुरेशी सुभाष वार्ड में घर घर जाकर अक्षत व आमन्त्रण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर सभी से श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को अपने घरों को दीपक और झालरों से सजाकर व अपने आसपास के मंदिरों को सजा कर दीपावली मनाकर भगवान श्रीराम जी का अभिनंदन करने की अपील की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी मंडल उपाध्यक्ष भाजपा विकास पांडे विक्की शिक्षक नेता विवेक गुप्ता प्रथमेश मिश्रा पिंटू करुणेश शुक्ला विजय हिंदुस्तानी राजा राम गुप्ता ननकऊ साहू एसपी पाठक घनश्याम वैश्य सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विहित अन्य अनुसांगिक संगठनों के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

पंखे से लटकता मिला पशु चिकित्सालय के चपरासी का शव

बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। पशु चिकित्सालय सूरतगंज में लंबे समय से तैनात एक चपरासी का शव उसके कमरे में पंखे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिर हाल आत्महत्या का कारण स्पष्ट भी हो सका है।

जानकारी के मुताबिक मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के क़स्बा सूरतगंज में ब्लॉक मुख्यालय के निकट पशु अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी के पद पर तैनात शरद कुमार (40) वर्ष पुत्र जागेश्वर प्रसाद ने बुधवार दोपहर अपने कमरे में लगे पंखे में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफ़ी देर तक वापस न लौटने पर साथी कर्मचारी ने दरवाजा खोला तो दंग रह गया।मृतक का शव फंदे से लटक रहा था। मृतक मूलरूप से शामली जिले के खंदरौली गांव का रहने वाला है। अस्पताल के सामने ही किराये के कमरे में पत्नी शालनी के साथ रहता था।तीन माह पहले दोनो के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद पत्नी अपने मायके में रहने लगी थी। फ़िलहाल पुलिस ने परिजनों को जानकारी देकर शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना देकर शव पीएम के लिए भेज दिया गया था।

अज्ञात कारणों से किशोरी ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के बैरिहा गांव में बुधवार दोपहर एक 15 वर्षीय किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते रस्सी के सहारे पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जब इस घटना की जानकारी हुई तो गांव में हड़कंप मच गया बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिवार के सदस्य मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची हैदरगढ़ पुलिस द्वारा फांसी से लटक रही किशोरी का शव नीचे उतरवाया और आवश्यक जांच पड़ताल के पंचनामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी रामनरेश केवट के पुत्री सुषमा और दो अन्य बेटियों को घर पर छोड़कर काम के लिए बाहर निकल गए मां भी किसी काम से गांव से बाहर गई थी। इसी बीच दोपहर मौका पाकर सुषमा ने गांव के बाहर स्थित एक नीम के पेड़ से लटक कर अपनी जान दे दी। सुषमा की आत्महत्या से पूरा परिवार सदमे में हैं।

मरीज व तीमारदारों के लिए लगे रूम हीटर

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल में शीत लहर को देखते हुए शासन के निर्देश पर मरीज और उनके तीमारदारों के लिए रूम हीटर और रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। जिसे लेकर सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ आईके रामचंदानी ने बुधवार की सुबह वार्ड और रैन बसेरे का निरीक्षण किया और अधीनस्थ कर्मचारी को व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ आईके रामचंदानी ने बताया कि शीत लहर के दृष्टिगत शासन के निर्देश पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को आवश्यकता के अनुरूप सर्दी से बचने के लिए रूम हिटर, कम्बल की व्यवस्था की गई है। वहीं उनके तीमारदारों के लिए भी रैन बसेरे में बिस्तर कम्बल और रूम हीटर की व्यवस्था की गई है। शासन के निर्देश के अनुरूप सभी कर्मचारियों को यह निर्देश दिया गया है कि इन व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाया जाए। किसी भी तरह की लापरवाही ना की जाए। उन्होंने यह भी बताया है की आवश्यकता पढ़ने के अनुरूप व्यवस्थाओं को और बढ़ाने की जरूरत पड़ेगी तो उसके लिए भी तैयारी कर ली गई हैं।

आम के आम गुठलियों के दाम की कहावत चरितार्थ कर रहा सिंचाई विभाग

▸ नहर की सिल्ट सफाई के बाद ठेकेदार ने नहर की पटरियों को भी बेंचा

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

सिंचाई विभाग का एक अजब गजब कारनामा सामने आया है । जल उपभोक्ता समिति, ठेकेदार तथा संबंधित अधिकारियों की मिली भगत के चलते ठेकेदार द्वारा नहर की सफाई से निकली सिल्ट के साथ साथ नहर की पटरी तक खोद ले जाई गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शारदा सहायक खंड 28 के तहत आने वाली सुबेहा रजवहा की सफाई से निकली सिल्ट जल उपभोक्ता समिति

के माध्यम से लगभग 2 महीने पहले बेच डाली गई। नवंबर महीने की शुरुआत में बेची गई सिल्ट की उठान के लिए मिलने वाले 15 दिन की जगह ठेकेदार को एक सप्ताह का समय और दिया गया इस दरमियान मानक के अनुरूप सिल्ट उठाने के साथ-साथ ठेकेदार अधिकारियों की मिली भगत से नहर की पटरी तक खोद कर उठा ले गया। जिसके चलते सुबेहा रजवहा के सुदृढ़ अस्तित्व पर ही सवालिया निशान लगना शुरू हो गया है। । नहरो के व्यवस्थित संचालन के लिए बनाई गई जल उपभोक्ता समिति के अध्यक्ष एवं कांट्रेक्टर के नापाक गठजोड़ ने चंद सिक्कों की खनक के बीच रजवहा के अस्तित्व को मिटाने की भरपूर कोशिश की है ।सिल्ट की नीलामी के नाम पर अतिरिक्त मिट्टी उठाने के चक्कर में नहर पटरी को इतना कमजोर कर दिया गया है कि अभी हाल ही में इस रजवहां में पानी छोड़ने के दौरान दो स्थानों पर नहर कट जाने से किसानों की तमाम फसल पानी और सिल्ट भर जाने से नष्ट हो चुकी है।

खेल प्रतियोगिताएं प्रतिस्पर्धा के साथ भाईचारे और सौहार्द की भावना को बढ़ाती हैं : रामदेव

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इस सत्य को समझकर खेलों को हम महत्त्व देते आए हैं। खेल प्रतियोगिताएँ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ भाईचारे और सौहार्द की भावना के विकास में भी सहायक होती हैं। खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हँसी-खेल नहीं है। उक्त उद्गार ग्राम मोहम्मदपुर के सर्वोदय बाल विद्या मंदिर में राष्ट्रीय युवा खेल दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य रामदेव सिंह ने व्यक्त किये।

श्री सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं

उनके लिए प्राण वायु के समान होती हैं इन प्रतियोगिताओं के द्वारा खिलाड़ियों में सद्भाव एवं मैत्री की भावना भी विकसित होती है। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधक राजेश सिंह संचालक रमेश सिंह प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप सिंह रनबहादुर सिंह सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

पुण्यतिथि पर उमाशंकर को दी श्रद्धांजलि

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे स्वर्गीय उमा शंकर मिश्रा की पुण्यतिथि पर आज उनके आवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रानीपुर गांव में स्थित उनके आवास पर स्वर्गीय मिश्रा को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, ब्लॉक प्रमुख रामदेव, नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ आलोक, पूर्व महिला नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि पंकज, पत्रकार राजू, कृष्ण, राजकुमार, ननकऊ, एच के शुक्ला, शेखर, राहुल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सांस्कृतिक व खेलकूद कार्यक्रम आयोजित

▸ विजई बच्चे मेडल व प्रशस्ति पत्र से हुए पुरस्कृत

निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज।

स्थानीय विकास क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय पचपेड़ी में विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं स्थापना समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल माननीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार अजय मिश्रा टेनी उपस्थित रहे ।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी निघासन फूलचंद उपस्थित रहे। विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार 15 दिसंबर से चल रहे सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विजयी बच्चों को मेडल प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने अपने कर कमलों से प्रदान किया । इस

अवसर पर अपने उद्बोधन मे गृह राज्य मंत्री जी ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा पीएम श्री विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के विकास कार्य संपन्न किए जाने हैं जिनमें आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्य, विद्यालय भवन का सौंदर्यीकरण विद्यालयों को ग्रीन हाउस ग्रीन विद्यालय के रूप में स्थापित करना है।

देश भर के 14500 स्कूलों को पीएम स्कोर फॉर राइजिंग इंडिया के रूप में तैयार किया जाना है तथा 18 लाख से अधिक छात्रों को प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किए जाने की योजना है। 2026 - 27 तक की अवधि में केंद्र प्रायोजित इस योजना में राज्य सरकार से मिलकर छात्रों का व्यक्तित्व विकास भी किया जाना है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी, जिला समन्वयक निर्माण आलोक रंजन मौर्य व अन्य अतिथियों ने राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ओमप्रकाश, को विद्यालय परिवार की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनवारी लाल यादव एआरपी नेहा उपाध्याय, निर्मल चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान मनोज, नागेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

हड़ताल समाप्त होने की सूचना से मिली राहत

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। वाहन हड़ताल समाप्त होने से सूचना मिलने से लोगो ने राहत सांस ली। बताते चले कि हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रक चालको हड़ताल के चलते आपूर्ति चेन भी प्रभावित होती दिखाई दे रही थी। जिसके चलते तमाम जरूरी साग सब्जी व खानपान के सामान की कीमत में इजाफा देखने को मिल रहा था। रसोई गैस के लिए लोग भटकने के साथ पेट्रोल पम्पो पर भी लोगों की भीड़ लग गयी थी। बीती मंगलवार की रात हड़ताल खत्म की सूचना मिलते ही कस्बे सहित ग्रामीण इलाकों मे भी आम जनता ने राहत की सांस ली है। बुधवार को दोपहर मे जैदपुर भारत गैस एजेंसी पर लोड आते ही सभी जनसेवा केंद्र सीएससी सेंटर पर गैस भेजने के साथ एजेंसी पर पहुंचे भारी संख्या मे रसोई गैस खरीदने वालो को आसानी से गैस मिलने लगी जिससे लोगो के चेहरे खिल उठे।

बांसा बड़ागांव मार्ग बना परेशानी का सबब

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

बीते दो वर्षो से गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग से लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाले बांसा बड़ागांव सड़क लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हैं। बजट के अभाव में मुख्यमंत्री द्वारा सड़कों को गड्ढामुक्त करने का आदेश भी बेअसर है।

लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग से कस्बा सफदरगंज बांसा बड़ागांव मसौली को आने-जाने वाले मुख्य मार्ग की दुर्दशा को देख अनायास ही लोग कह सकते हैं कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क। मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण अक्सर लोग गिरकर चोटिल हो जाते है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार समस्या को जानते नहीं हैं। इनका अक्सर इस मार्ग से निकलना होता है, लेकिन देख कर अनदेखा कर देते हैं और खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ता है।

शासन ने गांवों के विकास के लिए सड़कों को दुरुस्त व जहां मार्ग नहीं है वहां मार्ग बनाने का निर्देश दिया है। इससे संबंधित प्रस्ताव दिए जाने पर धनराशि भी उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी की वजह से उक्त मार्ग का निर्माण नहीं हो पा रहा है। कस्बा बांसा निवासी सेवानिवर्त शिक्षक ओमप्रकाश वर्मा ने उक्त जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर अनेकोबार पत्र लिख चुके है लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। बांसा के ही राम मिलन यादव, ब्रजेश मौर्य, नितिन मौर्य, अनिल वर्मा, प्रेम वर्मा सहित तमाम लोगो ने बताया कि वर्षा होने पर गड्ढों में पानी भर जाता है और गहराई पता न होने के चलते दो पहिया वाहन चालक अक्सर गिर जाते हैं। जैदपुर विधानसभा से सपा विधायक गौरव रावत ने कहा कि सरकार कागजों पर तो घोषणा करती है, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं होता है। सड़क कई वर्षों से जर्जर अवस्था में है। अधिकारियों से कहे जाने पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

थारू जनजाति के युवाओं को निःशुल्क स्नातक स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराएगा इग्नू

गोला गोकर्णनाथ खीरी।

थारू जनजाति के युवाओं को शिक्षा के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए इग्नू प्रयासरत है।

इसी प्रयास को मूर्त रूप देते हुए जनवरी 2024 सत्र में थारू जनजाति के युवाओं को निशुल्क स्नातक स्तर की शिक्षा उपलब्ध करने के लिए इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ द्वारा शिक्षा प्रसार अभियान का शुभारंभ पलिया स्थित जानकी देवी खादी ग्राम उद्योग सेवा संस्थान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ कीर्ति विक्रम सिंह सहायक क्षेत्रीय निदेशक इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ द्वारा की गई। डॉक्टर सिंह ने थारू जनजाति के युवाओं

को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य उच्च कोटि की रोजगार परख शिक्षा जनमानस को उपलब्ध कराना है इसीलिए यह परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा जिन्होंने इंटरमीडिएट की परीक्षा पास कर ली है वह इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इग्नू अध्ययन केंद्र-27131 सी.जी.एन पीजी कॉलेज गोला लखीमपुर खीरी उनका अध्ययन केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अरुण कुमार सिंह द्वारा जनवरी माह में एक वृहद अभियान चलाकर थारू जनजाति के युवाओं को इग्नू अध्ययन केंद्र से जोड़ा जाएगा। खादी ग्राम उद्योग संस्था के समन्वयक श्री निखिल सिंह ने इग्नू की इस पहल का स्वागत किया और विश्वविद्यालय को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

वनकर्मी की अवैध वसूली से ग्रामीण परेशान, की शिकायत

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

वन क्षेत्र लुधौरी रेंज मे ग्रामीणों ने बताया कि एक युवक अपने आपको वन कर्मी बताकर जंगल मे आने जाने वालों से जमकर धन उगाही कर रहा है। वहीं विभाग इस युवक को अपना कर्मचारी बताने से इनकार कर रहा है।

ब्लाक बिजुआ क्षेत्र के पकरिया सलिहा,चंदपुरा गांव के किनारे शारदा नदी व दक्षिणी वन प्रभाग के लुधौरी रेंज का खैर व फूस पतौरा का जंगल है। क्षेत्र के लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि चंदपुरा निवासी दीपक राज पुत्र राजराम आये दिन बावर्दी जंगल में गाय, भैंस चराने वालों,जंगल में फूस पतौरा काटने वाले लोगों को कार्यवाही के नाम पर डरा धमकाकर प्रति डनलप व प्रति ट्राली के रूप में हजारों रुपये की अवैध वसूली करता है।

मामले की जांच कर होगी कार्रवाई

उक्त मामले के संबंध में लुधौरी रेंज के वन निरीक्षक आरएस पांडेय ने बताया की बहुत पहले दीपक हम लोगों के पास वाचर के रूप में कार्य करता था। इसकी गलत गतिविधियों के चलते कई महीने पहले इसे हटाया जा चुका है। मामले की जांच कर इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मैलानी-बहराइच तक बड़ी लाइन की मांग का सौंपा ज्ञापन

तिकुनिया-खीरी, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का स्थानीय प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय गृह राज्यमंत्री से मिला और मैलानी-बहराइच तक बड़ी लाइन की मांग का ज्ञापन सौंपा।

व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष दिनेश कुमार जैन ने बताया कि मैलानी से बहराइच तक आमान परिवर्तन का कार्य रुके होने से क्षेत्र का विकास नहीं हो पा रहा है। व्यापार प्रभावित है। बड़ी लाइन होने से क्षेत्र देश की राजधानी सहित विभिन्न राज्यों से जुड़ेगा और यहां के क्षेत्रवासी रेल यातायात के जरिए सुलभ यात्रा कर सकेंगे। लेकिन यह हमारे क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि मैलानी-बहराइच के बीच अभी छोटी लाइन का ही सहारा है। जबकि पूरे

देश में जहां भी छोटी रेल लाइन है उसे बड़ी लाइन किए जाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी को लेकर व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र से मुलाकात कर मैलानी से बहराइच तक आमान परिवर्तन कराने, जब तक बड़ी लाइन का काम शुरू न हो तब तक ट्रेनों की संख्या बढ़ाने तथा ट्रेनों की टाइमिंग में सुधार करवाने का आग्रह किया है। गृह राज्यमंत्री ने समाधान कराने का पूरा आश्वासन दिया है। गृह राज्य मंत्री से मुलाकात से पहले एक प्रतिष्ठान पर तमाम व्यापारी एकत्रित हुए। जहां पर आपस में विचार विमर्श करने के बाद अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल गृह राज्य मंत्री से मिलने पहुंचा। इस अवसर पर व्यापार मंडल महामंत्री मुदित गुप्ता, अशोक सिंघल, मनोज जिंदल, अजय गर्ग टीटू, नरेंद्र सिंह, विनोद जिंदल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

राहत सामग्री पाकर गरीब परिवारों के चेहरे पर दिखी भावुकता भरी खुशी

▸ रेडक्रॉस ने अन्य समाज सेवियों के सहयोग से आयोजित किया राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी लखीमपुर खीरी द्वारा स्वर्गीय चंद्रकला संस्कृत विद्यापीठ, देवकली तीर्थ लखीमपुर में गुरुकुल प्रथा से शिक्षा ले रहे लगभग 100 शिक्षार्थियों एवं स्टाफ को त्रिपाल, हाइजीन किट, खाद्य सामग्री तथा प्रति

शिक्षार्थी 50/50 कैल्शियम डी 3 टेबलेट भेट की गई।

इसी मौके पर रेडक्रॉस संस्था की अगुवाई में डा रवींद्र शर्मा के नेतृत्व में सुमन त्यागी, मीनाक्षी अग्रवाल व कुछ अन्य समाज सेवियों के सहयोग से रेडक्रॉस द्वारा भयंकर शीतलहर को देखते हुए विद्यापीठ के आस पास रहने वाले अति निर्धन परिवार के लगभग 100 लोगों को सैकड़ों की संख्या में गर्म कपड़े वितरित किए। ऐसी कड़ाके की सर्दी में गर्म कपड़े पाकर लोगों के चेहरे पर भावुकता भरी मुस्कान देखने को मिली।

सुमन त्यागी ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से वार्ता करते हुए कहां की हम सबको ऐसी मुहिम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुड़ना चाहिए जिससे इन गरीब परिवार के भाई बंधुओं के चेहरे पर मुश्कान लाई जा सके।

इसीके साथ रेड क्रास सोसायटी ने उन सभी गरीब परिवार के लोगों को सोसायटी की ओर से साबुन, तेल, मंजन, ब्रश, किशोरियों को सेनेटरी पैड व उपस्थिति सभी किशोरियों, महिलाओं व बुजुर्गों को 50-50 कैल्शियम डी3 टैबलेट वितरित की। खीरी जिले के रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डा रविंद्र शर्मा ने उपस्थिति लोगों को कोविड के संभावित खतरे को देखते कोविड से बचाव हेतु जानकारी दी। इस मौके पर सुमन त्यागी, मीनाक्षी अग्रवाल, आचार्य श्रीव्रत, आरती श्रीवास्तव सचिव रेडक्रॉस खीरी, विजय यादव (कोषाध्यक्ष), आचार्य प्रमोद दीक्षित, अंशुमान श्रीवास्तव, विभा सक्सेना, आदि अधिवक्ता अनुराग सक्सेना, सुनीता सिंह आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी एसडीएम ने किया मंडी समितियों का निरीक्षण

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जनपद खीरी की सभी मंडी समितियो में फलों, सब्जियों की आपूर्ति सुनिश्चित कराने और बाजार भाव पर निगरानी रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर बुधवार की अल सुबह सभी उप जिलाधिकारियो ने पुलिस क्षेत्राधिकारियों संग अपने-अपने तहसील क्षेत्र की मंडी समितियां का औचक निरीक्षण कर फल-सब्जियों के दामों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने फल एवं सब्जी के थोक और खुदरा विक्रेताओं से संवाद किया।

बुधवार की अल सुबह एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ सुबोध जायसवाल संग कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंची, जहां उन्होंने मंडी सचिव के साथ फल एवं सब्जी मंडी का भ्रमण कर फल एवं सब्जी विक्रेताओं से संवाद किया। इस दौरान एसडीएम ने मंडी सचिव को जरूरी दिशा निर्देश दिए। गोलागोकर्णनाथ की मंडी समिति में एसडीएम

रत्नाकर मिश्रा ने पहुंचकर विक्रेताओं से संवाद किया और मंडी समिति के सचिव को जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम डॉ अवनीश कुमार ने मंडी समिति मोहम्मदी, एसडीएम अश्विनी सिंह ने तहसील निघासन की मंडी समिति तिकुनिया, एसडीएम विनीत उपाध्याय ने मंडी समिति मैगलगंज सहित अन्य एसडीएम ने भी अपने क्षेत्र में पड़ने वाली मंडी समितियां का औचक निरीक्षण कर फल-सब्जियों के दामों का जायजा लिया। डीएम के निर्देश पर जिले की मंडी सचिवों द्वारा मंडियों की सतत निगरानी की जा रही है।

सावित्री बाई फुले ने प्रशस्त की महिला शिक्षा की राह

जद यू कार्यालय में मनाई गई सावित्री बाई फुले की जयंती

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फूले की आज जद यू कार्यालय में 194 वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता सिंह ने की।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए ममता सिंह ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने सती प्रथा एवं स्त्री शिक्षा विरोधी रूढ़िवादी विचारधारा के खिलाफ अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के सहयोग से कड़े संघर्ष के बीच हर जाति धर्म की महिलाओं के लिए देश में पहला स्कूल खोलकर महिलाओं को शिक्षित करने का मार्ग प्रशस्त किया। महिला शिक्षा का मार्ग सच में कोई अगर प्रशस्त किया तो वो सावित्री बाई फुले ही थीं। इस अवसर पर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता दिवाकर सिंह ने बताया कि सावित्री बाई फुले के संघर्षो की वजह से आज देश की महिलाएं आधुनिक और उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने परिवार और समाज की उन्नति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

28 लाख पांच हजार से ज्यादा लाभार्थियों को बांटे गए आयुष्मान कार्ड

केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में प्राप्त की जानकारी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। केंद्रीय योजनाओं के प्रचार -प्रसार और उनको जनजन तक पहुँचाने के लिए देश भर में चल रहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्राज्जीय मीडिया कवरेज हेतु जम्मू और कश्मीर से आये एक पत्रकार दल ने आज लखनऊ के राजाजीपुरम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों का अवलोकन किया और लाभार्थियों से उनकी कहानी उनकी जुबानी सुनी।इससे पूर्व पत्रकार दल ने प्रदेश के अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी से मुलाकात कर इस यात्रा कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की।

विभिन्न मीडिया संस्थानों के 13 सदस्यीय दल का नेतृत्व पत्र सूचना कार्यालय पीआईबी लखनऊ के द्वारा किया जा रहा है। देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 604 प्रचार वाहन चल रहे हैं और 39 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किये। इन कार्यक्रमों और यहां लगाए गए शिविरों में अबतक 2 करोड़ 70 लाख से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया है। नगरीय क्षेत्रों मे 1166 स्थानों पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम हुए है जिनमें औसतन 1500 लोग शरीक हो रहे है जिनकी संख्या 16 लाख से अधिक हो गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों के दौरान लगाए गये कैम्प के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अबतक 24 लाख आयुष्मान कॉर्ड बनाये गये है।

एक परिवार में कई योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों की संख्या विकसित भारत यात्रा के कार्यक्रमों के माध्यम से बढ़ी है। आज देश में करोड़ों परिवार एक साथ कई सरकारी के जरिए एक सम्मानजनक जीवनयापन के लिए जरूरी सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर पा रहा है। प्रदेश में संकल्प यात्रा के दौरान संचालित शिविरों में 1 लाख 74 हजार से अधिक नये लाभार्थी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जुड़े 28 लाख 5 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये गये।देश व्यापी इस यात्रा के 15 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खूंटी, झारखण्ड से हरी झंडी दिखाने के बाद अब तक प्रदेश में ग्रामीण विभिन्न सरकारी योजनाओं से 43 लाख 41 हजार से अधिक लोगों को लाभ मिला है और लाभार्थियों में से 2 लाख 47 हजार से अधिक लोगों ने अपनी सफलता की कहानियाँ श्मेरी कहानी, मेरी जुवानीश् दर्ज कराई है। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि बायोमेट्रिक के माध्यम से वन नेशन वन राशन कार्ड से लोगों को काफी फायदा हुआ है और जीवन जीने की राह आसान हुयी है। सरकार ने कृषि के क्षेत्र में किसानो को काफी सुविधाएं दीं है और योजनाये बनाई हैं जिसके चलते किसान समृद्ध हुए हैं।

बारिश ने गिराया पारा, ठंड से ठिठुरे लोग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और आसपास के इलाकों में घने कोहरे के साथ झमाझम बारिश ने लोगो को कंपा दिया। बुधवार की सुबह करीब 10 बजे झमाझम बारिश शुरू हुई। शहीद पथ, आशियाना, राजाजीपुरम, हजरतगंज, गोमतीनगर सहित कई इलाकों में बारिश की फुहार देखने को मिली। इतना ही नहीं पड़ोसी जिले बाराबंकी में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला।सुबह की बारिश ने सबको ठिठुरने को मजबूर किया। इसके अलावा कई अन्य पड़ोसी जिलों में भी ऐसी से खबर है। सुबह तड़के ही कंपा देने वाली ठंडी की वजह से लोगो को रजाई में दुबके रहने पर मजबूर कर दिया। तो वहीं बारिश की फुहार ने पारे को और गिरा दिया है। सुबह कहीं कोहरा तो कहीं बादल छाए थे। ठंड और शीतलहर में लोग घरों में दुबके हैं। राजधानी में बादल गरज गरज कर हुई बारिश ने ठिठुरन को और बढ़ा दिया है। मौसम विभाग के अनुसार 3 दिसंबर से 7 दिसंबर तक अलग- अलग जगहों पर बारिश होने के आसार हैं। आज बुधवार को पश्चिमी और पूर्वी यूपी में एक दो स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछार पड़ सकती है।

खबरें एक नजर में

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, शीतलहर की आशंका

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्रदेश में गलन और कोहरे का सितम जारी है, इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग बताया बुधवार को अधिकतर जगह बारिश हुई। दक्षिण उत्तर प्रदेश के कुछ इलाके दो-तीन दिन तक हल्की बारिश से प्रभावित रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में बरसात के आसार तो दिखाई दे रहे थे, पर अचानक से विकसित हुए सिस्टम ने लखनऊ समेत आसपास बरसात करा दी। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा और राज्य के एक या दो हिस्सों में घना से लेकर बहुत घना कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है। लखनऊ में मौसम कार्यालय ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर और राज्य के पश्चिमी भाग में एक या दो स्थानों पर शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, अयोध्या, लखनऊ, आगरा और मेरठ मंडलों सहित अन्य मंडलों में दिन का तापमान सामान्य सीमा से काफी नीचे रहा। शाहजहांपुर में 5.2 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया, जबकि बांदा में 22.6 डिग्री सेल्सियस के साथ अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

पांच को शौर्य व संकल्प दिवस मनाएंगे माध्यमिक शिक्षक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश के विद्यालयों में 5 जनवरी को शौर्य एवं संकल्प दिवस मनाएगा। इस दिन प्रदेश के सभी विद्यालयों के अंतिम वादन में बैठक आयोजित कर संगठन के के संघर्ष व परिलब्धियों की चर्चा करेंगे। उसके उपरांत सरकार के कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में संघर्ष करने का संकल्प लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह व महामंत्री राम बाबू शास्त्री ने बताया कि 5 जनवरी 1978 को संघर्षो का इतिहास रचा था। उस दिन की याद दिलाते हुए वर्तमान परिस्थिति में सरकार के द्वारा लिये गये निर्णयों जैसे प्रदेश में 1989 के बाद से अद्यतन कार्यरत शिक्षकों को 9 नवम्बर 2023 के आदेश से कार्य से वंचित करने, केन्द्रीय सरकार का बहाना लेकर 30 मार्च 2005 के पूर्व के विज्ञापनो द्वारा नियुक्त शिक्षकों को ओपीएस में ना लेना, प्रदेश के शिक्षकों कर्मचारियों को सामान्य भविष्य निधि योजना ओपीएस लागू न करना, शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने में भेदभाव करना आदि की चर्चा की जाएगी।

नक्खास चावल वली गली में शार्ट सर्किट से लगी आग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। नक्खास चौकी के पास दुकान नंबर 183 न्यू मार्केट चावल वाली गली में मो. शेख खालिद की शीरमाल और कबाब की दुकान है। चौक फायर स्टेशन इंचार्ज पुष्पेंद्र सिंह यादव के मुताबिक बुधवार तड़के दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। इस पर फायर स्टेशन चौक से तीन गाड़ियों से गए दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। दुकान शटर उठाने पर देखा गया कि अंदर रखा सामान जल रहा था। दुकान बंद होने और ज्वलनशील पदार्थ रखा होने से शुरू में आग बुझाने में थोड़ी दिक्कत आई, लेकिन करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। प्रारंभिक जांच में आग शार्ट सर्किट से लगने की बात सामने आई है। आग से दुकान में नुकसान का आकलन अभी नहीं हुआ है।

विश्वविद्यालय के तीन कैडेट्स सैन्य अधिकारी में चयनित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ विश्वविद्यालय के एनसीसी 64 यूपी बटालियन के कैडेट्स शिवम पाण्डेय, आशोक कुमार यादव, अभिजीत पाण्डेय, और खुशी कुमारी, ने भारतीय सेना में सैन्य अधिकारी के रूप में चयनित हुए। जिसमें शिवम पाण्डेय ने इंडियन मिलिट्री अकादमी, देहरादून में चयन प्राप्त किया है। इन्होंने बी.एससी लखनऊ विश्वविद्यालय से किया है। जबकि अशोक कुमार यादव और अभिजीत पाण्डेय ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई में चयनित हुए हैं। जो क्रमशः बी.एससी तथा बीए लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र रहें हैं। इसके साथ ही, खुशी कुमारी ने नेशनल डिफेंस अकादमी पुणे में चयन हुआ है। जो बी.ए प्रथम वर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा हैं। यह सभी कैडेट्स 64 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स हैं जिन्होंने एनसीसी में रहते हुए कई महत्वपूर्ण कैंप्स किये हैं।

वन विभाग के फ्रन्टलाइन स्टाफ को रेस्क्यू किट का वितरण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। अवध वन प्रभाग, लखनऊ के कुकरैल रेंज अंतर्गत मौलश्री प्रेक्षागृह में दिनांक बुधवार को प्रातः 11 बजे वन विभाग के फ्रन्टलाइन स्टाफ को रेस्क्यू किट का वितरण अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक / मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त वन कार्मिकों को वन्य जीवों को सुरक्षित रेस्क्यू किये जाने हेतु प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। रेस्क्यू किट के अंतर्गत कुल 122 कार्मिकों को जैकेट, टार्च, कैमरा ट्रैप, स्नैक कैचिंग स्टिक आदि का वितरण किया गया । वन संरक्षक/प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ डा0 रवि कुमार सिंह द्वारा रेंज कार्मिकों को सुरक्षित तरीके से वन्य जीवों को रेस्क्यू करने व प्राकृतवास में अवमुक्त किये जाने के संबंध में प्रकाश में डाला गया। इस कार्यक्रम में भारतीय वन सेवा 2021 बैच के अधिकारी क्रमशः शिवशंकर, तपस, जयन्त, स्वाति व वन्दना सहित उप प्रभागीय वनाधिकारी, लखनऊ हरी लाल व उप प्रभागीय वनाधिकारी, मोहनलालगंज चन्दन चौधरी तथा अवध वन प्रभाग, लखनऊ के समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारी, उपस्थित रहे।

सीएम योगी एमएसएमई के 51 हजार करोड़ मेगा ऋण वितरण समारोह में हुए शामिल

अवधपुरी के विकास के लिए आठ मॉडल तय

समृद्धि न्यूज

उद्योग जगत 6 हजार करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने को तैयार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन, लखनऊ में आयोजित एमएसएमई के 51 हजार करोड़ मेगा ऋण वितरण समारोह में शामिल हुए, इस मौके पर उन्होंने प्लेज पार्कों के निर्माण की पहली किस्त वितरित की और कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या में आठ परिकल्पनाओं के आधार पर निरंतर कार्य हो रहे हैं, जिससे अवधपुरी को वैश्विक नगरी बनाने का सपना साकार होने जा रहा है। अयोध्या में 30.5 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं में से अधिकांश 2024 में पूरी हो रही हैं। वहीं सीएम योगी के प्रयासों से यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान अयोध्या के लिए प्राप्त हुए 6 हजार करोड़ से अधिक के निवेश भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए धरातल पर उतरने को बिल्कुल तैयार हैं।

2017 में उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डबल इंजन की ताकत से अयोध्या के चहुंमुखी विकास का खाका खींचा और इसे लेकर मिशन मोड में कार्य शुरू किया गया। एक के बाद एक लगभग 30.5 हजार करोड़ की 178 परियोजनाओं के जरिए अयोध्या को विश्वस्तरीय नगरी के रूप में विकसित करने का संकल्प अब सिद्धि तक पहुंचने जा रहा है। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले दिन से ही अवधपुरी के वैभव को पुनर्प्रतिष्ठापित करने के लिए आठ परिकल्पनाओं को ही मॉडल मानकर कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दे दिये थे। अयोध्या की पुनर्प्रतिष्ठापित करने के आठ मॉडल में अयोध्या को सक्षम, आधुनिक, सुगम्य, सुरम्य, भावात्मक, स्वच्छ और आयुष्मान नगर के रूप में स्थापित करने का संकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया है।

इसके साथ ही एनएच 27 में लखनऊ अयोध्या खंड का चौड़ीकरण और सुदृढ़िकरण का कार्य, ग्रीन फील्ड टाउनशिप परियोजना, वशिष्ठ कुंज आवासीय परियोजना, नगर निगम और विकास प्राधिकरण कार्यालय भवन, सीपेट केंद्र, गुप्तार घाट और राजघाट के बीच नये पक्के घाटों का निर्माण और पुराने घाटों का जीर्णोद्धार, राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा, राम की पैड़ी से राजघाट तक और राजघाट से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़िकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य भी योगी सरकार द्वारा तेज गति से संपन्न कराया जा रहा है।

इस साल पूरी होंगी ये बड़ी परियोजनाएं

जनवरी में जहां एक तरफ भव्य श्रीराम मंदिर का उद्घाटन होगा वहीं 394 करोड़ से 4 लेन अयोध्या अकबरपुर बसखारी मार्ग, एनएच 27 से रामपथ तक रेलवे समपार, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज, दर्शन नगर के पास रेलवे ओवर ब्रिज, अमानीगंज में मल्टी लेवल पार्किंग, कलेक्ट्रेट के पास स्मार्ट वाहन पार्किंग, पंचकोसी और चौदहकोसी मार्ग पर इंटरप्रिटेशन वॉल का निर्माण, परिक्रमा मार्ग पर 25 से ज्यादा पयर्टन स्थलों और कुंडों का विकास, डेकोरेटिव पोल और हेरिटेज लाइटों की स्थापना का कार्य, कौशल्या सदन का निर्माण, मुक्ति वैकुंठ धाम के विकास का कार्य भी पूरा हो जाएगा। वहीं फरवरी में अयोध्या के 7 वार्डों में 24 घंटे जलापूर्ति, सूर्यकुंड के पास आरओबी, मार्च में अयोध्या अकबरपुर मार्ग पर फतेहगंज आरओबी, अयोध्या बिल्हौरघाट 4 लेन सड़क, गुप्तार घाट का सौंदर्यीकरण, नया घाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास, अयोध्या सोलर सिटी का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अप्रैल में अवध बस स्टैंड के पास आश्रय गृह का निर्माण, नाका बाइपास के पास कल्याण भवन का निर्माण, चार ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। जून में अयोध्या सीवरेज योजना का पार्ट वन पूरा कर लिया जाएगा। जुलाई में 473 करोड़ से पंचकोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। सितंबर में डॉ भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर को पूरा कर लिया जाएगा। अक्टूबर में 1140 करोड़ से चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का विस्तारीकरण पूरा कर लिया जाएगा। नवंबर-दिसंबर तक अयोध्या में जोनल अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर का निर्माण, अयोध्या नगर निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण के विशाल भवनों का निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा।

कोरोना से बुजुर्ग महिला की मौत के बाद विभाग की टीम ने की परिजनों की जांच

लखनऊ। निगोहां की एक बुजुर्ग महिला की कोरोना संक्रमण की चपेट में आकर बीते मगंलवार की सुबह पीजीआई अस्पताल में हुयी मौत की जानकारी मिलने के बाद सीएमओ ने मोहनलालगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ अशोक कुमार को टीम के साथ मृतक बुजुर्ग महिला के घर जाकर परिजनो की जांच करने के निर्देश दिये। बुधवार को सीएचसी अधीक्षक डा0 अशोक कुमार ने स्वास्थकर्मियों की टीम के साथ निगोहां गांव स्थित मृतक बुजुर्ग महिला के घर पहुंचकर परिजनो का एंटीजन कार्ड टेस्ट किया तो सभी की रिपोट नार्मल आयी। वही बुजुर्ग महिला की कोरोना संक्रमण की चपेट में आकार मौत होने की जानकारी ग्रामीणो व रिश्तेदारो को हुई तो दहशत में आ गये।क्यो की पीजीआई अस्पताल में बुजुर्ग महिला की मौत के बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे थे तो सैकड़ो लोग शव यात्रा व अंतिम संस्कार में शामिल हुये थे। सीएचसी अधीक्षक डॉ अशोक कुमार ने बताया निगोहां गांव में रहने वाला एक परिवार केरल के तीर्थस्थलो के दर्शन करने गया था, जहां बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ने पर आनन-फानन 29 दिसम्बर को फ्लाइट से बुजुर्ग महिला को लेकर परिवार लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा था।

कमिश्नर ने गरीबों का जाना हाल, वितरित किए कंबल

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। लगातार कड़ाके की ठंड पड़ने के दृष्टिगत मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब पहुँची दुबग्गा चौराहा, वहाँ पर रह रहे गरीबों, बेसहारों, बेघरों का हाल चाल जाना साथ ही उन्होंने वहाँ पर उपस्थित गरीबों, बेसहारों को कम्बल वितरण किया। कंबल वितरण के दौरान मंडलायुक्त ने झुग्गी झोपड़ियां में रह रहे बच्चों को दुलारा। उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर अलाव लगातार जलते रहना चाहिए।

मंडलायुक्त द्वारा बताया गया कि गरीबों, बेसहारों, बेघरों व मजबूरी में खुले में रात बिताने के लिए लाचार व्यक्तियों को ठंड एवं शीतलहर से बचने के लिए राजधानी, में विभिन्न स्थानों पर स्थाई/अस्थाई रैन बसेरा संचालित किये गये है। सभी रैन बसेरों में, बस व रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, बाजारों, मुख्य स्थानों के आसपास अलाव जलाने की व्यवस्था भी कराई गयी है। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ध्यान रहे कि कोई भी खुले में न सोए। अधिकारी रात्रि में मुख्य स्थानो का निरीक्षण करें। रैन बसेरों और अलाव जलाने की व्यवस्था का बेहतर संचालन किया जाये जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना न करने पड़े। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर भी जरूरी हो वहाँ रैन बसेरा जरूर संचालित कराए, खासतौर से रेलवे व बस स्टेशनों, अस्पतालों, लेबर अड्डों, बाजारों के आसपास रैन बसेरों की व्यवस्था हो रैन बसेरों में ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े, कबल, गर्म पानी, अलाव जलाने की व्यवस्था हो।

पीएम-सीएम 16 हजार करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

प्रयागराज/लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनवरी माह में संगम नगरी आ सकते हैं। मुख्य कार्यक्रम श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क बनकर तैयार है, जिसका लोकार्पण प्रधानमंत्री के हाथों कराने की योजना है। उनके आगमन को लेकर तैयारियां शुरू करा दी गई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री के साथ कई केंद्रीय मंत्री भी आएंगे। प्रधानमंत्री यहां लगभग 16 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें रिंग रोड, प्रयागराज-रायबरेली फोरलेन हाईवे, 12 आरओबी, फाफामऊ सिक्सलेन ब्रिज, रोपवे भी शामिल है। इसके अतिरिक्त मोदी डिजिटल कुम्भ म्यूजियम, गंगा और यमुना व टोंस नदी पर नया पुल, एसटीपी, पक्के स्नान घाट, रिवर फ्रंट टाइप रोड्स, अक्षयवट कॉरिडोर व हनुमान मंदिर कारिडोर, लाक्षागृह पर्यटन केंद्र, ईको टूरिज्म सेंटर, हेलीपोर्ट, एयरपोर्ट विस्तार प्रोजेक्ट, रेलवे की कई बड़ी परियोजनाएं भी शामिल है। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी भी शुरू करा दी गई है, लेकिन कार्यक्रम के बारे में कोई प्रशासनिक अफसर बोलने को तैयार नहीं है।

खुदाई से भर भरा कर गिरी दो निर्माणाधीन बिल्डिंगें

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। एलडीए की भरी जनता अदालत में बुजुर्ग की पिटाई करने वाले तमाचे बाज ओएसडी डीके सिंह के प्रवर्तन जोन छह में हजरतगंज के वजीर हसन रोड के अलाया अपार्टमेंट जैसी घटना की पुनरावृत्ति उस वक्त होने से टल गई, जब अवैध रूप से बेसमेंट की खुदाई के चलते नाका थाना क्षेत्र स्थित आर्यानगर में बुधवार दोपहर करीब एक बजे दो निर्माणाधीन बिल्डिगें भर भरा कर गिर गई। हालांकि, इन बिल्डिंग के तिरछा होने का सिलसिला बुधवार सुबह 10:30 बजे से शुरु हो गया था। इससे पुलिस ने पहुंच करके आसपास के घरों को खाली करा रस्सी बांध करके आवागमन को बंद कर दिया था, जिससे जन हानि नहीं हुई।

पुलिस ने दो परिवारों के नौ सदस्यों को तो बचा लिया, लेकिन उनके जीवन भर की गृहस्थी मलबे में दब गई। साथ ही, पड़ोसी शिवा अरोडा की बाउंडी एवं वहां पर खड़ी स्कूटी टूट गई। इस घटना के जिम्मेदार बिल्डिंग का निर्माण करने वाले ठेकेदार दीपू को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक आर्यानगर संकट मोचन मंदिर के पास भवन संख्या 288/203 निवास करने वाले कृष्ण कुमार द्विवेदी एवं अनिल कुमार द्विवेदी के पैतृक आवास थे। यह दोनों आवास प्रदेश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रानिक्स मार्केट नाका की परिधि में हैं। केके द्विवेदी का तीन मंजिल का मकान बन चुका था, जब कि उनके भाई अनिल कुमार द्विवेदी का निर्माणाधीन था। केके द्विवेदी के द्वारा तीन मंजिल मकान के नीचे बेसमेंट की खुदाई कराई जा रहा थी। बेसमेंट की यह खुदाई बाजार बंद होने पर शुरु होकर पूरी रात चलती थी। मानक के विपरीत बेसमेंट की खुदाई किए जाने के कारण बुधवार सुबह 10:30 दो बिल्डिंगों में दरार आयी और आस पास के मकान हिलने लगे। इससे लोग घरों से बाहर निकल आए तो देखा कि बिल्डिंग तिरछा हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसने तत्काल पहुंच बचाव कार्य शुरु कर दिया। बिल्डिंग गिरने की आशंका के चलते आसपास के घरों में अफरा-तफरी मची तो महिलाओं और बच्चों की रुलाई कोहराम मच गया। पड़ोसियों ने बच्चों को रिश्तेदारों के घर भेज दिया। पुलिस बचाव में जुटी थी कि अचानक बिल्डिंग गिर गई तो मौके पर नगर आयुक्त डॉ. इंद्रजीत सिंह, एलडीए अपसर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा जिम्मेदारों से संग पहुंचे। इन अफसरों को अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण के चलते लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। अफसर जांच करके चले गए तो शाम चार बजे से गिरी बिल्डिंग का मलबा हटने का सिलसिला शुरु हुआ। वकील केके द्विवेदी की किराएदार विमला ने लोगों को बताया कि इस बिल्डिंग में उसका परिवार लगभग 60 साल से रह रहा था। बिल्डिंग गिरने से उनकी जान तो बच गई, मगर जीवन भर की गृहस्थी उसमें दबी है।

कार्यक्रम | **डिप्टी सीएम पहुंचे संतकबीरनगर, विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में की शिरकत**

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर घर में खुशहाली

विभागों के स्टॉलों का किया अवलोकन लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

समृद्धि न्यूज

संतकबीरनगर/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत सन्तकबीरनगर के मेंहदावल तहसील अन्तर्गत विकास खण्ड मेंहदावल के ग्रामसभा करमैनी में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि तथा राशन कार्ड राष्ट्रीय खाद्य गारण्टी योजना के लाभार्थियो को प्रमाण पत्र वितरित किया।

उप मुख्यमंत्री ने बाल विकास पुष्टाहार, उद्यान, कृषि, सहकारिता, पशुपालन, ग्राम्य विकास, मत्स्य, उद्यान, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, खाद्य रसद, राजस्वज बैकिंग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा 05 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। उन्होंने महिलाओं एवं उनके बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के संदर्भ में जानकारी भी ली।

उप मुख्यमंत्री द्वारा ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत आगमन पर ''हमारा संकल्प विकसित भारत'' के निमित्त भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता से उपर उठने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने तथा भारत की एकता को सुदृढ़ रखते हुए देश की रक्षा करने वालो का सम्मान करने तथा एक अच्छे नागरिक के रूप में अपना कर्तव्य निभाने से सम्बंधित शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के उद्देश्यों एवं मूल भावना से सम्बंधित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित लाभार्थियों की प्रतिक्रिया आदि से सम्बंधित संक्षिप्त वीडियो का प्रस्तुतीकरण किया गया।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उपस्थित विशाल जनसमूह का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पंचप्रण के संकल्प को व्यवहारिक धरातल पर उतारने के लिए ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का शुभारम्भ किया गया है। जिसका उद्देश्य पूरे देश के अन्दर केन्द्र राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना, किसी भी योजना से वंचित रह गये पात्र महिला पुरूष लाभार्थियों को आच्छादित करना तथा योजनाओं के लाभ से आच्छादित हो चुके लाभार्थियों द्वारा उनके सफलता की कहानी उन्ही की जुबानी शेयर किया जाना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' जो विगत 15 नवम्बर को प्रधानमंत्री द्वारा महानायक जनजाति विरसा मुण्डा के पावन जयन्ती के अवसर पर शुभारम्भ किया गया था, यह 26 जनवरी 2024 तक निरन्तर जारी रहेगी। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प लेकर बिना किसी भेदभाव के समाज के हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाना है।

निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई जाए आरक्षी भर्ती परीक्षा : मुख्य सचिव

मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 60 हजार से अधिक आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर एक साथ भर्ती होना ऐतिहासिक है।

भर्ती परीक्षा आगामी माह फरवरी में प्रस्तावित है। इस परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भाग लेंगे। पूर्व परीक्षाओं की भांति भर्ती प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराया जाये।

इसके आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित करा ली जायें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में दागी परीक्षा केन्द्रों का चयन न किया जाये। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा मानक निर्धारित करते हुये परीक्षा केन्द्रों की सूची सभी जनपदों को प्रेषित की गई। सभी जनपदों द्वारा परीक्षा केन्द्रों की मानकों के अनुरूप ग्रेडिंग कर सूची प्रत्येक दशा में 07 जनवरी, 2023 को बोर्ड को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। इसके लिये सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को मुख्य नोडल अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस उपायुक्त अथवा अपर पुलिस अधीक्षक को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

नाले व तालाबों का अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जिले में इन दिनों नदी, तालाबों और खाली पड़ी सरकारी, निजी जमीनों पर भू माफिया की नजर है। वे तालाबों और नालो को भरकर धड़ल्ले से बेच रहे हैं। अगर अतिक्रमण कर तालाबों को बेचने से नहीं रोका गया तो बहुत जल्द उसका अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा करीब दो दशक पहले जिले में काफी संख्या में तालाब थे जिसकी वजह से भू जल स्तर भी ऊंचा रहता था।लेकिन जैसे जैसे आबादी बढ़ती गई शहरी क्षेत्रों में आवासीय भूमी की कमी होती गई। तब भू माफिया और दलालों की नजर तालाब नाले और नजूल सरकारी जमीन पर गड़ गई पहले तालाब के किनारे लोग बसते गए और फिर धीरे धीरे कूड़े-कचरों से उसे भरने का काम शुरू हो गया इस काम में सरकारी तंत्र की मिलीभगत भी बताई जाती है इस समय गोण्डा जिले के विभिन्न तालाबों,सरकारी और निजी खाली पड़ी जमीनों को किस तरह भू माफिया फर्जीवाड़ा कर बेच रहे हैं।

अतिक्रमणकारियों ने तालाब का अस्तित्व मिटाने की ठनी

जिले के नगर क्षेत्र में अन्य जगहों की तरह सरकारी-जमीन नालों और निजी व सरकारी तालाबों को भर कर जमीन की खरीद बिक्री और उस पर अवैध कब्जा का खेल धड़ल्ले से चल रहा है माफिया व दबंगों की हरकत से कई तालाबों का अस्थित्व पहले की खत्म हो चुका है।यह सिलसिला अब भी जारी है।बाबा मठिहा मनकापुर बस स्टॉप यूसुफ़ नगर गोंडा फैजाबाद रोड़ के किनारे स्थित तालाब इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।इस तालाब का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है।राधा कुंड महा बभनान मोहल्ला में फैला तालाब सिकुड़ते सिकुड़ते हुए अब सिकुड़ का सिमट गया है।तालाब के चारों ओर लगभग सैकड़ो से अधिक लोगों का कब्जा हो चुका है।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि यह सब सत्ता के नेताओं व जिला प्रशासन की जानकारी में हो रहा है।मकानों के पीछे कूड़े और मिट्टी डालकर धीरे-धीरे पटाई कर रहे हैं।

बड़ी होशियारी से खेला जा रहा अवैध कब्जे का खेल

एक अन्य स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि अवैध कब्जा का खेल होशियारी से खेला जा रहा है।पहले अतिक्रमणकारी अपने घरों का कूड़ा-कचरा तालाब के किनारे डालते हैं. फिर अपनी जमीन बताकर निर्माण शुरू कर देते हैं तालाब का जिस तरीके से अतिक्रमण हुआ और हो रहा है, उससे उसका अस्तित्व ही खत्म होने के कगार पर है।

शहर में तालाबों का होना चाहिए जीर्णोद्धार : ज्ञान मिश्रा

पूरे शिव बख्तावर झंझरी ब्लॉक के समीप रहने वाले ज्ञान मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में जितने भी पुराने तालाब है उनका का जीर्णोद्धार होना चाहिए शहर में अतिक्रमण के नाम पर दुकानदारों को उजाड़ा जा रहा है, लेकिन भू माफिया पर अधिकारियों की नजर नहीं है शहर के नालो और पुराने तालाब और खाली पड़ी नजूल की जमीनों पर अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा कर भवन का निर्माण कराया जा रहा है प्रशासनिक अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए तालाबों को खत्म किए जाने के कारण जल का स्तर भी काफी घट रहा है।लेकिन आज की तारीख में तालाब भूमि की मापी करायी जाये तो तालाब की भूमि कम पायी जायेगी इसका कारण है कि इसके किनारों में मिट्टी भरकर समतल कर गृह निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।कहना गलत नहीं होगा कि अब इस अतिक्रमण को नहीं रोका गया तो इस तालाब का अस्तित्व आने वाले वर्षों में मिट जायेगा सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि कतिपय लोगों ने पीलर गाड़ कर पुलनुमा निर्माण करा दिया है लोगों का कहना है कि पुलनुमा निर्माण कराये जाने से बरसात का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है।

वीएचपी पदाधिकारियों ने कचहरी परिसर में बांटे आमंत्रण अक्षत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

अयोध्या श्री राम जन्मभूमि मंदिर में22जनवरी को होने वाले रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर पूरे भारत में हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने व धार्मिक जागरूकता तथा अपने घर के मंदिर व स्थानीय मंदिरों में दोपहर 11:00 से लेकर 1:00 तक पूजा पाठ हवन, कीर्तन, प्रसाद वितरणके लिए किया जागरूक और बांटा गया अच्छत।

विश्व हिंदू परिषद के नगर प्रचारक सूरज जी, भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता, एडीजीसी अधिवक्ता परिषदके संरक्षक घनश्याम पांडे, एडीजीसी सिविल सुशील कुमार श्रीवास्तव, डीजीसी अजय तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता के0 के0 श्रीवास्तव, भूपेन्द्र आर्य, नगर कार्यवाहक धर्मेन्द, विशाल जायसवाल, संन्तोष श्रीवास्तव, राजकुमार दूबे, मनोज मिश्रा, अतुल श्रीवास्तव, मुंशी जनार्दन, उमेश श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

लायंस क्लब ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

नए साल की शुरुआत पर लायंस क्लब गोंडा अवध की टीम ने गरीबों एवं असहयों को इस भीषण ठंड से बचाने के लिए रात मे शहर में घूम-घूम कर कंबल वितरित किए इस कड़ाके की ठंड में बहुत से यात्री एवं मजदूर तबके के लोग अलाव के सहारे रात बिताने को मजबूर है इसी बात को ध्यान में रखते हुए लायंस क्लब गोंडा अवध ने अपनी पिछली बैठक में कार्य योजना में सम्मिलित किया था इसी क्रम में एक और 2 जनवरी को लायंस क्लब गोंडा अवध की टीम ने शहर में रात्रि में भ्रमण करके एक-एक पात्र व्यक्ति को ढूंढ ढूंढ कर उनका हाल जाना एवं कंबल देकर उनकी तकलीफ दूर करने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में सीओ सदर विनय कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी ने भी बुजुर्ग महिलाओं एवं दिव्यांगों को कंबल वितरित किया सीओ सदर विनय कुमार सिंह ने लायंस क्लब गोंडा अवध द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की क्लब के सचिव लायन रमेश सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है इसी क्रम में यह कंबल वितरण का कार्यक्रम पूरे सप्ताह चलता रहेगा क्लब के निदेशक लायन दिलीप सिंह ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के लोगों को ऐसे पुण्य कार्य के लिए आगे आना चाहिए इस कड़ाके की ठंड में जहां हम अपने घरो में रजाइयों में दुबककर बैठे रहते हैं वही यह आमजन अलाव के सहारे रात काटने को मजबूर है कंबल वितरण कै इस कार्यक्रम में लायन अनिल अग्रवाल लायन अविनाश तुलसियान लायन सुदेश मोहन श्रीवास्तव एवं लायन सुमित अग्रवाल का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

खोरहंसा चौकी क्षेत्र बना जुआरियों का अड्डा

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

खोरहंसा चौकी क्षेत्र जुआरियों का अड्डा बन गया है। यहां प्रतिदिन लाखों रूपये का वारा-न्यारा जुए में होता है। ऐसा भी नहीं है कि इलाकाई पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है, बल्कि वह सब कुछ जानते हुए भी जुआरियों और दलालों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है।

कोतवाली देहात की खोरहंसा चौकी क्षेत्र जुआ के लिए बदनाम है। सूत्र बताते हैं कि खोरहंसा कस्बे के पक्कवा के साथ ही चंदिया, फिरोजपुर, गुलाम रसूल स्कूल के बगल, काजी तरहर के डड़वा सहित अन्य स्थानों पर जुए के फड़ चलते हैं। तत्कालीन चौकी प्रभारी केके सिंघम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करके जुआरियों और जुआ के फड़ों को संचालित कराने वाले दलालों की कमर तोड़ दी थी, लेकिन उनके तबादले के बाद खोरहंसा और आस-पास के इलाके में जुए के फड़ फिर गुलजार हो गये। सोमवार को खोरहंसा पुलिस ने चार जुआरियों को पकड़ लिया जिनके पास से रूपये और ताश के पत्ते भी बरामद हुए लेकिन उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गयी। सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि कुछ दलाल जुआरियों से फड़ चलाने के लिए मोटी रकम भी वसूलते हैं। इतना ही नहीं, जुआरियों को रूपये भी देते हैं जिसके बदले में मोटी रकम लेते हैं जो पहले से ही तय होती है। क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक जुआ खेलने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। इसके अलावा रात में भी जुआरियों की महफिल सजती है, जहां जुआ खेलाने वाले भी मौजूद रहते हैं और जरूरत पड़ने पर जुआरियों को रूपये देते हैं। बताया जाता है कि खोरहंसा के साथ ही आस-पास के लोग भी समय से जुआ खेलने प्रतिदिन पहुंचते हैं।

जानकारों के अनुसार प्रतिदिन जुआ के खेल में यहां लाखों का वारा-न्यारा होता है। इस क्षेत्र के कई लोग जुए के धंधे में बर्बाद भी हो चुके हैं। कई परिवार का घर व जमीन तक बिक चुकी है, तो कभी-कभी जुआ के कारण कई घरों में चूल्हे तक नहीं जल पाते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई जुआरी ऐसे हैं, जिनकी शादी हाल ही में हुई है। पैसे की व्यवस्था नहीं होने पर बीवी का जेवर बंधक रखकर जुआ खेलने आते हैं। हारने के बाद उनके घर में अशांति का माहौल बना रहता है। इस संदर्भ में स्थानीय पुलिस को कई बार सूचना दी गयी, लेकिन पुलिस चुप्पी साधे बैठी रहती है। नयी पीढ़ी के युवाओं पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

होगी कार्रवाई

खोरहंसा चौकी प्रभारी नागेश्वर नाथ पटेल का कहना है कि सोमवार को चार जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। चौकी क्षेत्र में किसी भी दशा में जुए के फड़ नहीं संचालित होने दिए जाएंगे। जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

तीन तहसीलदारों को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि

सात तहसीलदार को दी गई कठोर चेतावनी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र ने ग्राम समाज हर्जाना की कम राजस्व वसूली पर तीन तहसीलदार को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं सात तहसीलदार को कठोर चेतावनी दी व। सदर गोण्डा के तहसीलदार सतपाल, बलरामपुर के तहसीलदार घासीराम एवं उतरौला तहसील बलरामपुर के तहसीलदार शैलेंद्र चंद्र सिंह को कम राजस्व वसूली पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी है जबकि तहसीलदार तरबगंज, तहसीलदार करनैलगंज, तहसीलदार मनकापुर, तहसीलदार तुलसीपुर, तहसीलदार नानपारा, तहसीलदार मिहींपुरवा एवं तहसीलदार इकौना को कम राजस्व वसूली पर कठोर चेतावनी दी। इसके साथ ही सहायक आयुक्त निबंधक स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन दिनेश चंद्र को कम राजस्व वसूली पर कारण बताओं नोटिस जारी किया।

धड़ल्ले से काटे जा रहे प्रतिबंधित पेड़

मोतीगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

पर्यावरण की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने वाले हरे भरे पेड़ तमाम कवायदों के बाद भी दिन प्रतिदिन कम होते जा रहे हैं। इसका कारण, पुलिस और वन विभाग का गठजोड़ है। विभागीय उदासीनता का परिणाम है कि क्षेत्र में हरे प्रतिबंधित पेड़ों की बेखौफ होकर खुलेआम कटाई की जा रही है। जितने पेड़ काटे जा रहे हैं, उसकी अपेक्षा में पौधारोपण व पेड़ों का संरक्षण नहीं किया जा रहा है।

मोतीगंज थाना क्षेत्र के कोड़री में सागौन के करीब 60 पेड़ों को बगैर परमिट के ही वन विभाग और पुलिस की मिलीभगत से धराशाई कर दिया गया। इसकी शिकायत मोतीगंज थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह व क्षेत्रीय रेंजर से की गयी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी और लीपा-पोती करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसी तरह मिर्जा पुरवा, रामनगर, सोनभरिया, गढ़ी में भी प्रतिबंधित आम, नीम, सागौन व अर्जुन के पेड़ों को बगैर परमिट के काट डाला गया।

अवैध रूप से काटे गए प्रतिबंधित पेड़ों की जानकारी स्थानीय पुलिस तथा वन विभाग को ग्रामीणों द्वारा दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। दरअसल, मोतीगंज थाना की पहचान पेड़कटवा थाने के रूप में होती जा रही है। यहां बड़े पैमाने पर वन माफिया सक्रिय हैं। सूत्र बताते हैं कि थानाध्यक्ष के साथ ही हल्का दरोगा और सिपाही तथा वन विभाग के क्षेत्रीय वन रक्षक की साठगांठ से यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है। पिछले दस दिनों के दौरान मोतीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आम, सागौन, नीम, अर्जुन व जामुन जैसे प्रतिबंधित वृक्षों की कटान बगैर परमिट के की जा चुकी है।

बताते हैं कि इस समय मोतीगंज थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से पेड़ों की कटान हो रही है। वन माफिया हरे पेड़ों को काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पुलिस और वन विभाग इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है जिससे इनके हौंसले बुलंद हैं। कुछ लोगों का कहना है कि जहां वीडियो या फोटो वायरल हो जाता है, वहां पर वन विभाग पहुंचकर कुछ न कुछ जुर्माना करके मामले को रफा-दफा कर देता है। मोतीगंज थाना क्षेत्र में तत्कालीन थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने प्रतिबंधित वृक्षों की कटान पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन जबसे प्रतिभा सिंह ने थानाध्यक्ष का कार्यभार संभाला है, तब से क्षेत्र में वृक्षों की अंधाधुंध कटान हो रही है।

मोतीगंज क्षेत्र के कोड़री गांव में अवैध रूप से काटे गए प्रतिबंधित सागौन के पेड़ों के बारे में जब थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है, अभी दिखवाते हैं। हालांकि थोड़ी देर बाद उन्होंने फोन करके कहा कि कभी वन विभाग को भी बता दिया करें।

कुंडे से लटकता मिला विवाहिता का शव

- दहेज के लिए कर दी मेरी बेटी की हत्या पिता ने लगाया आरोप, पुलिस को दी तहरीर

पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।

जिले के शेखापुर गांव निवासी एक गर्भवती का शव घर में कुंडे से लटकता मिला। सूचना पाकर बेटी की ससुराल पहुंचे पिता ने दहेज के लिए बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में फोरेंसिक टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।विशेश्वरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत शेखापुर निवासी ममता सिंह का शव बुधवार सुबह घर में कुंडे से लटकता हुआ पाया गया। इसकी सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। इसके साथ ही बलरामपुर जिला में मृतक के मायके के लोगों को घटना से अवगत कराया गया। सूचना पर नायब तहसीलदार महबूब अंसारी, सीओ पयागपुर आनंद राय, थानाध्यक्ष विशेश्वरगंज सूरज कुमार राना ने मौके का जायजा लिया तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर जायजा लिया। जानकारी के अनुसार ममता सिंह का मायका ग्राम सोमरहा जिला बलरामपुर में हैं। विवाह का वर्ष 2021 में ग्राम शेखापुर निवासी यशवीर सिंह के साथ हुआ था। मृतका के पिता माता प्रसाद ने पुलिस को दिए तहरीर में पति समेत दो अन्य पर मारकर लटकाने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राना ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पूजित अक्षत रथ यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

बहराइच समृद्धि न्यूज।

- रथ यात्रा पर पुष्प अर्पण कर यात्रा का किया स्वागत

जरवल विकास खंड मुख्यालय से निकली भव्य रथ यात्रा का जगह-जगह पर भव्य स्वागत हुआ। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जरवल द्वारा गांव गांव मे तैयारी बैठक चल रही है।अक्षत वितरण कार्यक्रम के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर संचालन समितियों का गठन किया जा रहा है।

समितियों के द्वारा प्रत्येक हिंदू परिवार तक अक्षत वितरण होना है, अक्षत वितरण के लिए संघ द्वारा विशाल रथयात्रा के साथ न्याय पंचायत मुख्यालयों तक अक्षत वितरण किया जाना है। उसी के उपलक्ष्य पर ब्लॉक मुख्यालय जरवल से निकली भव्य रथ यात्रा का तमाम जगहों पर भव्य स्वागत हुआ। यात्रा मे हजारों की संख्या में शामिल युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।पूरा यात्रा मार्ग जय श्री राम के नारों से गूंजायमांन हो उठा। यात्रा जरवल, बसाहियापाते, चकपुरवा, बरवालिया, अठाइसा होते हुए कोयलीपुरवा परसा पहुंची। जहाँ पर डा.करमचंद श्रीवास्तव के नेतृत्व में रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। रथ पर विराजित भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर नमन व वंदन किया। रथ यात्रा का स्वागत पूर्व प्रधान परसा आरती देवी ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर किया। इस अवसर पर संघ से प्रवीन सिंह,राजेश श्रीवास्तव,पवन वर्मा, अंशु श्रीवास्तव,महादेव वर्मा, सनी चौधरी,ऋषि चौधरी,अजय वर्मा उत्तम वर्मा, रोहित सिंह सहित हजारों लोग रहे मौजूद।

श्रीराम कीर्तन के साथ निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

श्रीराम कीर्तन के साथ जरवल ब्लॉक मुख्यालय से श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के आह्वान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जरवल ने अक्षत कलश यात्रा निकाली। जरवल ब्लाक मुख्यालय से आरएसएस के जिला प्रचारक अजय, विभाग कार्यवाह अंबिका तथा खण्ड विकास अधिकारी जरवल सत्य प्रकाश पाण्डेय ने श्रीराम कीर्तन करते हुए अक्षत यात्रा की शुरुआत की।सैकडों बाइक और चार पहिया वाहनों के साथ सैकडों लोगों के साथ अक्षत यात्रा जरवल ब्लॉक मुख्यालय से निकलकर जरवल मुख्य मार्ग से होते हुए परसा, धनराजपुर, रिठौरा होते हुए बावन बाबा कुटिया तप्पेसिपाह पहुंची। वहां समितियों को अक्षत वितरण कर जरवलरोड शिव मंदिर पहुंचकर यात्रा समाप्त हो गई।यात्रा के माध्यम से समितियां के लोगों को पत्रक,राम मंदिर चित्र तथा अक्षत देकर प्रत्येक हिंदू घरों में पहुंचकर 22 जनवरी को श्रीराम लला के मन्दिर में विराजमान होने के शुभ अवसर पर अपने-अपने घरों के नजदीक मंदिरों पर पहुंचकर देव दीपावली मनाने और भजन कीर्तन करने का आह्वान किया गया।

सपा कार्यालय पर मनाई गई सावित्री बाई फुले की जयंती

- सावित्री बाई फुले ने बाल विवाह, विधवा विवाह जैसी कुरीतियों को खत्म करने का काम किया : मन्नु देवी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा कार्यालय पर देश की पहली महिला शिक्षक, समाजसुधारक, महिला सशक्तिकरण की आवाज़ सावित्रीबाई फुले की जन्मजयंती समाजवादी महिला सभा के द्वारा गोष्ठी के रूप मे धूम धाम से मनाई गयी। गोष्ठी की अध्यक्षता महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी व संचालन महिला सभा नगर अध्यक्ष सुमन शर्मा ने किया।

गोष्ठी मे विशिष्ट अतिथि के रूप के सपा जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव मौजूद रहें। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष व महिला सभा की अन्य पदाधिकारियों द्वारा सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित उन्हे विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी।

तत्पश्चात गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मनु देवी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के लिए शिक्षा का प्रचार प्रसार किया और उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने का काम किया।

उन्होंने बाल विवाह, विधवा विवाह जैसी कुरीतियों को खत्म करने का काम किया। जब देश मे जाति प्रथा अपने चरम पर थी तब सावित्रीबाई फुले ने अंतर जातीय विवाह को बढ़ावा दिया। उनका कहना था कि स्त्रियां केवल घर और खेत पर काम करने के लिए नही बनी है, वह पुरुषों से बेहतर कार्य कर सकती हैं। इस गोष्ठी मे महासचिव महिला सभा रुक्सार शाह, जिला उपाध्यक्ष महिला सभा नुसरत फातमा, महिला पदाधिकारी संगीता , सुषमा, महक, राबिया आदि उपस्थित रहीं।

विभिन्न सड़क हादसों में महिला समेत तीन की मौत, युवक घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- पयागपुर, रिसिया थाना क्षेत्र में हुआ सड़क हादसा

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि युवक घायल हो गया उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुमेरपुर के मजरा कालीपुरवा निवासी सुभाष यादव (25) पुत्र ननकन गांव के ही धर्मेंद्र यादव (23) पुत्र कृपा यादव बाइक से खुटेहना बाजार आए थे। इसके बाद सभी रात 10 बजे वापस जाने लगे। हनुमान पुल के नीचे बाइक सवार गिर गए। दोनों को चौकी इंचार्ज विनोद कुमार पांडेय ने 108 एंबुलेंस के चालक सदाम और ईएमटी कमलेश कुमार के द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। सुबह इलाज के दौरान सुभाष की मौत हो गई।उधर रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम गोदनी बसाही निवासी मिठाई देवी (62 पत्नी अमर नाथ सब्जी खरीदने के लिए बाजार आई थी। मंगलवार शाम को सब्जी खरीदकर सड़क पार कर रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई।उधर कोतवाली देहात के श्रावस्ती बहराइच मार्ग पर धरसंवा के निकट 25 दिसंबर को बस और ट्रक में आमने सामने की भिड़ंत हो गई थी। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे।घायलों का इलाज अस्पताल में चला। बस में सवार गांव निवासी यात्री सूरज उर्फ मनोज कुमार पुत्र मनीराम की मंगलवार रात को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अब तक हुई चार मौतें

श्रावस्ती-बहराइच मार्ग पर 25 दिसंबर को सुबह आठ बजे डबल डेकर बस और चावल लदी ट्रक के बीच आमने सामने टक्कर हुई थी। हादसे के बाद अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि अन्य लोग घायल हुए थे।

सदर विधानसभा के इटौंझा में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- विकसित भारत संकल्प यात्रा सुविधाओं के साथ पहुंच रही जनता के द्वार : अनुपमा जायसवाल

बुधवार को सदर विधानसभा के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत इटौंझा में पहुंची जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल उपस्थित रहीं।

उन्होंने कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी व सुविधा पटल का निरीक्षण किया एवं लोगों से आग्रह किया कि वह इस पंडाल में उपस्थित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर अपनी सुविधा अनुसार लाभ अवश्य प्राप्त करें।

सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि आज सरकार द्वारा यह विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव तक पहुंच रही है जो कि जन-जन तक सुविधाओं के लिए वरदान बन रही है। आज किसी भी क्षेत्र में चाहे वह आवास हो किसान निधि हो बैंक से संबंधित कार्य हो किसान क्रेडिट कार्ड हो समाज कल्याण से संबंधित कार्य हो इस पंडाल में उपस्थित अधिकारियों द्वारा पात्र लोगों को सुविधा प्रदान की जा रही है जो कि आजादी के बाद पहली बार जन जन तक यह सुविधा उनके घर द्वार स्वयं पहुंच रही है। अतः आप सभी इन सुविधाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें। कार्यक्रम के अवसर पर सभी संबंधित विभाग के अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बीडीओ सौरभ पाण्डेय,मण्डल अध्यक्ष राम रूप कोरी,अजय सिंह अज्जू, प्रधान अरविन्द चौधरी,मिथिलेश मिश्रा, एडीओ अशोक श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश मिश्रा,लेखपाल स्नेहलता, नगर महामंत्री अजय जायसवाल, नगर मंत्री अंकित पाठक, मीडिया प्रभारी सतीश सिंह सहित सभी अधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सदर विधायक ने जरूरतमंदों को वितरित किये कम्बल

पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने ग्राम पंचायत बरहिया में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर गरीब असहाय व जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि आज जब कड़ाके की ठंड पड़ रही है तो इस समय गरीब असहाय व जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए अलाव के साथ-साथ कंबल की भी आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने कहा कि आज इन जरूरतमंदों को कंबल वितरण करते हुए मुझे बहुत हर्ष की अनुभूति हो रही है कि मुझे ईश्वर ने यह सौभाग्य प्रदान किया कि मैं ऐसे जरूरतमंदों की मदद कर सकूं। सदर विधायक ने कहा कि जहां कहीं भी ठंड में लोगों को ऐसे चीजों की जरूरत हो उन्हें सूचित करने पर वह ऐसे कार्यों के लिए सदा ही तत्पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कम्बल वितरण का यह अभियान निरन्तर चलता रहेगा। इस अवसर पर एसडीएम प्रिन्स वर्मा, तहसीलदार,नायब तहसीलदार, लेखपाल,प्रधान सहित तमाम कार्यकर्ता व अन्य लोगों उपस्थित रहे।

सावित्रीबाई फुले को किया नमन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद अखंड भारत जिला इकाई के तत्वाधान में महसी तहसील के खर्चाहा चौराहा पर महिलाओं को शिक्षा, सम्मान और स्वाभिमान से जीने की लड़ाई लड़ने वाले, अखंड भारत देश की प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम को संगठन के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले, एक क्रांति, चिंगारी थी,जिन्होंने उस समय के भारतीय समाज में स्त्री शिक्षा के लिए पूरे साहस, धैर्य और त्याग के साथ संघर्ष किया, जब पूरा समाज स्त्री शिक्षा का विरोधी था। उस समय में महिलाओं के लिए विद्यालय खोलकर शिक्षित कर रही थी। आज हमारे पास संविधान,शिक्षा व अन्य संसाधन है फिर भी हम समाज मे फैली अनेकों कुप्रथाओं, समस्याओं और अंधविश्वास से ठीक से लड़ नहीं पा रहे है। प्रदेश प्रवक्ता अजय मौर्य नें कहा कि हम लोग शपथ ले की माता सावित्री बाई फुले से प्रेरणा लेकर उसी साहस, धैर्य और उत्साह से अन्याय,अंधविश्वास और कुप्रथाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार मौर्य, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संत कुमार मौर्य, सदानंद बौद्ध, सलमान, सरोज मौर्या, सहदेव रावत, शंकर बाबू मौर्य, मनीष रावत, शकील अहमद, विजय कुमार बौद्ध, रामरती रावत आदि कई लोग मौजूद रहे।

चंद रुपयों के लिए बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

- चौबीस घंटे में पुलिस ने मर्डर केस का किया खुलासा

ऊंचाहार (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।

महज 500 रुपये की खातिर एक बेटे ने पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। लकड़ी के चैले से सिर व चेहरे पर एक के बाद एक चार वार किए। यही नहीं हत्या करने के बाद शव को आलू के खेत में फेंक दिया। इसके बाद वह फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस अफसरों व फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर पड़ताल की। मृतक की भाभी की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के धनही मजरे मवई गांव निवासी त्रिलोकी यादव (50) पुत्र दुबरी ट्रैक्टर चालक था। उसका घर गांव में सड़क किनारे है। उसकी पत्नी कुछ दिन पहले ही घर छोड़कर चली गई थी। वह अपने इकलौते बेटे संजय कुमार के साथ रहता था। उसका बेटा भट्ठे पर मजदूरी करता है। सोमवार की रात बेटे संजय कुमार ने पिता त्रिलोकी से किसी काम के लिए 500 रुपये मांगे। पिता ने पैसे देने से मना कर दिया। इस पर पिता-पुत्र में विवाद शुरू हो गया।

इस दौरान बेटे ने लकड़ी के चैले से पिता के सिर व चेहरे पर कई वार कर दिए। इससे सिर व चेहरे पर गंभीर चोटें आई और उसकी मौत हो गई। रात में किसी को घटना की भनक नहीं लगी। मंगलवार की सुबह घर के सामने आलू के खेत में उसका शव मिला। वारदात की सूचना पर एएसपी नवीन कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी आदर्श कुमार सिंह ने फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पड़ताल की।

एएसपी ने बताया कि मृतक ट्रैक्टर चालक की भाभी नीलम देवी पत्नी बुधराम की तहरीर पर आरोपी संजय कुमार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। आरोपी को पकड़ लिया गया है। पूछताछ में उसने पिता की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया है।

मोबाइल ने खोल दिया घटना का राज

बेटे से विवाद के दौरान मृतक चालक ने एक भट्ठा मालिक को फोन कर दिया था। भट्ठा मालिक के मोबाइल में चालू कॉल रिकार्डिंग में विवाद की बातें रिकार्ड हो गईं। बताते हैं जिस भट्ठे पर बेटा मजदूरी करता था, उसी भट्ठा मालिक को पिता ने फोन किया और बताया कि 500 रुपये न देने पर बेटे ने उसके साथ मारपीट कर रहा है। घटना के बाद पुलिस ने जब मृतक का मोबाइल खंगाला तो रिकार्ड हुई बात पुलिस ने सुनी। ऐसे में घटना का राज खुल गया। सूत्रों की मानें तो आरोपी भट्ठे से ट्रैक्टर ट्रॉली पर ईंट लादकर पड़ोसी जिले प्रतापगढ़ के मानिकपुर चला गया था, जहां से उसे पकड़ा गया है। पुलिस का मानना है कि यदि मोबाइल में पूरे घटनाक्रम की बात रिकार्ड न हुई होती तो घटना का खुलासा जल्द न हो पाता। खुलासे के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ती।

भीषण ठंड के बाद भी नहीं जलाये जा रहे अलाव

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

लगातार पड़ रही भीषण ठंड के बाद भी नगर पंचायत डलमऊ के अधिकारियों को ठंड का एहसास नहीं हो पा रहा है जबकि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ का सख्त निर्देश है कि भीषण ठंड से बचने के लिए अलाव एवं रेन बसेरा की सुविधा में कोताही न बरती जाए रैन बसेरे की बात की जाए तो नगर पंचायत द्वारा डलमऊ गंगा तट पर डलदेव पार्क में महिला एवं पुरुष को रात्रि में ठहरने के लिए व्यवस्था की गई है लेकिन वही मुरई बाग कस्बा डलमऊ क्षेत्र का बड़ा व्यवसायिक केंद्र होने के बाद भी यहां पर रेन बसेरे की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे राहगीरों को ठिठुरन भरी ठंड में रात व्यतित करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है वही नगर क्षेत्र के चिन्हित

स्थानों पर अलाव की उचित व्यवस्था न होने के चलते लोगों को ठिठुरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है आज सुबह तड़के हुई बारिश के बाद किठुरन बढ़ गई है ऐसे में अलाव की सुविधा न होने के चलते लोगों ने ठंड से बचने के लिए कूड़े के ढेर को जलाकर ठंड से बचने का जुगाड़ किया इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डलमऊ आरती श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि डेल पार्क में रैन बसेरा की सुविधा की गई तथा चिन्हित स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे हैं।

खबरें एक नजर में

अज्ञात महिला का शव बरामद

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। रायबरेली में अज्ञात महिला का खून से लथपथ शव मिलने से मचा हड़कंप सूचना पर पहुंची पुलिस हादसा या हत्या की जांच में जुटी, मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रोड पर स्थित ओवर ब्रिज का है जहां देर रात एक अज्ञात महिला का खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, वहीं आसपास के थानों व सोशल मीडिया के जरिए मृतक महिला के शव की शिनाख्त करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

अनियंत्रित होकर पलटी बस

- अनियंत्रित बस की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौके पर मौत

रायबरेली , समृद्धि न्यूज। रायबरेली में हुआ भीषण सड़क हादसा अनियंत्रित तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने बुजुर्ग महिला को टक्कर मारने के बाद कई गाड़ियों को रौंदते हुए सड़क किनारे गड्ढे में पलटी बस की टक्कर से महिला की मौके पर हुई दर्दनाक मौत, मामला गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत अटौरा गांव के पास का है जहां रायबरेली से लालगंज जा रही तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे जा रही महिला कुसुमलता पत्नी बृज किशोर उम्र 55 वर्ष निवासी अटौरा बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी महिला को टक्कर मारने के बाद कई मोटरसाइकिलों को रौंदते हुए सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई घटना से वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया, गनीमत यह रही कि बस में कोई सवारी नहीं थी नहीं तो और बड़ा हादसा हो सकता था वहीं ग्रामीणों ने बस चालक को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद बस चालक को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

केयर टेकर को प्रधान ने किया निष्कासित

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। पशु आश्रय स्थल पर मनमानी करने तथा अभद्रता का आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधान ने तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जाजमऊ गैर एहतमाली की ग्राम प्रधान सोनेश्वरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनकी ग्राम पंचायत की गौशाला में तैनात केयर टेकर प्रदीप पुत्र मोतीलाल व उनकी पत्नी नीलम को रखा गया था जिसके बाद उनके द्वारा पशु आश्रय स्थल में रखा भूसा बेच दिया गया तथा दुधारू गाय को बिना की सूचना दिए अपने घर ले जाया गया। साथ ही कूड़ा गाड़ी तथा फावड़ा आदि गायब कर दिया गया। उनके इस कृत्य को देखते हुए उन्हें कार्य से मुक्त कर दिया गया। प्रधान का आरोप है नए रखे गए देख-रेख कर्मी से अभद्रता व गाली-गलौज किया जा रहा है। ग्राम प्रधान ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

विकास को मिलेगी रफ्तार

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत को पंडित दीनदयाल योजना के तहत 1 करोड़ व जल निकासी योजना के तहत 94 लाख रुपये की प्रथम किस्त के रूप में मिल चुके है जिससे नगर पंचायत के विकास को गति मिलेगी। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के विकास के पहिये अब रफ्तार से चलेंगे क्योंकि नगर पंचायत के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श योजना के तहत 2 करोड़ तथा जल निकासी के लिए भी करीब 2 करोड़ रुपये शासन से स्वीकृत हुए थे जिसके बाद प्रथम किस्त के रुप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंतर्गत 1 करोड़ रुपये तथा जल निकासी योजना के तहत 94 लाख रुपये की प्रथम किस्त नगर पंचायत को मिल गयी है। चेयरमैन मिथलेश जायसवाल ने बताया कि नगर में दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत प्रकाश व्यवस्था, सीसी रोड, फव्वारा, इंटलाकिंग सड़क, हाई मास्ट लाइटें आदि कार्य कराए जाएंगे तथा जल निकासी के तहत नालियों व नाले का निर्माण तथा उन्हें ढकने के लिए पिट आदि के निर्माण कराए जाएंगे। ईओ अरविंद सिंह ने बताया कि जल्द ही उक्त कार्यों से सम्बंधित निविदाएं आमंत्रित कर विकास कार्य शुरू कराए जाएंगे।

अनियंत्रित रिक्शा ने बाइक में मारी टक्कर, चार घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग के रानीबाग के समीप सड़क के गड्ढे से बचने में अनियंत्रित हुए ई-रिक्शा में बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग घायल हो गए। घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ किशोरी की हालत नाजुक देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आसीवन थाना क्षेत्र के सिद्धनाथ गांव निवासी दिलीप 24 पुत्र सुंदरलाल ई-रिक्शा चलता है। बुधवार को वह ई-रिक्शा लेकर मियागंज चौराहा से आसीवन जा रहा था तभी औरास थाना क्षेत्र के गांव इनायतपुर बर्रा निवासी मोहम्मद एजाज (23) पुत्र मन्ना अपने पड़ोसी निवासी कल्लू की 18 वर्षीय पुत्री मोनी व 15 वर्षीय पुत्री सोनी तथा दिलशाद की 7 वर्षीय पुत्री रिमझिम को लेकर बाइक से आसीवन मेला देखने जा रहे थे। लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर मियागंज आसीवन के मध्य रानीबाग में ई-रिक्शा ने गड्ढे से बचने के लिए अचानक ई-रिक्शा मोड़ दिया जिससे पीछे से आ रहे बाइक सवार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मासूम सहित चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने सोनी की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

फरार चल रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

वारंटी वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी अभियान के तहत वारंटी पुलिस ने बुधवार को दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया की दोनों अभियुक्तों छिट्टन पासी पुत्र श्रीपाल पासी निवासी चिलौला तथा नफीस पुत्र अब्दुल रफीक निवासी सेमरपहा के विरूद्ध लालगंज कोतवाली मे मुकदमा पंजीकृत था। जिसके बाद से ही दोनों वारंटी फरार चल रहे थे। बुधवार को छापेमारी कर दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक मालिक राम साहनी, हेड कांस्टेबल दलसिंह, कांस्टेबल अश्विनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही

बीएमपीएस छात्रों को संस्कार युक्त शिक्षा देने के लिए रहेगा तत्पर : सुनील

- हवन पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ नौ दिवसीय राम कथा का भव्य समापन
- क्षेत्रीय और दूर दराज से आए सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में हवन पूजन और विशाल भंडारे के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा का समापन हुआ। सैकड़ो लोगों ने भंडारे में प्रसाद चखा।

उल्लेखनीय है कि बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में 25 दिसंबर 2023 से 02 जनवरी 2024 तक श्री स्वात्मानंद जी महाराज के मुखारविंद से नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन बीएपीएस के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह के द्वारा आयोजित किया गया। जिसका समापन 02 जनवरी 2024 को हुआ और विशाल भंडारा 03 जनवरी 2024 को किया गया। समापन अवसर पर प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने कहा कि बीएमपीएस आपके पाल्यों को संस्कार युक्त शिक्षा देने के लिए सदैव तत्पर रहेगा।भंडारे में

सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रवासी और दूर दराज से भक्तगण उपस्थित होकर प्रसाद चखा। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक पूर्व अध्यक्ष लालगंज सुरेश नारायण बच्चा बाबू आयोजन स्थल पर सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते नजर आए। किशन सिंह,बबलू सिंह, प्रबंधक शांतनु सिंह,प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह भंडारे में आए हुए अतिथियों के स्वागत सत्कार में तत्पर दिखे।

एनडीआरएफ टीम ने सिखाये आपदा प्रबंधन के गुण

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशनानुसार राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) वाराणसी की 11 डी टीम ने मंगलवार को लालगंज तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में कपैसिटी बिल्डिंग प्रोगाम सीबीपी का आयोजन किया, जिसमें तहसील स्टाफ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

लो लाइंग एरिया (निचला क्षेत्र) का निरीक्षण के दौरान आपदा विशेषज्ञ आशीष कुमार सिंह, तहसीलदार कुमारी मंजुलिका मिश्रा, लेखपाल अजय सिंह के साथ गंगा नदी के किनारे के गांव कुटिया हिट माली, मुरली का पुरवा, राम प्रसाद का पुरवा, शुक्रु का पुरवा, अहिरन का पुरवा, भट्ट खेड़ा, बंसी पुरवा और पीपरण का पुरवा का निरीक्षण किया।

11 एनडीआरएफ वाराणसी के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में जनपद में वाराणसी से आयी हुई। एनडीआरएफ की 11 डी टीम द्वारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपदा प्रबंधन एवं जन-जागरूकता का कार्य किया जा रहा है इसी क्रम में एक कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन हुआ।

- लालगंज तहसील में एनडीआरएफ टीम का कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन सम्पन्न

आपदा से बचाव की दी जानकारी

इस कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ टीम ने तहसील के तहसीलदार, लेखपालों एवम अन्य पब्लिक को आपदा प्रबंधन तथा आपदा से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया ।प्रोग्राम मे टीम ने आपदाओं से बचाने तथा उससे होने वाली हानियों को कैसे कम किया जाए इस पर विस्तार से बताया। उसके बाद सर्पदंश से बचाव, बाढ़ से बचाव, भूकंप से त्वरित बचाव, आगजनी से बचाव, अग्निशामक यंत्र को चलाना, घायलों का प्राथमिक उपचार करना , घायल की ब्लीडिंग को रोकना , चोटों को स्थिर करना, घायल व्यक्ति को बाहर निकालने के तरीके, स्ट्रेचर बनाना एवम बेहोश व्यक्ति को सीपीआर देने के बारे में बखूबी डेमो देकर बताया ।इस कार्यक्रम से तहसील के सभी स्टाफ भी लाभान्वित हुए।

सावित्रीबाई फुले को किया नमन

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर, लालगंज में बुधवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की 193 वीं जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने सावित्रीबाई फुले के चल चित्र पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें नमन कर उन्हें याद किया और फिर बारी बारी से शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि सावित्रीबाई फुले का देन है कि आज देश की महिलाएं सेना में भर्ती होकर सीमा व भारत माता की रक्षा कर रही हैं। जमीन पर ट्रेन और आसमान में हवाई जहाज उड़ा रहीं हैं। इतना ही नहीं देश के सर्वश्रेष्ठ महामहिम राष्ट्रपति की कुर्सी पर महिला सुशोभित हो रही हैं। आज नौकरी और राजनीति दोनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। सरकार भी पंचायत के चुनाव व सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण दे रही है। लोगों को सावित्रीबाई फुले की जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं, शिक्षकगण व सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नगर पंचायत में पार्क के लिए खोजी जा रही जमीन

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में पार्क के लिए जमीन खोजी जा रही है लेकिन अभीतक जमीन नहीं मिल सकी है तो वहीं फतेहपुर चौरासी ग्रामीण में खाली पड़ी जगह पर पार्क बनवाने की कवायद चल रही है। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में अभीतक नगरवासियों को पार्क की सुविधा मुहैया नहीं है। इसके लिए लगातार नगर पंचायत के अध्यक्ष मिथलेश जायसवाल जमीन को खोजने में जुटे हुए हैं लेकिन नगर पंचायत में फिलहाल पार्क बनाने के अनुरूप जमीन नहीं मिल सकी है। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने फतेहपुर चौरासी ग्रामीण की जगह को देखा है और वहां पार्क के लिए जमीन को लेकर अध्यक्ष को सूचना दी है लेकिन ग्राम पंचायत की जगह होने के कारण अभी तक पार्क बनना सुनिश्चित नहीं हो सका है। अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि पार्क के लिए जगह खोजी जा रही है जल्द ही जगह को चिन्हित करके नगरवासियों की सुविधा के लिए पार्क बनवाया जाएगा।

धूमधाम से मनाई सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज में देश की प्रथम शिक्षिका आधुनिक नारीवादियों में से एक सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज के संस्थापक एवं कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील पासी ने महिलाओं की शिक्षा में क्रांति ज्योति लाने वाली माता सावित्रीबाई फुले जी के योगदान एवं उपलब्धियां के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि देश की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले ने सन् 1848 में पुणे में भिडेवाड़ा नामक स्थान पर सर्वसमाज की लड़कियों के लिए पहला विद्यालय खोला उस समय लड़कियों को पढाना एक कट्टरपंथी विचारधारा माना जाता था। जब भी वह स्कूल जाती थी लोग अक्सर उन पर गोबर और पत्थर फेंकते थे लेकिन फिर भी अपने कर्तव्य से विमुख नहीं हुई।

शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सावित्रीबाई फुले एवं ज्योतिबा राव फूल ने मिलकर वर्ष 1854-55 में भारत में साक्षरता मिशन की शुरुआत की एवं सत्यशोधक समाज की शुरुआत की जिसमें सत्यशोधक विवाह प्रथा के तहत किसी प्रकार का दहेज न लेने इत्यादि अनेक प्रकार के सामाजिक कार्यों के बारे में अवगत कराया।

सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- बीएचयू छात्रा से गैंगरेप मामले में दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश में बलात्कार, लूट, अपहरण, महिला उत्पीड़न की घटनाओं की ऐतिहासिक वृद्धि हो गई है सरकार अपराधियों पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है यह उद्गार सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष शिव दुलारी यादव ने महामहिम राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन जिला अधिकारी को देते जाते समय व्यक्त किया राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन के माध्यम से वाराणसी बीएचयू में गैंगरेप की शिकार छात्रा को न्याय दिलाने एवं दोषियों के विरुद्ध

बुलडोजर कार्यवाही की मांग की विधानसभा क्षेत्र रायबरेली की अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं में भय का माहौल है अकेले आने जाने में अपने आप को असुरक्षित महसूस करती हैं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने में सरकार नाकाम है अपराधी बेलगाम है वहीं जिला अध्यक्ष उर्मिला सिंह ने सरकार के प्रदेश में गैंगरेप दोषियों पर तत्काल बुलडोजर की कार्यवाही की मांग की इस मौके पर सरल कांति, ललिता यादव, सुमन, शिवपति, जनक दुलारी, शालू यादव, रेनू यादव, ममता यादव, हंसराज, गायत्री, पूजा, राजेश्वरी, रामा रानी, यशोदा, सीता, फूलन देवी सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

22 को गोबर से निर्मित दीपों का दिखेगा नजारा

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रदेश भर को राममय किया जाएगा। 22 को दिवाली मनाई जाएगी। 27 दिसम्बर से 15 जनवरी तक घर-घर दीप बांटे जा रहे है। पत्रक व राम मंदिर की फोटो भी बांटे जा रहे है। 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन उन्नाव को राममय किया जाएगा। न केवल शहर के सैकड़ो से अधिक मंदिरों में बिग स्क्रीन, एलईडी से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा बल्कि दिवाली की तरह मंदिरों व घरों में रंग-बिरंगी लाइटों की रोशनी होगी मंदिरों व घरों में दीपक जलाए जाएंगे। लाखों घरों में श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से पूजित गौ माता के गोबर से निर्मित दीपों के साथ पत्रक व राम मंदिर की फोटो वितरित की जा रही है इसके लिए संस्था ने टोलियां बनाकर वितरण कार्य किया जा रहा है। दूसरी ओर शहर में दीपों की कलश यात्रा निकाले जाने की प्लानिंग बनाई गई है।

शहर में 100 से अधिक बड़े मंदिरों में सजावट होगी और दीप जलाए जाएंगे। मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। इसके लिए मंदिर कमेटियों के साथ मंदिरों भजन, कीर्तन, हवन, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ व सामूहिक आरती आदि कार्यक्रम भी होंगे। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 27 दिसम्बर से वितरण किया जा रहा है इसके लिए प्रदेश भर को 21 भागों में बांटा गया है 9 हजार से ज्यादा संस्था सेवकों को दीप वितरण में लगया है हर भाग में 6 से 7 टोलियां दीप वितरण करेंगी और हर टोली में 5 से 10 के बीच लोग शामिल है दीप वितरण से पूर्व शहर में कलश यात्रा निकाली जाएगी इसके लिए भी तैयारियां चल रही है।

श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जोड़ने के लिए संस्था के कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर रंगोली बनाने, दीप लगाकर स्थानीय श्रीराम मंदिर पर उत्सव मनाने, रात में आतिशबाजी कर उत्सव मनाने के लिए समाज को प्रेरित करें सभी हिंदू समाज प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सहभागी बने।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के दो गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया तथा सम्बंधित विभागों के स्टाल लगवाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

विकास खण्ड के ग्राम फतेहपुर चौरासी ग्रामीण व अहमदाबाद

सेननगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को योजनाओं की जानकारी व लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद ने किया। जिसमें आवास योजना के लाभार्थी व शौचालय योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गए। ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद ने लोगों को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीबों की जनहितकारी योजनाओ की जानकारी दी तथा जागरूक किया। वहीं किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन में बढोत्तरी, पीएम आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय आदि से सम्बंधित जानकारियां दी। वहीं मोदी सरकार द्वारा भेजी गई गारंटी वैन में भी योजनाओं का प्रसारण ग्रामीणों को दिखाया गया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, समाज कल्याण विभाग आदि विभागों के स्टाल लगाए गए।

इस मौके पर बीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीओ पंचायत हेमन्त कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा, प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश लोधी, रणधीर सिंह, राकेश सिंह, संजय, रामदास कश्यप, भैयालाल आदि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जन-समानता के ट्रैक पर कब दौड़ेगी रेल

भारत बहुत विशाल देश है। विभाजन के बाद भी कन्याकुमारी से लेकर पंजाब में अटारी तक, उत्तर-पूर्व से लेकर पश्चिम तक, हिमाचल की चोटियों से लेकर सागरों के संगम तक विशाल भूभाग में फैला भारत देश है। अपने देश के सभी भागों में बसे भारतीयों को जोडऩे के लिए, व्यापार एवं उद्योग के लिए भारतीय रेल का बहुत बड़ा महत्व है। यह ठीक है कि सामान ढोने के लिए ट्रकों तथा यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी बसें भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। हमारे पर्यटक हजारों मीलों की दूरी बसों द्वारा ही तय करते, तीर्थ यात्रा करते, पर्यटन का आनंद लेते हैं। पहाड़ों के शिखरों, लद्दाख, किन्नौर आदि से लेकर सिक्किम के उच्च शिखरों तक और फिर राजस्थान के दुनिया के सबसे बड़े रेगिस्तानों तक रेल और बस से ही पहुंचते हैं, लेकिन यह सत्य है कि हमारे देश के लोग अधिकतर रेल यात्रा ही पसंद करते हैं और यात्रा के लिए रेलगाडिय़ों का ही सबसे बड़ा सहारा है और यही यातायात के साधन हैं। भारतीय रेलवे के स्वामित्व में, भारतीय रेलवे में 12147 लोकोमोटिव, 74003 यात्री कोच और 289185 वैगन हैं और 8702 यात्री ट्रेनों के साथ प्रतिदिन कुल 13523 ट्रेनें चलती हैं। भारतीय रेलवे में 300 रेलवे यार्ड, 2300 माल ढुलाई और 700 मरम्मत केंद्र हैं। यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी रेलवे सेवा है। यह भी सच है कि भारत के सवा दो करोड़ से ज्यादा लोग प्रतिदिन रेलयात्रा करते हैं। कटड़ा-वैष्णो देवी से लेकर कन्याकुमारी तक यात्रा करवाने वाली रेलगाडिय़ां अब देश में हैं। एक समय ऐसा भी था जब न बैठने के लिए सीटें आरामदायक थीं और न ही तेज गति की गाडिय़ां। अब भारत की जनता को सरकारों के सतत प्रयास से पिछले 75 वर्षों की साधना के साथ आज सुखद तेज गति वाली गाडिय़ां उपलब्ध हैं। पिछले एक दशक में तो रेल यात्रा में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं। शताब्दी, जन शताब्दी, वंदेमातरम, उससे पहले गरीबरथ, जन शताब्दी जैसी गाडिय़ां भारत की जनता की सेवा में हैं। यह भी सच है कि अगर ये मालवाहक गाडिय़ां न होतीं तो शीघ्र गति से देश के एक भाग से दूसरे भाग में आवश्यक वस्तुएं भी न पहुंच पातीं। कौन नहीं जानता कि दो-चार दिन ही कोयला न मिले तो कोयले से चलने वाले सभी बिजली उत्पादक प्लांट ठप हो जाएं और लोग अंधेरों में रहने को विवश हो जाएंगे। इसलिए हर सरकार की यह कोशिश रहती है कि कोयला जहां से भी उपलब्ध है, वह शीघ्रातिशीघ्र अपने प्रांत में पहुंचाया जाए। कौन नहीं जानता कि पंजाब सरकार ने इसके लिए अब बहुत ही प्रशंसनीय प्रयास किए हैं। एक सवाल फिर सुरसा के मुंह की तरह। शायद सुरसा का मुंह उससे छोटा है, जो सवा दो करोड़ लोग प्रतिदिन रेल यात्रा करते हैं, उनमें से बहुत बड़ा वर्ग उन लोगों का है जो आर्थिक दृष्टि से सरकार की किताब में बहुत गरीब हैं, मुफ्त राशन लेने वाले हैं। उज्ज्वला योजना की सुविधा भी प्राप्त कर रहे हैं। अंत्योदय समाज भी है। वैसे लोग भी हैं जो केवल दो-चार सौ रुपया रोज भी कमाने के लिए उत्तर से दक्षिण और दक्षिण से उत्तर तक इन गाडिय़ों का ही सहारा लेते हैं। इन लोगों की यात्रा सुविधाजनक बनाने के लिए रेल यात्रा में समानता तो दूर, घोर असमानता है। एक तरफ तो कुछ रेल गाडिय़ां ऐसी हैं जिनके डिब्बों में न धूल पहुंचती है, न बाहर स्टेशन पर खड़े लोग अंदर की गद्देदार सीटें कभी छू भी सकते हैं और एसी की हवा का आनंद तो ले ही नहीं सकते। रेलवे स्टेशन पर प्रवेश करते ही आर्थिक असमानता का मुंह बोलता कहिए या विषम दर्शन कहिए, हो जाता है। जैसे ही प्लेटफार्म पर हम यात्री लोग सामान सिर से उठाकर या उठवाकर रखते हैं।

अयोध्या से सनातन का भव्य सूर्योदय

अब समय बदल चुका है और अयोध्या, काशी और मथुरा सहित सनातन के सभी आस्था केन्द्रों का व्यापक दृष्टिकोण से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी में महारानी अहिल्याबाई होल्कर व महाराज विक्रमादित्य की छवि स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है क्योंकि इन दोनों ही महान विभूतियों ने हिंदू मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया था और प्रधानमंत्री मोदी भी उन्हीं का कार्य आगे बढ़ा रहे हैं। लगभग दो हजार वर्ष पूर्व महाराज विक्रमादित्य ने रामनगरी को संवारा था उसके पश्चात् महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने और अब 1528 में बाबर के सेनापति के अयोध्या विध्वंस के बाद आधुनिक विक्रमादित्य रूपी प्रधानमंत्री मोदी के हाथों अयोध्या का कायाकल्प हो रहा है। प्रधानमंत्री ने जिस एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया है वह भी बाहर से मंदिर और अंदर से भव्यता का पर्याय है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी अयोध्या यात्रा के माध्यम से धर्मपथ से होते हुए राजपथ को थाम लिया है।

मृत्युंजय दीक्षित

पांच सौ वर्ष के सतत संघर्ष और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विकृत व दूषित मनोवृत्ति की राजनीति के कारण सर्दी, गर्मी व बरसात में भी फटे टेंट में सब प्रकार के कष्ट झेलने वाले राम लला अब अपने दिव्य एवं भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। जैसे-जैसे प्राण प्रतिष्ठा की तिथि (22 जनवरी 2024) निकट आ रही है भारत के पूर्वी से पश्चिमी और उत्तर से दक्षिणी छोर तक समस्त सनातनी रामभक्तों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। सभी प्रभु श्रीरामलला के आगमन के आनन्दोत्सव में डूबना चाह रहे हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी विगत अयोध्या यात्रा में रामभक्तों के मन में भी धैर्य का भाव जगाना पड़ा ।

उन्होंने 30 दिसंबर को अयोध्या की भूमि से सम्पूर्ण भारत को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर के लिए 500 वर्षों से भी अधिक समय से प्रतीक्षा की है और संघर्ष किया है और अब बस कुछ दिन ही और धैर्य रखना है। प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में राम ज्योति जलाने व दीपावली मनाने का आह्वान भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर किसी की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने की इच्छा है लेकिन ऐसा संभव नहीं है। उन्होंने देश के सभी राम भक्तों से प्रार्थना की कि वे 22 जनवरी को विधि -विधान से कार्यक्रम संपन्न हो जाने के बाद 23 जनवरी के बाद अपनी सुविधानुसार अयोध्या आयें। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने भव्य रोड शो निकाला। अत्याधुनिक महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट और अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया, उत्सव के वातावरण में वंदे भारत व अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के विकास पथ का भव्य श्रीगणेश किया। 2014 के पूर्व भारत की धर्मप्राण जनता ने सपने में भी नहीं सोचा था कि अयोध्या में इतना दिव्य एवं भव्य मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा या फिर कोई प्रधानमंत्री अयोध्या को विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी बनाने का कार्य करेगा क्योंकि एक समय था जब देश का कोई भी नेता अयोध्या का नाम तक लेने से हिचकता था।

उन्होंने 30 दिसंबर को अयोध्या की भूमि से सम्पूर्ण भारत को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर के लिए 500 वर्षों से भी अधिक समय से प्रतीक्षा की है और संघर्ष किया है और अब बस कुछ दिन ही और धैर्य रखना है। प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में राम ज्योति जलाने व दीपावली मनाने का आह्वान भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर किसी की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने की इच्छा है लेकिन ऐसा संभव नहीं है। उन्होंने देश के सभी राम भक्तों से प्रार्थना की कि वे 22 जनवरी को विधि - विधान से कार्यक्रम संपन्न हो जाने के बाद 23 जनवरी के बाद अपनी सुविधानुसार अयोध्या आयें। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने भव्य रोड शो निकाला। अत्याधुनिक महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट और अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया, उत्सव के वातावरण में वंदे भारत व अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के विकास पथ का भव्य श्रीगणेश किया। 2014 के पूर्व भारत की धर्मप्राण जनता ने सपने में भी नहीं सोचा था कि अयोध्या में इतना दिव्य एवं भव्य मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा या फिर कोई प्रधानमंत्री अयोध्या को विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी बनाने का कार्य करेगा क्योंकि एक समय था जब देश का कोई भी नेता अयोध्या का नाम तक लेने से हिचकता था।

अब समय बदल चुका है और अयोध्या, काशी और मथुरा सहित सनातन के सभी आस्था केन्द्रों का व्यापक दृष्टिकोण से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी में महारानी अहिल्याबाई होल्कर व महाराज विक्रमादित्य की छवि स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है क्योंकि इन दोनों ही महान विभूतियों ने हिंदू मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया था और प्रधानमंत्री मोदी भी उन्हीं का कार्य आगे बढ़ा रहे हैं। लगभग दो हजार वर्ष पूर्व महाराज विक्रमादित्य ने रामनगरी को संवारा था उसके पश्चात् महारानी अहिल्याबाई होलकर ने और अब 1528 में बाबर के सेनापति के अयोध्या विध्वंस के बाद आधुनिक विक्रमादित्य रूपी प्रधानमंत्री मोदी के हाथों अयोध्या का कायाकल्प हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने जिस एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया है वह भी बाहर से मंदिर और अंदर से भव्यता का पर्याय है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी अयोध्या यात्रा के माध्यम से धर्मपथ से होते हुए राजपथ को थाम लिया है। प्रधानमंत्री अपने चिर परिचित अंदाज में सरकारी योजनाओं की एक लाभार्थी मीरा मांझी के घर पहुंच गये। उनके परिजनों का हालचाल पूछा। साथ ही मीरा के हाथों बनाई चाय को पीकर सभी को अचंभित कर दिया। मीरा उज्जवला योजना की दस करोड़वीं लाभार्थी होने के साथ एक निषाद परिवार से हैं । यह एक कटु सत्य है कि 2014 और फिर 2017 से पूर्व वर्तमान अयोध्या की कल्पना किसी ने भी नहीं की थी। हवाई अड्डा, इतना बड़ा और सुविधा संपन्न रेलवे स्टेशन, रामपथ-धर्मपथ-भक्तिपथ जैसे मार्ग कल्पनामात्र ही थे। सूर्यस्तंभ की तो किसी ने कल्पना तक नहीं की थी।

अब प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ये सभी कल्पनाएं साकार हो रही हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि आगामी दस वर्षों में अकेले अयोध्या में ही 80 हजार करोड़ से अधिक विकास कार्य संपन्न कराए जायेंगे। अयोध्या विश्व की सबसे विशाल सांस्कृतिक राजधानी बनने की ओर अग्रसर हो रही है। चार ऐतिहासिक प्रवेशद्वारों के संरक्षण एवं सुंदरीकरण योजना के मूर्तरूप लेने के बाद अयोध्या और भी अधिक शोभायमान हो जाएगी। सरयू नदी पर राम की पैड़ी से राजघाट तक राजघाट से भगवान श्रीराम के मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार पूर्ण होने के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की राह और भी अधिक सुगम होगी। अतः इस बात में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि 22 जनवरी 2024 के बाद आने वाला समय अयोध्या का है।

सनातन संस्कृति के उत्थान का है। आज संपूर्ण विश्व के राम भक्त अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए आतुर हो रहे हैं। सभी रामभक्त कम से कम एक बार वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों में बैठकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए आना चाह रहे हैं। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट को देखने के लिए निकटवर्ती गोंडा, सुलतानपुर व अंबेडकरनगर लोग केवल एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन देखने के लिए भारी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे हैं और सेल्फी का आनंद उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी दिनों में एयरपोर्ट में अभी 10 लाख यात्री प्रतिवर्ष आयेंगे लेकिन जब यह पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा तो यहां पर प्रतिवर्ष 60 लाख यात्री आयेंगे वहीं अयोध्या धाम का स्टेशन सपूंर्ण हो जाने के बाद प्रतिदिन 60 हजार यात्री आयेंगे। अब अयोध्या वैश्विक जगत में आध्यात्मिक नक्षत्र के रूप में उभरने जा रही है।

विचार

आरजेडी वालों, मंदिर-स्कूल में भेद नहीं, ये वैशिष्ट्य है हमारा

इसी बीच राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) में काम करनेवाले लालू यादव एवं उनके बच्चों के भक्तगण, राजनीतिक कार्यकर्ता हैं, जो मंदिर की तुलना आज स्कूल से कुछ इस तरह से कर रहे हैं जैसे कि मंदिर अज्ञानता के गढ़ हैं और इनसे सभी को दूरी बनाए रखना चाहिए । वस्तुतः लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के घर के बाहर जो विवादित पोस्टर लगा है, उससे तो यही समझ आ रहा है कि अयोध्या में बन रहा भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर इन लोगों को रास नहीं आ रहा । इस पोस्टर में मंदिर को गुलामी का मार्ग बताया गया है और लिखा गया है, मंदिर का मतलब मानसिक गुलामी का मार्ग और स्कूल का मतलब होता है जीवन में प्रकाश का मार्ग।

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसके मुख्य समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इस समारोह को लेकर अंतर्विरोध भी देखने को मिल रहा है। एक तरफ ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन राजनीतिक पार्टी है, जिसके प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी राममंदिर और बाबरी ढांचे के बहाने फिर से सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी ओर राम मंदिर को लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज का एक विवादित बयान सामने आया है। बयान में वे कहते दिखे, 500 साल बाद मनुवाद की वापसी हो रही है।

इसी बीच राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) में काम करनेवाले लालू यादव एवं उनके बच्चों के भक्तगण, राजनीतिक कार्यकर्ता हैं, जो मंदिर की तुलना आज स्कूल से कुछ इस तरह से कर रहे हैं जैसे कि मंदिर अज्ञानता के गढ़ हैं और इनसे सभी को दूरी बनाए रखना चाहिए । वस्तुत- लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के घर के बाहर जो विवादित पोस्टर लगा है, उससे तो यही समझ आ रहा है कि अयोध्या में बन रहा भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर इन लोगों को रास नहीं आ रहा । इस पोस्टर में मंदिर को गुलामी का मार्ग बताया गया है और लिखा गया है, मंदिर का मतलब मानसिक गुलामी का मार्ग और स्कूल का मतलब होता है जीवन में प्रकाश का मार्ग। जब मंदिर की घंटी बजती है तो हमें संदेश देती है कि हम अंधविश्वास, पाखंड, मूर्खता और अज्ञानता की तरफ बढ़ रहे हैं और जब स्कूल की घंटी बजती है तो यह संदेश मिलता है कि हम तर्कपूर्ण ज्ञान और वैज्ञानिकता व प्रकाश की ओर बढ़ रहे हैं। अब तय करना है कि आपको किस ओर जाना चाहिए?

यहां कहने को जिन्होंने ये पोस्टर लगवाया है, वे आरजेडी के विधायक अपने नाम के साथ जिस जाति कुशवाहा समाज और धर्म का उल्लेख करते हैं, वह हिन्दू है। आश्चर्य इस बात पर होता है कि हिन्दू होकर मंदिरों से इतना द्रोह! क्या इन्हें मंदिर के होने के पीछे का मनोविज्ञान नहीं पता ? और यदि नहीं भी पता है तो अच्छा होता यह सभी कुछ अनर्गल लिखने के पूर्व उस दर्शन और विशेष ज्ञान को प्राप्त करते जोकि प्रत्येक मंदिर के होने के पीछे का सत्य है। सच पूछिए तो इस तरह की सोच रखनेवालों की बुद्धि पर तरस आता है। यह तरस इसलिए भी है, क्योंकि भारत भूमि पर किसी हिन्दू घर में जन्म लेने के बाद भी ये लोग अब तक मंदिर के होने के पीछे के अंतरदर्शन को नहीं जान पाए हैं और न ही आगे भी जानने में कोई रुचि रखते हैं।

इस तरह की सोच रखने वाले थोड़ा इतिहास का अध्ययन अवश्य करें; भारत के इतिहास में ही नहीं दुनिया भर के इतिहासकार इस बात के लिए एकमत हैं कि मंदिरों में बैठकर ही महान ज्ञान परंपरा का विकास हुआ है। ये मंदिर जीवन को गहराई के साथ समझने के वो केंद्र रहते आए हैं, जिसमें कि परा-अपरा समस्त प्रकार की विद्याएं मौजूद हैं। आरजेडी के लोगों का स्कूल के साथ मंदिर की तुलना भी मुखर्तापूर्ण लगती है, क्योंकि आज भी भारत के हजारों हजार मंदिर ज्ञान धारा के जीवंत केंद्र हैं। आधुनिक एवं प्राच्य शिक्षा को संचालित करनेवाले सुदूर दक्षिण के किसी प्रदेश से लेकर उत्तर के अंतिम छोर तक भारत भर में अनेकों मंदिर हैं जो ज्ञान का दीप अपने विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के माध्यम से प्रकाशित कर रहे हैं। यही स्थिति संपूर्ण भारत में पूर्व से पश्चिम तक देखी जा सकती है।

आज आरजेडी के जो नेता एवं कार्यकर्ता मंदिर का मतलब मानसिक गुलामी का मार्ग बता रहे हैं और कह रहे हैं कि जब मंदिर की घंटी बजती है तो हमें संदेश देती है कि हम अंधविश्वास, पाखंड, मूर्खता और अज्ञानता की तरफ बढ़ रहे हैं तब उन्हें यह अवश्य ही सोचना चाहिए कि वे मंदिर के बहाने भारत की पूरी ज्ञान परंपरा को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं, क्योंकि भारत की संस्कृति में जो संस्कार हैं वे इन्हीं मन्दिरों की देन हैं।

%मंदिर% शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है, मन के अंदर । संस्कृत भाषा और यजुर्वेद के ब्राह्मण ग्रन्थ ÷शतपथ ब्राह्मण÷ से आए इस शब्द में 'मन' और 'दर' की संधि विच्छेद करने पर मन दर होता है। जिसका कुल तात्पर्य मन का द्वार है, जहां हम अपने मन का द्वार खोलते हैं, वह स्थान मंदिर है। इसी तरह से अगर हम मन का संधि विच्छेद करें तो म न में म का अर्थ मम यानी कि मैं से है और न अर्थात नहीं, कुल शब्द का अर्थ हुआ जहां मैं नहीं ! यानी कि जिस स्थान पर जाकर हमारा 'मैं' यानि अंहकार 'न' रहे वह स्थान मंदिर है। इसलिए ही प्राचीन समय से ही मंदिर ऊर्जा और प्रार्थना के केंद्र रहे हैं। यदि इसकी और गहराई में जाएं तो प्रत्येक कार्य, विचार और भावना का प्रारंभिक बिंदु मन है। मन उन दृष्टियों का धारण स्थान है जिन्हें हम देखते हैं, सुनते हैं और महसूस करते हैं । यह मन के माध्यम से ही है कि हम पृथ्वी और आकाश की, संगीत की, कला की, वास्तव में हर चीज़ की सुंदरता, असुन्दरता की अनुभूति को अनुभव करते हैं । कोशिका और तंत्रिका के माध्यम से अंदर और बाहर काम करने वाला विचार यह मन ही है जो असंख्य मनोदशाओं को एक सामंजस्यपूर्ण संपूर्णता में पिरोता है, और हम इसे जीवन कहते हैं।

फीडबैक के जरिये माहौल बनाने की कवायद

डॉ. दीपक पाचपोर

आम चुनाव की दहलीज पर खड़े और भारत के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को आतुर नरेन्द्र मोदी अब लोगों से जानना चाहते हैं कि देश ने विभिन्न क्षेत्रों में कैसी तरक्की की है। शायद वे पहले पीएम हैं जो अपने 10 वर्षों के कामों पर जनता का सीधे फीडबैक मांग रहे हैं। इस लिहाज से उनकी तारीफ की जा सकती है परन्तु यह भी समझना होगा कि क्या वे केवल अपने बारे में रायशुमारी कर रहे हैं या सचमुच देश की प्रगति का आंकलन करना चाहते हैं।

लोकसभा चुनाव-2024 को बामुश्किल 3-4 माह ही रहते हैं, ऐसे में फीडबैक की उपयोगिता पर भी प्रश्नचिन्ह लगते हैं। जनता से मिलने वाले विचारों के मुताबिक कम से कम इस कार्यकाल में तो वे अपनी कार्यपद्धति में संशोधन नहीं कर सकतेय तो क्या यह माना जाये कि वे आम राय का उपयोग अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिये करेंगे? ऐसा इसलिये लगता है क्योंकि मोदी का प्रशासन लगभग सभी मोर्चों पर नाकाम साबित हुआ है और उनकी छवि ने भी पिछले दिनों बड़ी गिरावट दर्ज की है। ऐसे में उन्हें अपनी छवि के पुनर्निर्माण की बेहद आवश्यकता है। उनके हाथों 22 जनवरी को उद्घाटित होने जा रहे जिस राममंदिर के बल पर वे अगला चुनाव जीतने की जुगत में है, उसका असर हिन्दीभाषी एवं उनसे लगे कुछ राज्यों से बाहर होने की संभावना नहीं दिखती। ऐसे क्षेत्रों में दक्षिण भारत, उत्तर-पूर्वी राज्य, जम्मू-कश्मीर आदि का उल्लेख किया जा सकता है। इसलिये मोदी के लिये जरूरी है कि वे कुछ नया धमाल करें ताकि उनके समर्थक मानें कि उनका करिश्मा समाप्त नहीं हुआ है। सम्भवतः प्रस्तावित फीडबैक का उपयोग इसी उद्देश्य के लिये होगा। अयोध्या में भव्य हवाई अड्डे के उद्घाटन से उत्साहित मोदी ने सोमवार को अपने एक्स (पहले का ट्विटर) पर पोस्ट कर लोगों से यह राय मांगी है। उन्होंने लिखा है- पिछले 10 वर्षों में अलग-अलग क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति के बारे में आप क्या सोचते हैं?

अपनी प्रतिक्रिया नमो एप में जन मन सर्वे के जरिए सीधे मुझ तक पहुंचाएं। पीएम ने जिन क्षेत्रों में हुए कामों पर जनता से फीडबैक मांगा है, वे हैं- बुनियादी ढांचे का निर्माण, रोजगार के अवसर, राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, भ्रष्टाचार मुक्त शासन, किसान समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, कानून-व्यवस्था एवं शहरी विकास। लोग मोदी शासन, उनके सांसदों एवं निर्वाचन क्षेत्र की विशिष्टताओं पर भी अपनी राय दे सकते हैं। यह भी पूछा गया है कि वे केन्द्र सरकार की किन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। वैसे तो यह सर्वे नमो एप पर 19 दिसम्बर से जारी है लेकिन लगता है कि अब प्रधानमंत्री द्वारा एक्स पर पोस्ट करने के बाद इसमें तेजी आएगी। देखना यह भी होगा कि क्या इसमें केवल समर्थक ही जगह पायेंगे या फिर प्रतिकूल टिप्पणियों को भी नोट किया जायेगा? ऐसी आशंका इसलिये जताई जा सकती है क्योंकि मोदी अपनी आलोचनाओं को गालियां मानते हैं और उनकी डिक्शनरी में वे शब्द नहीं हैं जो उनके कामों के खिलाफ व्यक्त किये जाते हैं। यह सर्वे कितना पारदर्शी होगा- यह भी देखना होगा। कितनी ईमानदारी से इसके निष्कर्षों का प्रस्तुतीकरण होगा, इस पर भी गौर फरमाना चाहिये। असली बात तो यह है कि जितने क्षेत्रों के कामों के बारे में पीएम जनता की राय पूछ रहे हैं, क्या उनके बारे में सारी स्थितियां सामने नहीं हैं? मसलन, रोजगार के अवसरों की ही बात करें तो शासकीय आंकड़े बतलाते हैं कि नवम्बर, 2016 में लाई गई नोटबन्दी और तत्पश्चात कोरोना के चलते करोड़ों लोगों ने अपने रोजगार खोये हैं। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्होंने अपने लिये रोजगार ढूंढने ही बन्द कर दिये हैं। बड़े प्रयासों के बाद जितनी बड़ी तादाद में लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया था, उससे कहीं ज्यादा लोग इन 10 वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे गये हैं। तभी तो 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर जिंदा हैं। अब तो सरकार ने इस बाबत आंकड़े रखने ही बन्द कर दिये हैं।

राशिफल

मेष : प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

बृषभ : किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

मिथुन : नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

कर्क : काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

सिंह : अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

कन्या : कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

तुला: भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

वृश्चिक: किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

धनु : संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

मकर : नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

कुंभ : कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

मीन: थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

चुनाव वर्ष में रहेगी बेरोजगारी के बीच नागरिकों में मुफ्त बांटने की होड़

के रवीन्द्रन

आईएमएफ के अनुसार, व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता द्वारा समर्थित विकास मजबूत रहने की उम्मीद है। 2023-24 और 24-25 वित्तीय वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 6.3 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। हेडलाइन मुद्रास्फीति धीरे-धीरे लक्ष्य तक कम होने की उम्मीद है, हालांकि खाद्य कीमतों के झटकों के कारण यह अस्थिर बनी हुई है। इसी प्रकार, लचीली सेवाओं के निर्यात और कुछ हद तक कम तेल आयात लागत के परिणामस्वरूप चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 1.8 प्रतिशत तक सुधरने की उम्मीद है। आगे बढ़ते हुए, यह देश के मूलभूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और एक मजबूत सरकारी बुनियादी ढांचे कार्यक्रम के विकास को बनाये रखने पर विचार करता है। इसमें कहा गया है कि यदि व्यापक सुधार लागू किये जाते हैं तो श्रम और मानव पूंजी के अधिक योगदान के साथ भारत में और भी अधिक विकास की संभावना है।

यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनावी वर्ष है और मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का फुटनोट विकास को प्रभावित करने वाले मुफ्त और सब्सिडी की राजनीति के जोखिमों को इंगित करेगा। साल के मध्य से दबाव बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि विकास के संचालक कम से कम कुछ स्तरों पर गियर बदल देंगे। खाद्य सहायता कार्यक्रमों, रसोई गैस सब्सिडी और ग्रामीण रोजगार योजनाओं के लिए आवंटन में बढ़ोतरी का संकेत पहले ही दिया जा चुका है। फिर भी, इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊंची विकास दर दर्ज करने के लिए तैयार है।

गोल्डमैन सैक्स रिसर्च के 2024 के वैश्विक दृष्टिकोण में 13 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से, भारत की अनुमानित विकास दर 6.2प्रतिशत के साथ सबसे अधिक है, चीन 4.8प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। दुनिया महामारी के बाद चीनी अर्थव्यवस्था में सुधार पर उत्सुकता से नजर रख रही है, जो हालांकि, उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है। इसलिए, भारत की संभावनाएं विश्व अर्थव्यवस्था के प्रबंधकों के लिए जश्न का कारण बननी चाहिए। जबकि सरकारी खाते पर पूंजीगत व्यय निश्चित रूप से धीमा हो जायेगा, गोल्डमैन के अर्थशास्त्रियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि निजी निवेश में तेजी लाने के लिए परिस्थितियां परिपच् हैं। वे इसका कारण यह बताते हैं कि भारतीय कंपनियां ऐसा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, भले ही बैंक बैलेंस शीट अच्छी तरह से पूंजीकृत हैं और विनिर्माण बैलेंस शीट डि-लीवरेज कर रही हैं।

एसोचैम ने पिछले दिनों कहा था कि मजबूत उपभोक्ता मांग के कारण उसे निर्माण, आतिथ्य और रेलवे तथा विमानन सहित बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में निवेश में बढ़ोतरी की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि वित्तीय, निर्माण, होटल, विमानन, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे अन्य विनिर्माण क्षेत्र आने वाले वर्ष में प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए मजबूत पिच पर हैं और प्रक्षेपवक्र को कम कच्चे तेल की कीमतों से मदद मिल रही है, जिससे मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखा जा रहा है। कच्चे माल की लागत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। फिर यह और भी अधिक खुशी की बात है क्योंकि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि नवंबर में आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि में गिरावट आयी है, जो एक महीने पहले के 12.1 प्रतिशत की तुलना में धीमी होकर 7.8प्रतिशत हो गयी है।

आठ प्रमुख उद्योगों में सीमेंट, कोयला, कच्चा तेल, बिजली, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और इस्पात शामिल हैं। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं का भार भी इन उद्योगों का 40.27प्रतिशत है। आईएमएफ 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन और नये साल के दृष्टिकोण दोनों के बारे में अत्यधिक आशावादी रहा है। भारत के साथ फंड के अनुच्छेद - 4 के तरह परामर्श में, इसने पिछले वर्ष की मजबूत वृद्धि की सराहना की, जिसमें हेडलाइन मुद्रास्फीति मध्यम रही, हालांकि यह अस्थिर बनी हुई है। रोजगार महामारी-पूर्व के स्तर को पार कर गया है और, जबकि अनौपचारिक क्षेत्र का दबदबा कायम है, औपचारिकीकरण में प्रगति हुई है।

आईएमएफ के अनुसार, व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता द्वारा समर्थित विकास मजबूत रहने की उम्मीद है। 2023-24 और 24-25 वित्तीय वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 6.3प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। हेडलाइन मुद्रास्फीति धीरे-धीरे लक्ष्य तक कम होने की उम्मीद है, हालांकि खाद्य कीमतों के झटकों के कारण यह अस्थिर बनी हुई है। इसी प्रकार, लचीली सेवाओं के निर्यात और कुछ हद तक कम तेल आयात लागत के परिणामस्वरूप चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 1.8 प्रतिशत तक सुधरने की उम्मीद है।

आगे बढ़ते हुए, यह देश के मूलभूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और एक मजबूत सरकारी बुनियादी ढांचे कार्यक्रम के विकास को बनाये रखने पर विचार करता है। इसमें कहा गया है कि यदि व्यापक सुधार लागू किये जाते हैं तो श्रम और मानव पूंजी के अधिक योगदान के साथ भारत में और भी अधिक विकास की संभावना है। फंड ने इस बात का स्वागत किया है कि वित्तीय क्षेत्र स्थिर और लचीला बना हुआ है, जैसा कि बैंक ऋण में निरंतर वृद्धि, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के निम्न स्तर और पर्याप्त पूंजी और तरलता बफर में परिलक्षित होता है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627

पीएम मोदी ने दी करोड़ों की सौगात : कुंवर पुष्पेंद्र

▸ पीएम मोदी ने जो कहा वह करके दिखाया इसकी प्रामाणिकता गारंटी रथ से सिद्ध होती है

चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री मोदी ने देश की गरीब जनता को, गरीब किसान को, आसहाय व्यक्तियों को अपना परिवार मानकर जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार करवाई, जिससे कि गरीब का असहाय का मजदूरों का कल्याण हो सके, सभी जन अपने परिवार के जीवन का निर्वहन खुशी से कर सके।

इसी क्रम में मोदी जी की गारंटी का रथ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आया है यह बात क्षेत्रीय सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने चरखारी तहसील के ग्राम गौरहारी एवं भटेवरा कलां में कही।

सांसद चंदेल ने बताया कि मोदी जी पिछले 9 वर्षों से देश को विकसित करने में पूरे मनोयोग से लगे हुए हैं, और आपने देखा पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में सड़क, बिजली पानी, सुरक्षा, सभी क्षेत्र में मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार में आद्वितीय विकास हुआ है, 50 हज़ार करोड़ की लागत से केन बेतवा परियोजना का काम शुरू हो चुका है निश्चित तौर से इस योजना के माध्यम से बुंदेलखंड पानी से लबालब हो जाएगा। पीएम मोदी ने जो कहा वह करके दिखाया इसकी प्रामाणिकता मोदी गारंटी रथ से सिद्ध होती है, विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार आपके घर आई है, सभी सरकारी अधिकारी कर्मचारी पात्र व्यक्तियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने आए हैं। विकसित भारत के लिए सांसद ने ग्रामवासियों को शपथ दिलाई, नौनिहाल बच्चों का अन्नप्राशन कराया, अधिकारियों को ग्राम वासियों की समस्या दूर करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख सीमा जयराम कुशवाहा, कोऑपरेटिव बैंक डायरेक्टर महेंद्र गुरुदेव, जिला मीडिया प्रभारी शशांक गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा पंकज तिवारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी, भरत तिवारी, नोडल अधिकारी रवि गुप्ता, आदि भाजपा कार्यकर्ता बंधु एवं ग्रामवासी जन उपस्थित रहे।

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए आयोजित हो रहे कार्यक्रम

जिले भर में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम वरदा मंडल खरेला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने भी इसमें भागीदारी की। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार आयी है। मोदी जी की गारंटी सभी के साथ है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो योजनाएं दी जा रही है उनको जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्प भारत योजना के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि विधवा, विकलांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, आवास व शौचालय हर गरीब व्यक्ति तक पहुंचाना हम लोगो का काम है जो पात्र व्यक्ति है उस तक इन सभी योजनाओं का लाभ अवश्य पहुंचना चाहिए अगर कोई भी अधिकारी पात्र व्यक्ति को लाभ नहीं देता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी। अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। बता दें कि पूरे जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।

पनवाड़ी ब्लॉक सभागार में विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला आयोजित

पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।

कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना अंतर्गत एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेले का आयोजन विकासखंड सभागार पनवाड़ी में किया गया कृषि मेले का शुभारंभ ब्लॉक अंजना श्री प्रकाश अनुरागी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता श्री प्रकाश अनुरागी द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी श्रीअन्न , ड्रोन इस्तेमाल की जानकारी किसानों को दी गई कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए डॉक्टर हरी प्रकाश नामदेव ने कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी यथा जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, आत्मा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना और सोलर पंप योजना आदि की जानकारी किसानों को विस्तृत रूप से दी कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर रामसेवक चौरसिया पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एनबीआरआई लखनऊ द्वारा किसानों को उन्नतशील तकनीकी अपनाते हुए अधिक उत्पादन लेकर आए बढ़ाने और रुद्र प्रताप मिश्रा जैविक खेती विशेषज्ञ कोऑर्डिनेटर ग्राम उन्नति संस्थान महोबा द्वारा कृषकों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई डॉक्टर भानु प्रताप सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी पनवाड़ी द्वारा किसानों को गौ संरक्षण और टैगिंग की जानकारी दी गई माननीया ब्लॉक प्रमुख और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मंडल महामंत्री आदि जनप्रतिनिधियों द्वारा मेला प्रांगण में लगे विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर उनसे जानकारी ली एवं कार्यक्रम आयोजन की सराहना की द्य कार्यक्रम में जयनारायण चन्सोरिया, जिला सलाहकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन महोबा कृषि विभाग के अनिल कुमार, संजय कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक, शीतल प्रसाद,महेंद्र कुमार, प्राविधिक सहायक, ऋषिकेश द्विवेदी बी टी एम, सत्येंद्र सिंह,अशोक कुमार ए टी एम, एवं सुनील कुमार रावत कम्प्यूटर ओपरेटर आपदा मित्र और समस्त कर्मचारी सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

प्रवक्ता अली साबिर ने डीआईओएस को भेंट किये चित्र

इटावा, समृद्धि न्यूज। इस्लामिया इंटर कालेज के चित्र कला प्रवक्ता सैयद अली साबिर ने अपनी कलाकृति का शानदार प्रदर्शन कर जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार का बनाया जलरंग द्वारा हस्तमुक्त चित्र डीआईओएस को नव वर्ष की शुभकामनाओं सहित भेंट किया। ज्ञात हो कि इस्लामिया इंटर कालेज के चित्र कला प्रवक्ता सैयद अली साबिर ने विगत दिवस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार को भी जलरंग द्वारा हस्तमुक्त चित्र भेंट किया था। चित्र कला प्रवक्ता सैयद अली साबिर विभिन्न अवसरों पर अपनी कलाकृति का शानदार प्रदर्शन कर इस्लामिया कालेज का नाम रोशन कर चुके हैं। प्रवक्ता अली साबिर की कई कला कृतियां देश के साथ साथ विदेशों इंग्लैंड एवं कैनेडा में भी लोगों की ड्राइंग रूम की शोभा बढ़ा रहीं हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने अपनी शानदार कला कृतियां बनाकर भेंट करने पर इस्लामिया इंटर कालेज के चित्र कला प्रवक्ता सैयद अली साबिर की सराहना की है।

मतदाता जागरूकता रैली निकाली

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहें मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर में सभी विद्यालयों के छात्रों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जो स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली के संयोजन में इस्लामिया इंटर कालेज निकली। उप जिलाधिकारी निर्वाचन खालिद अंजुम ने जारूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में प्रभारी प्रधानाचार्य नूरूज्जमा व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ लगभग 250 बच्चों ने जन-मानस को जागरूक करने के लिए नारे लिखी तख्तियां व बैनर सहित नगर भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक किया।

प्रमाण पत्र व कंबल पाकर खिले चेहरे

मौदहा, समृद्धि न्यूज। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित दो बड़े कार्यक्रमों में सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं कुछ लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी दिया गया। पड़ रही भीषण सर्दी को देखते हुए कंबल वितरण किया गया। बुधवार सुबह कस्बे के रहमानिया कालेज में आयोजित एक सादे समारोह में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आमजन को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तो वहीं पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, आधार अपग्रेशन के विषय में जानकारी दे लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। भीषण सर्दी और शीतलहर को देखते कंबल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत रहीं। कार्यक्रम के बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा कस्बे के बड़ी देवी मंदिर पहुंची और वहां पर भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद, पूर्व अध्यक्ष बाल्मीकि गोस्वामी, मुकेश पालीवाल, जगदीश प्रसाद व्यास, लालाराम दोहरे, आकाश त्रिपाठी, अरविंद शर्मा, प्रमोद वर्मा, करन सिंह राजपूत, सभासद कुतुबुद्दीन, गुलाम अंसारी, अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे, विद्यालय की प्रधानाचार्या डा.रजिया सुल्तान सहित नगरपालिका कर्मचारी और बीजेपी नेता मौजूद रहे। संचालन मंडल प्रभारी उत्तम सिंह ने किया।

पूर्व विधायक बाबूलाल तिवारी को अर्पित की पुष्पांजलि

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पूर्व विधायक दादा बाबूलाल तिवारी की पंचम पुण्य स्मृति में रामलीला मैदान स्थित रामालय सभागार में पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं पुण्य प्रतीक के रूप में कंबल वितरित किए गए।

इस अवसर पर सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, रोटी बैंक के अध्यक्ष मुट्टन चच्चा, मुकुंद फाऊंडेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद वेद प्रकाश द्विवेदी द्वारा स्वस्तिवाचन, अंशिका सरगम द्वारा गीत एवं अमन सोनी के द्वारा सामूहिक रघुपति राघव राजाराम का कीर्तन किया गया। इस अवसर पर रामदत्त तिवारी, वीरेंद्र मोहन तिवारी, चंद्रभूषण द्विवेदी, मुकेश गुप्ता, त्रिलोक मोहन तिवारी, सुभाष तिवारी, राजीव तिवारी, रंजन तिवारी, प्राण सिंह यादव, अमित यादव सहित भारी संख्या में लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का सफल संचालन जितेंद्र चौरसिया आल्हा गायक ने किया। उधर कीर्तिशेष पूर्व विधायक बाबूलाल तिवारी दादा की पंचम पुण्य तिथि पर राठ रोड स्थित समाधि स्थल में सुंदरकांड एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, पूर्व पालिकाध्यक्ष दिलाशा तिवारी, सौरभ तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश यादव सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

खोए मोबाइल दिलाकर लोगों को महोबा पुलिस ने दिया नए वर्ष का तोहफा

▸ लगभग 17 लाख की कीमत के 76 खोये हुए मोबाइल फोन को सर्विलांस के माध्यम से किया गया बरामद

महोबा, समृद्धि न्यूज।

एक मोबाइल किसी के लिए बहुत कुछ और किसी के लिए सब कुछ हो सकता है, इसी उद्देश्य के साथ अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा के निर्देशन में जनपदवासियों के गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय सर्विलांस सेल तथा जनपदीय स्वॉट की पुलिस टीम के नेतृत्व में निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में 76 खोये हुए मोबाइल फोन जिनकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 17 लाख रुपये /- है।

इन खोये हुए मोबाइल फोन की बरामदगी की गई है, बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को बुलाकर अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन सभाकक्ष में मोबाइल स्वामियों को बुलाया गया एवं उनको उनके मोबाइल सुपुर्द कर जनपदवासियों को नये वर्ष के दौरान उपहार दिया गया है, अपने खोये हुए मोबाईल पाकर मोबाइल स्वामियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और महोबा पुलिस एवम् सर्विलांश सेल द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये सहृदय धन्यवाद दिया।

गुंडा एक्ट में जिला बदर को पुलिस ने दबोचा

कुरारा, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के गांव शेखूपुर में तिराहे पर घूम रहे जिला बदर अपराधी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

शेखूपुर गांव निवासी मोहन पुत्र राम प्रकाश को जिला मजिस्ट्रेट ने जिला बदर किया था। इसके बावजूद आरोपी बेखौफ होकर गांव में रह रहा था। मुखबिर ने थाना पुलिस को सूचना दी कि जिला बदर अपराधी पानी की टंकी के निकट तिराहा में वाहन के इंतजार में खड़ा है। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक संगम लाल प्रजापति हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचकर चारों तरफ से घेराबंदी कर जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

कराटे प्रतियोगिता में महोबा का दबदबा

▸ झांसी में आयोजित हुई ओपन नेशनल कराटे प्रतियोगिता

महोबा, समृद्धि न्यूज।

झांसी में आयोजित हुई ओपन नेशनल कराटे प्रतियोगिता में महोबा की टीम के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक गोल्ड मेडल हासिल किए। इससे जिले का नाम रोशन हुआ है।

झांसी में 30 दिसंबर को ओपन नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड, मुंबई मप्र सहित नौ राज्यों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उप्र से महोबा की टीम में 10 खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया। जिसमें उनका दबदबा कायम रहा। महोबा की सिमरन ने काता में गोल्ड, कुमिते में गोल्ड हासिल किया।

इस तरह आराध्या ने काता में गोल्ड, कुमिते मे गोल्ड, मुक्ता ने काता में गोल्ड, कुमिते मे गोल्ड, अगस्तया ने काता मे गोल्ड कुमिते में गोल्ड, यश ने काता मे ब्रांज व कुमिते में गोल्ड मेडल हासिल किए। इसी तरह शिवांगी, प्रांजल, रिधिमा, विदित ने काता में गोल्ड कुमिते में सिल्वर, आशुतोष ने भी गोल्ड मेडल हासिल किए। टीम कोच की भूमिका में सेंपई हिमांशी विश्वकर्मा ब्लैक बेल्ट ने निभाई। सेल्फ डिफेंस अकादमी के सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कंपकंपी से छुटकारा पाने को गर्म कपड़ों का धंधा गुलजार

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

ठिठुरन भरी सर्दी से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं सर्दी का सितम लगातार जारी है। बढ़ रही गलन से बचने के लिए लोग गर्म कपड़े खरीदने को मजबूर हैं। इससे गर्म कपड़ों का बाजार भी तेज हो गया है। इनदिनों शोरूम के साथ ही फुटपाथ पर सजीं गर्म कपड़ों की दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। बाजार में ऊनी कपड़े, जैकेट, स्वेटर, दस्ताने, टोपी, मफलर, मौजे आदि की मांग बढ़ी है। तो वहीं कंबल, शाल की भी बिक्री में इजाफा हुआ है। इससे दुकानदारों के चेहरे की रौनक लौट आई है।

नववर्ष के आगाज होने के पश्चात ही सभी गर्म कपड़ों के कारोबारियों के चेहरे खिल उठे थे। पहले गर्म कपड़ों का बाजार काफी ठंडा रहा। सर्दी कम होने के कारण लोगों का गर्म कपड़ों की खरीदारी पर कोई ध्यान नहीं था, लेकिन इन दिनों गलन भरी ठंड ने गर्म कपड़े खरीदने पर सभी को मजबूर कर दिया है। लोग सर्दी से बचने के लिए जैकेट, स्वेटर, मफलर, टोपी, शॉल के साथ-साथ घर के लिए कंबल, रजाई की खरीदारी भी कर रहे हैं। जिससे गर्म कपड़ों के बाजार में अच्छा उछाल आया है।

▸ तिब्बत के दुकानदारों ने सजाया बाजार, खरीदारों की उमड़ी भीड़

ब्लोअर, गीजर, हीटर की भी बढ़ी मांग

गर्म कपड़ों के साथ ब्लोवर, गीजर, हीटर की भी मांग बढ़ी है। सर्दी के बढ़ते सितम के आगे लोग किसी तरह अपने आप को गर्म रखना चाह रहे हैं। इससे इन इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की बिक्री में भी तेजी आई है। इलेक्ट्रिक सामानों के विक्रेता ज्ञान गुप्ता (भगत) ने बताया कि बीते पंद्रह दिनों से हीटर और ब्लोअर की बिक्री बढ़ी है। इनमें कम कीमत वाले हीटर, ब्लोअर की ज्यादा डिमांड है।

इस बार भी लगा तिब्बती बाजार

नववर्ष शुरू होने से पूर्व ही तिब्बती लोगों ने मुख्यालय पहुंचकर गर्म कपड़ों का बाजार सजा दिया है। इस बार तिब्बती लोगों के साथ स्थानीय लोगों ने भी इनके साथ गर्म कपड़ों का बाजार लगाया है। जिससे पुलिस परेड व प्रधान डाकघर के बाहर इनका बाजार गुलजार है। इनके बाजार में खरीदारों की जबरदस्त भीड़ है। तमाम वैरायटी मिलने की वजह से इनके कपड़ों का आकर्षण ही अलग है। स्थानीय लोगों का मानना है कि तिब्बती बाजार में अच्छे और वैरायटी के गर्म कपड़े मिलते हैं जो बाजारों में लगी दुकानों से काफी सस्ते होते हैं।

छह व सात जनवरी को होगा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। शिक्षा प्रसार समिति के तत्वावधान में स्व.संदीप साहू राष्ट्रीय खिलाड़ी की स्मृति में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता क्षेत्रीय एवं ग्रामीण के आयोजन के विषय में पुलिस परेड ग्राउंड में बैठक संपन्न हुई। बैठक में 6 और 7 जनवरी को वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के विषय में सभी व्यवस्थाओं और टीमों के प्रबंध को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के मुख्य सलाहकार दिलीप सचान ने की। बैठक में अध्यक्ष असद एजाज, उपाध्यक्ष राम अवतार सचान, वीरेंद्र द्विवेदी, सरंक्षक अनवर मिर्जा, कोषाध्यक्ष संदीप सिंह, नफीस अहमद, सुरेश कुमार, रामकृपाल, छोटे भाई, राम अवतार सचान, रामौतार धुरिया, प्रकाश, बलिराम, भगत जी, जॉली सचान, विवेक सचान, राजा मुन्ना, बल्लू, रविकांत प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जीएसटी विसंगतियों पर जताया विरोध

इटावा, समृद्धि न्यूज।

जीएसटी विभाग द्वारा 2017-2018 व 2018 --2019 वर्षों में व्यापारियों के विरुद्ध मिसमैच के आधार पर भारी ब्याज व पेनल्टी लगाई जा रही है व्यापारियों पर लगातार नोटिस भेजे जा रहे हैं, इसके विरोध में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में तीन सूत्रीय ज्ञापन आज केन्द्रीय वित्त मंत्री को संबोधित जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि जी.एस.टी. का नया कानून वर्ष 2017-18 की मध्य से लागू किया गया था। जब भी इस कानून व ऑनलाइन पोर्टल पर सुधार व संशोधन की प्रक्रिया आज तक चालू है। वर्ष 2017-18 व 2018-19 में जी.एस.टी.आर. 2ए व जी.एस.टी.आर.-2बी पोर्टल पर चालू नहीं था। सिर्फ 3बी रिटर्न फाइल हो सकती थी, जिस वजह से व्यापारी खरीद के बिल पोर्टल पर चेक नहीं कर सकता था। खरीद के वास्तविक बिलों के आधार पर 3 बी फाइल कर आई.टी.सी. क्लेम की जाती थी। इस कारण आई.टी.सी. मिसमेच हो रही थी। अधिकांश मामलों में मामूली टैक्स का अन्तर होने पर भी धारा-73 में कम से कम रू. 10,000 एस.जी.एस.टी. व रू. 10,000 सी.जी.एस.टी. की पैनल्टी 100-200 रूपये का अन्तर होने पर भी लगायी जा रही है तथा 18 प्रतिशत ब्याज की मांग भी नोटिस में भेजी जा रही है, जिसमें व्यापारी की कोई गलती या कभी आई.टी.सी. मिसमेच होने में नहीं है।

ज्ञापन देने वालों मे प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश वर्मा, महामंत्री रिषी पोरवाल, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, संरक्षक हाजी शंहशाह वारसी, जिला उपाध्यक्ष अनूप प्रजापति, हाजी शेख आफताब, भारतेंद्र नाथ भारद्वाज, मुस्तकीम राइन, अर्चना कुशवाहा, देव गुप्ता, जैनुल आबदीन, आशीष गुप्ता, सै लकी, सिकंदर वारसी, कफील खां, विपिन यादव, राजीव कुशवाहा, आरिफ अहमद लाला,साकिर भाई, बल्लू मंसूरी, धर्मेंद्र यादव, शानू आदि मौजूद रहे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर डीएम ने की बैठक

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष व सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी नोडल/प्रभारियों व सहायक नोडल प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी मा.निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का गहनता से साथ अध्ययन कर लें तथा निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला, सहायक निर्वाचन अधिकारी एसके शुक्ला सहित अन्य सभी निर्वाचन से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

इनामिया अन्तर्जनपदीय अपराधी गिरफ्तार

इटावा, समृद्धि न्यूज।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बढ़पुरा पुलिस ने इनामिया अन्तर्जनपदीय अपराधी गिरफ्तार किया।

थाना बढपुरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत यमुना पुल से मानिकपुर मोड बाईपास रोड पर संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान उदी की ओर से एक संदिग्ध मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट की आती हुयी दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति तेज रफ्तार में मानिकपुर मोड की तरफ भागने लगा जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो स्वयं को पुलिस टीम से घिरता देख उसके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फारयरिंग की गयी जिससे अभियुक्त के दाहिने पैर मे गोली लगी । पुलिस टीम द्वारा सतीश गुर्जर पुत्र रामवीर गुर्जर निवासी ग्राम मौरोली थाना कोतवाली जनपद धौलपुर राजस्थान को ग्राम सुनवारा के पास से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया । मुठभेड के दौरान उ.नि. महेश कुमार पाठक भी घायल हो गये जिनका उपचार जिला अस्पताल इटावा कराया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर, 6 जिंदा कारतूस 315 बोर, 3 खोखा कारतूस 315 बोर, बरामद किये गये। इस सफलता में बेचन कुमार सिंह थानाध्यक्ष बढपुरा, उ.नि. महेश कुमार पाठक, का. चालक प्रवीण कुमार, का. आलोक कुमार, का. आशीष मलिक, का. हरीश कुमार का सराहनीय योगदान रहा। उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 10,000 रुपये से पुरस्कृत किया गया।

एग्रीस्टैक क्रॉप सर्वे का बहिष्कार कर दिया ज्ञापन

दुद्धी/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक/ एकाउण्टेन्ट-कम-डाटा इन्ट्री आपरेटर की नियुक्ति हुई थी। इस दौरान पंचायत सहायक ग्रामीण स्तर पर सभी योजनाओं व समय समय पर होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं और लगातार सरकारी योजनाओं को लाभार्थियों के घर घर तक पहुंचाने में प्रयासरत हैं। बावजूद इसके पंचायत सहायक के ऊपर दबाव बनाकर अन्य विभाग के भी कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे ग्राम सचिवालय के कार्य बाधित हो रहे हैं और आम जनमानस को सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। साथ ही एग्रीस्टक क्रॉप सर्वे का कार्य पंचायत सहायक के ऊपर जबरन थोपा जा रहा है जबकि एग्री स्टैक क्रॉप सर्वे कृषि विभाग का कार्य है, जैसे राजस्व लेखपाल, चकबंदी लेखपाल, सुपरवाइजर आदि।

इस कार्य को करने के लिए उनके पास अनुभव और गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध है। उनका कार्य ही है कृषि से संबंधित कार्य देखना, खेतों की माप करना, खसरा खतौनी, जांच पड़ताल आदि और पंचायत सहायक इस कार्य में पूरी तरह अनुभवहीन हैं।

और पंचायत सहायकों को बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के महिला पंचायत सहायकों की भी डयूटी लगाई है? जिससे महिलाओं को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सहित अन्य समस्या को लेकर बुधवार को तहसील क्षेत्र के दुद्धी ब्लाक अध्यक्ष चंदन कुमार बभनी ब्लाक अध्यक्ष विनय कुमार म्योरपुर ब्लाक अध्यक्ष प्रियरंजन यादव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी सुरेश राय को ज्ञापन सौंपा इस दौरान विनश कुमार अजय कुमार राकेश कुमार शशि शर्मा मानसी अग्रहरि गौरव कुमार शिवानी संतोषी अमीषा न्याजुद्दीन राजेश कुमार नंद लाल विकास कुमार सुप्रिया मंजेश कुमार गायत्री पांडेय। आदि उपस्थित रहे।

चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवायें बांटी

जालौन (उरई)। डॉक्टरों की टीम ने खनुआं स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिन बच्चों को दवा की आवश्यकता थी उन्हें निशुल्क दवा भी दी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आरबीएस टीम के डॉक्टरों में रणधीर निरंजन, डॉ. रेनू पांडेय, जमशेद व अमरदीप की टीम खनुआं स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंची। जहां टीम ने केंद्र पर मौजूद आधा सैंकड़ा से अधिक 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कुछ बच्चे में सर्दी के चलते खांसी, जुकाम, बुखार आदि से पीड़ित मिले। जिन्हें टीम ने निशुल्क दवा का वितरण किया। इस दौरान अभिभावकों को साफसफाई के प्रति प्रेरित किया।

अवैध मिट्टी खनन करते जेसीबी व तीन ट्रैक्टर पकड़े

- एसडीएम व सीओ ने सूचना पर की थी छापेमारी

जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।

अवैध मिट्टी खनन करते पकड़ी गयी जेसीबी व ट्रैक्टर कोतवाली में खड़े।

गूढ़ा न्यामतपुर के पास अवैध रूप से हो रहे मिट्टी के खनन की सूचना पर एसडीएम व सीओ ने छापेमारी कर एक जेसीबी मशीन व तीन ट्रैक्टर पकड़े। जिन्हें कोतवाली में खड़ा कराया गया।

नगर व आसपास क्षेत्र में लगातार मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। समय समय पर कार्रवाई भी की जाती है लेकिन अवैध रूप से हो रहा मिट्टी का खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। एसडीएम सुशील कुमार व सीओ रामसिंह को सूचना मिली कि गूढ़ा न्यामतपुर के पास जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वह कोतवाल विमलेश कुमार व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने मौके से एक जेसीबी मशीन व तीन ट्रैक्टर पकड़ा लिए। खनन से संबंधित प्रपत्र मांगने पर वह नहीं दिखा सके। जिसके बाद एसडीएम ने पकड़े गए वाहनों को कोतवाली लाकर खड़ा करा दिया। इस संदर्भ में एसडीएम सुशील कुमार ने बताया कि अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर एक जेसीबी मशीन व तीन ट्रैक्टरों को पकड़ा गया है। जिन्हें कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नशे जैसी कुरीति से युवा दूर रहकर समुचित विकास करें: हिरेंद्र मिश्रा

उरई (जालौन)। युवा हमेशा नशे से दूर रहें ताकि उनका और उनके परिवार का समुचित विकास हो सके। ग्रामीण युवा के देश के पुननिर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं। यह विचार सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवम् उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लखनऊ के निदेशक हिरेंद्र कुमार मिश्रा ने स्वास्थ्य मेला एवं नशा उन्मूलन शपथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

वह बुंदेलखंड महापरिषद के संस्थापक कुंवर सुदर्शन सिंह जादौन की छठवीं पुण्यतिथि पर उनके जन्म स्थान ग्राम टिमरों में आयोजित स्वास्थ्य मेला व नशा उन्मूलन शपथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

राजवैद्य पं. तुलसीराम शुक्ल की प्रथम पुण्यतिथि पर छात्रों को किया सम्मानित

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

राजवैद्य पं. तुलसीराम शुक्ल स्मारक समिति द्वारा उपेन्द्र नारायण की प्रथम पुण्य तिथि पर संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य एंव छात्रों को सम्मानित किया गया।

रेलवे स्टेशन के समीप स्थित आशुतोष आयुर्वेद भवन में राजवैद्य पंडित तुलसीराम शुक्ल स्मारक समिति द्वारा पंडित उपेन्द्र नारायण शुक्ल की प्रथम पुण्य तिथि पर पंडित योगेन्द्र नारायण शुक्ल वैद्य द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया तथा इसके उपरांत संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य रामजी तिवारी, विद्यालय लिपिक ओमी तिवारी, धमना संर्कीतन मण्डल के शिवबालक सिंह यादव, सत्यम शिवम सुन्दरम मण्डल के कुंवर एसपी महेवा व दिनेश प्रिन्टर्स को शाल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। इसी प्रकार विघालय के छात्र ओमी तिवारी, सत्यम पाण्डेय, यश पाण्डेय, आर्यन शर्मा के आलावा सुन्दर काण्ड मण्डली के रमेशचन्द्र सोनी, छोटे बाबू, अनमोल दुवे, अनिल पाल, रतन दुवे को कम्बल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा समिति द्वारा संस्कृत महाविद्यालय के सभी छात्रों को कम्बल देने का निर्णय लिया गया। इस दौरान योगेन्द्र नारायण शुक्ल वैद्य, सन्जू शुक्ला, राहुल मिश्रा, आनन्द शर्मा, अंकित गुप्ता, सुधीर मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा, ज्ञानेन्द्र मिश्रा,छोटू तिवारी, सौरभ गुप्ता आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

चोपन सिंदुरिया मार्ग बना अधूरा, 12 को धरना

चोपन/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

थाना चोपन अंतर्गत चोपन चोपन सिंदुरिया मार्ग की स्थिति एक लम्बे समय से खराब होने की वजह से कई बार घटना दुर्घटना हो चूका है जिसमें कई लोगों की मृत्यु हो गयी है।प्रकरण संज्ञान मे लेकर सड़क निर्माण करने को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा नियमानुसार निविदा निकाला गया जिसके बाद ठेकेदार द्वारा किसी तरीके से कार्य लेट लतीफ प्रारम्भ किया गया।

लेकिन ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से घटिया मैटेरियल का प्रयोग कर के कार्य किया जा रहा है कई जगह सड़क फटना शुरू हो गया हैं जिसमें निगरानी करने वाले अधिकारी वही आँख पर पट्टी बांध कर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे है अभी तक लापरवाही की किसी की जिम्मेदारी तय नहीं किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी गड्ढा मुक्त करने को लेकर सड़क निर्माण विभाग कुम्भ कर्णी निद्रा मे सो रहा है। इस मार्ग की स्थिति काफी भयानक हो गया हैं। आने जाने वाले मरीजों को लेकर आने वाली एम्बुलेंस घंटो जाम का झाम झेल रही हैं व अन्य वाहनों व लोगों का चलना दुभर हो गया हैं आय दिन लोग चोटिल हो रहे हैं ।शासन प्रशासन द्वारा अगर जल्द संज्ञान नहीं लिए तो बड़ी घटना,दुर्घटना हो सकती हैं। छोटे बड़े दुकानदार काफ़ी परेशान हैं गड्ढे व कीचड की वजह से ग्राहक नहीं आ रहे है और दुकानदारो को किराया तक निकालने मे परेशानी हो रही हैं रोजगार ठप्प पड़ गया हैं। महिला सुरक्षा एवं जन सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष सावित्री देवी ने लोक निर्माण विभाग के इस लापरवाही को लेकर विभाग को 11 जनवरी तक का समय देते हुए कहा की अगर कार्य प्रारम्भ नियमानुसार मानक के अनुसार नहीं किया गया व जिम्मेदार लोगो पर कार्यवाही नहीं हुवा तो 12 जनवरी को सावित्री देवी शांति प्रिय तरीके से सिंदुरिया रोड पर गड्ढे मे धरने पर बैठूंगी जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होंगी।

चंदौली ने मिर्जापुर को पांच विकेट से हराया

दुद्धी/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।

स्थानीय खेल मैदान पर बुधवार को मिर्जापुर और चंदौली के बीच लीग मैच खेला गया। टॉस मिर्जापुर के कप्तान रोहित सिंह ने जीता और पहले बल्लेबास करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मिर्जापुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 62 रन बनाये। जिसमे शिवेन्द्र ने 19 रन बनाये, गोलू यादव ने 11 रन बनाये, मनीष यादव ने 9 रन बनाये ,गेंदबाज़ी करते हुए चंदौली टीम के खिलाड़ी अरुण यादव व चिरंजीवी ने 3-3 विकेट हासिल किया। दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी करते हुए चंदौली की टीम ने 9 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमे चीरंजीवी ने 30 रनो की पारी खेली एवम शिवम में 18 रन रन बनायेगेंदबाज़ी करते हुए मिर्जापुर की टीम ने खिलाड़ीशिवम व शिवेंद्र ने 2-2 विकेट अर्जित किया। इस तरह से चंदौली की टीम ने मिर्जापुर के टीम को 5 विकेट से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। चंदौली टीम के खिलाड़ी चिरंजीवी को मैन ऑफ थ मैच का खिताब आज के मुख्य अतिथि कुमार चंदन के हाथो दिया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका अंकुर बच्चन एवं रितेश जायसवाल ने निभाई। वही कमेंटेटर्स के भूमिका में शमीम अंसारी व सलीम ने निभाई।स्कोरर की भूमिका में आयाज एवं आर्यन ने निभाई। गुरुवार को चंदौली व दुर्गापुर के मध्य खेला जाएगा।

खबरें एक नजर में

राम लला के दर्शन पूजन के लिए दिया निमंत्रण

उतरौला,बलरामपुर। बीते बुधवार को टोली नंबर 10 प्रमुख जिलाध्यक्ष धर्म ध्वजा धारी परिषद राम प्रकाश ज्वेलर्स के नेतृत्व में उतरौला बाजार के मोहल्ला आर्य नगर की गली से रामनगर बस्ती तक श्री राम जन्मभूमि व राम लला के दर्शन पूजन के लिए 23 जनवरी से सभी राम भक्तों के दर्शन के लिए घर घर पूजित अक्षत वितरण कर सभी को राम जन्मभूमि के दर्शन के लिए आमंत्रण दिया। इस अवसर पर टोली में धर्म ध्वजाधारी परिषद जिला अध्यक्ष राम प्रकाश ज्वेलर्स के साथ हंसराज गुप्ता, बंसी सैनी, अजय पटवा, लकी पटवा, अनमोल गुप्ता, हर्ष गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

रामधुन के साथ रामभक्तों ने घर-घर बांटे अक्षत पत्रक

ऐट (जालौन)। बुधवार को नगर पंचायत ऐट में अयोध्या से आए अक्षत का वितरण कार्य रामभक्तों ने रामधुन के साथ घर-घर दस्तक देकर वितरण करने में लगे रहे। नव वर्ष के पहले महीने में श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में प्रतिष्ठा होनी है जिसके लिए नगर ऐट में अयोध्या से आए अक्षत का वितरण शुरू हो गया है। बुधवार कि सुबह राम भक्त कोटरा तिराहा संकट मोचन हनुमान मंदिर ऐट में एकत्रित हुए राम भक्तो के साथ विश्व हिंदू परिषद (बजरंग दल) के प्रखंड अध्यक्ष संजीव राठौर, प्रखंड संयोजक वैभव समाधिया, एव नगर के वरिष्ठ राम भक्त केशव गुप्ता, लखन गुप्ता, सबलू तिवारी, उमाशंकर महाराज, अजय राठौर, अंकुर ठाकुर, प्रदीप आचार्य ने हनुमान मंदिर का पूजन कर अयोध्या से आए पूजित अक्षत का घर घर वितरण किया। इस दौरान नगर के अनेकों राम भक्त शामिल रहे।

मांगों के समर्थन में राशन विक्रेताओं ने दिया सांकेतिक धरना

तहसील परिसर में सांकेतिक धरने पर बैठे उचित दर विक्रेता

जालौन (उरई)। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उचित दर विक्रेताओं ने तहसील परिसर में सांकेतिक धरना दिया। धरना के बाद उचित दर विक्रेताओं ने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के तत्वावधान में उचित दर विक्रेता 15 दिवसीय कार्य बहिष्कार पर हैं। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उचित दर विक्रेताओं ने तहसील परिसर में सांकेतिक धरना भी दिया। फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि कोटेदारों 200 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश अथवा 30 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय देने, मिड डे मील और आंगनबाड़ी केंद्र पर जाने वाले राशन के लंबित देयों के शीघ्र भुगतान, खराब हो चुकी ईपॉस मशीनों को बदलने समेत राशन के ऑनलाईन वितरण की दशा में सारी जानकारी ऑनलाइन रहती है। ऐसे में स्टॉक व बिक्री रजिस्टर व वितरण प्रमाणपत्र की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की गई है। इसके अलावा जबसे निशुल्क राशन का वितरण शुरू हुआ है।

वृद्धाश्रम पहुंची पुलिस अधीक्षक ने वृद्धजनों का जाना कुशलक्षेम

श्रावस्ती, समृद्धि न्यूज।

कभी अपने अपनों के साथ हिल मिलकर जीवन का लंबा समय गुजारने वाले वृद्धजनों के लिए बुधवार का दिन शायद किसी त्योहार से कम नहीं था क्योंकि इस दिन के गुजरे वक्त ने उन्हें एक बार फिर बिसरे परिवार और उनके बीच गुजरे वक्त की की याद दिला दी।हालांकि उन यादों के मूल की ममत्व में इतनी कशिश थी कि बिसरे लोगों और उनकी यादों का असर बहुत देर देर तक उन वृद्ध जनों के चेहरे पर टिक न सका।बुधवार की दोपहर का यह मौका था अपने सख्त और नरम,दोनों तेवर के लिए चिर परिचित पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के कोतवाली भिनगा क्षेत्र अंतर्गत कस्बा भिनगा में पहुंचने का जहां उन्होंने एक बेटी की तरह मौजूद वृद्ध जनों का बारी बारी कुशलक्षेम पूछा और कुशल क्षेम जान लेने के बाद सभी वृद्ध जनों को मिष्ठान वितरण कर इस कड़ाके की ठण्ड में कम्बलों का वितरण किया इसके बदले में वृद्ध जनों ने उन्हें हृदय से आशीर्वाद दिया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुश्री सिंह ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों के स्वास्थ्य के सम्बन्ध में वहाँ के केयर टेकर से वार्ता की तथा उन्हें वृद्धजनों के खान-पान व स्वास्थ्य की उचित देखभाल करने के लिये बताया।सुश्री सिंह ने वृद्ध जनों को ठंड से बचने के लिए अलाव हेतु लकड़ियों की व्यवस्था भी कराई।इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुश्री सिंह ने सभी वृद्ध जनों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

उन्होंने वृद्धाश्रम के केयरटेकर को बताया कि सभी वृद्ध जनों को सरकार की तरफ से जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं,उनसे जो मदद मिलनी हो,वह मदद सभी वृद्ध जनों को दिलवाएं।साथ ही यादि इसमें किसी प्रकार की समस्या होती है तो हमसे सीधे संपर्क कर सकते हैं।इस संबंध में हर संभव मदद की जाएगी।वृद्ध जनों से वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक सुश्री सिंह ने उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और साथ ही उनको बताया कि यदि किसी प्रकार की समस्या होती है तो वृद्धाश्रम से कुछ ही कदमों की दूरी पर थाना बना हुआ है।

स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आत्मनिर्भरता के गुण पैदा कर रहा: निशा

जालौन (उरई)। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आत्मनिर्भरता के गुण पैदा कर रहा है। यह बात ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित निशुल्क ब्यूटी पॉर्लर कैंप में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा की महिला संयोजिका निशा माहेश्वरी ने कही। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ठआरसेटी) द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के युवकों और युवतियों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देने का कार्य करता है। संस्थान के निदेशक राकेश त्रिवेदी ने बताया कि युवा यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्म निर्भर बन सकते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वह स्वरोजगार अपना कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

सीएससी में मरीजों को ठंड से बचाने की कवायद शुरू

कालपी (जालौन)। सीएससी में भी मरीजों और तीमारदारों को ठंड से बचाने की कवायद शुरू हो गई। इसके लिए प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है। सर्दी का मौसम शवाव पर है ऐसे में बेमौसम बरसात के बाद इसका जोर और बढ गया है।

जिससे प्रशासन भी लोगों को सर्दी से बचाने की कवायद में जुटा है। सूत्रों की मानें तो नगर में 22 स्थलों पर सुबह और 26 स्थानों पर शाम को अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का परिसर भी शामिल हैं। चिकित्सा अधीक्षक डा .दिनेश गुप्ता के अनुसार सीएचसी में प्रतिदिन बडी संख्या में मरीज और उनके तीमारदार आते हैं जिन्हें सर्दी से बचाने के लिए 24 घंटे के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है।

मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संपन्न

- ऐसे मतदान केंद्र जहां फॉर्म 06,07 व 08 कम प्राप्त हुए है ऐसे बीएलओ पर करे कार्रवाई: जिला निर्वाचन अधिकारी

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त फॉर्म एवं उनके निस्तारण की स्थिति, ईपी रेशियो/ जेंडर रेशियों आदि के संबंध में बैठक डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चल रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त फार्मो एवं उनके निस्तारण की ब्लॉकवार समीक्षा की गई।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दावे एवं आपत्ति प्राप्त किए जाने की तिथि 12 जनवरी 2024 तक बढ़ा दी गई है। इस दौरान विशेष प्रयास करते हुए नए मतदाताओं के मतदाता सूची में नाम दर्ज कराए जाने के लिए फॉर्म 6, मतदाता सूची में दर्ज नाम को अपमार्जित करने के लिए फॉर्म 07 व निवास परिवर्तन के लिए फॉर्म 08 भराए जाए। विशेष संक्षिप्त कार्यक्रम के तहत ऐसे मतदान केंद्र जहां पर कम संख्या में फॉर्म ,06,07 व 08 प्राप्त हुए हैं , उस पर डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्ति की गई, उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की निर्वाचन के कार्यों में किसी प्रकार की भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्वाचन के कार्यों में शिथिलता करने वाले बरतने वाले बीएलओ को चिन्हित करते हुए कार्यवाही की जाए। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद में जेंडर रेशियो बढ़ाने के लिए ऐसे मतदान केंद्र जहां पर महिला मतदाताओं की संख्या कम है विशेष रूप से फोकस किया जाए।

इन क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करते हुए अधिक से अधिक महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए। मतदाता सूची से मृतकों का नाम हटाने के लिए फार्म - 07 भराए जाने पर विशेष रूप से फोकस किया जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीण खेल लीग का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत स्पोर्ट स्टेडियम में जनपद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी अरविंद सिंह के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस दौरान उन्होंने बालक बालिकाओं की 100 मीटर रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा वॉलीबॉल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए सभी का हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा की सभी खेल भावना के साथ खेलो में प्रतिभाग करें। जिलाधिकारी ने कहा की यह प्रतियोगिता ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखरेगी तथा बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। खेल का जीवन में अहम योगदान होता है, खेल शारीरिक क्षमता के साथ मानसिक क्षमता को भी बढ़ता है। उन्होंने कहा ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए ग्रामीण परिवेश के खेल प्रतिभाओं को आगे लाना होगा। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी वह अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बयान — पीड़ित अपनी समस्या लेकर उनसे स्वयं मिलें उसकी पूरी मदद की जाएगी

आईपीएस डॉ. केएस प्रताप कुमार ने एडीजी जोन का पदभार संभाला

गोरखपुर,समृद्धि न्यूज।

1993 बैच के आईपीएस अधिकारी डा के एस प्रताप कुमार ने एडीजी जोन गोरखपुर का पद भार ग्रहण किया गोरखपुर जोन को अपराध मुक्त जोन बनाना पहली प्राथमिकता होगी जोन से सटे जनपदों के अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बराबर रखी जाएगी और असंवैधानिक गतिविधियों पर बराबर नजर रखी जायेगी हमारे कार्यालय पर आने वाले हर फरियादियों की समस्याओ का निस्तारण किया जाएगा किसी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। गोरखपुर डॉ श्री प्रताप कुमार के लिए कोई नया नही है गोरखपुर में वर्ष 2002 में बतौर एसएसपी भी रह चुके हैं। गोरखपुर जोन के ही बलरामपुर में भी पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं यहां की मूलभूत समस्याओं से रूबरू होने वाले श्री कुमार के लिए कोई नया नहीं होगा। सही कार्यों को करने में उन्हें तनिक भी हिचक नही लगती है वहीं गलत कार्य कराने या उसकी पैरवी करने वालो को वे पसंद भी नहीं करते। पीड़ित अपनी समस्या लेकर उनसे स्वयं मिले उसकी पूरी मदद की जाएगी, किसी बिचौलिए को साथ न लेकर आए तो और बेहतर होगा। बताते चले कि पीएसी मुख्यालय में बतौर एडीजी की तैनात हाल ही में पीएसी स्थापना दिवस मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ रहे।

इस दौरान एडीजी डा के एस प्रताप कुमार की सराहनीय कार्य शैली की सीएम ने खूब तारीफ किया था और गोरखपुर जोन का एडीजी की तैनाती कर सीएम ने उन्हें इनाम के रूप में दे दिया। आईपीएस श्री कुमार मूल रूप से हैदराबाद के रहने वाले हैं। इसके पूर्व पीएसी मुख्यालय लखनऊ में एडीजी के पद पर तैनात रहे।

श्री कुमार प्रयागराज जैसे जोन के साथ ही एडीजी क्राइम, सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ ही अन्य कई महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं सर्किट हाउस पर आईजी रेंज गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर जे रविंदर गौड वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई एसपी ट्रैफिक श्याम देव ने किया स्वागत।

इससे पूर्व सर्किट हाउस पर एडीजी जोन डॉ के एस प्रताप कुमार का गॉड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया।

भ्रष्टाचार में डूबी ग्राम पंचायतों में नहीं होती जांच,कार्यवाही तो दूर की बात

माधौगढ़,जालौन। विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार होता है लेकिन उच्च अधिकारी सिर्फ कमीशन खाने के अलावा और कुछ नहीं करना चाहते। सैकड़ों शिकायत होने के बाद भी ग्राम पंचायत के जिम्मेदार कर्मचारी और प्रधान पर कोई कार्रवाई नहीं होती। कहीं अधिकारियों की नजरें इनायत होती हैं तो कहीं राजनीतिक प्रेशर की वजह से प्रधानों को बचाया जाता है। विकासखंड माधौगढ़ की ग्राम पंचायत में खासकर मनरेगा में तो जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। फोटो से फोटो बनाकर मजदूरों की हाजिरी लगाई जाती है।

कार्यालय ग्रा0पं0 अर्राहपहाड़पुर विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0-पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/टेण्डर प्रकाशन/2023-24 दिनांक 02/01/2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत अर्राहपहाड़पुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 03/01/2024 से 07/01/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 07/01/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र0 सं0	योजना का नाम	कार्य का नाम	स्थल	प्राक्कलन सामग्री लागत (लाख में)	धरोहर राशि 2 प्रतिशत (रु0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में)	सामग्री आपूर्ति की अवधि
1	पंचम राज्य वित्त/ 15वां वित्त	राजकुमार के घर से श्यामवीर के घर तक नाली एवं इंटरलाकिंग कार्य	अर्राहपहाड़पुर	2.902	2 प्रतिशत	500	1 माह
2		सुरेश शाक्य के घर से शमीम के घर तक नाली एवं इंटरलाकिंग कार्य		2.744	2 प्रतिशत	500	1 माह
3		फेकू के घर से रामकिशन के घर तक नाली एवं इंटरलाकिंग कार्य		1.868	2 प्रतिशत	500	1 माह
3		रामगुनी के घर से कल्लू श्रीवास्तव के घर तक नाली एवं इंटरलाकिंग कार्य		1.552	2 प्रतिशत	500	1 माह

नियम एवं शर्तेः- दिनांक 03/01/2024 से 07/01/2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देखी जा सकती है।

(रामकुमारी) ग्राम प्रधान-अर्राहपहाड़पुर, बढ़पुर फर्रु0

(स्वेता) सचिव-अर्राहपहाड़पुर, बढ़पुर फर्रु0

75 प्रतिशत या उससे ऊपर उपस्थिति होने पर ही मिलेगी छात्रवृत्ति की सुविधा

प्रभारी जिलाधिकारी एवं एडीएम ने बैठक में अनु.जाति-जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के सम्बन्ध मे अधिकारियों को दिये निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज।

बुधवार को कलेक्ट्रेट के गाँधी सभागार में अनु0जाति-जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक अटेण्डेंस के मध्यम से ही किया जाना अनिवार्य होगा। छात्र-छात्राओं की 75 प्रतिशत या उससे ऊपर उपस्थिति होने पर ही शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा अनुमन्य होगी।

कहा कि छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्र एवं संलग्नकों का 15 वर्षो तक संस्था स्तर पर संरक्षण अनिवार्य रूप से किया जाये। उन्होने कहा कि आधारप्रमाणीकरण (ई-केवाईसी) एवं ओटीपी से सत्यापन के उपरान्त आवेदन को फाइनल सबमिट करना होगा। कहा कि शैक्षणिक सत्र में 01 जुलाई को 40 वर्ष से अधिक आयु वाले छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति अनुमन्य नहीं है।

प्रभारी जिलाधिकारी ने बैठक में बताया कि अनुसूचित जाति/जन जाति के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रथम चरण में ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर, 2023 थी तथा द्वितीय चरण में 01 जनवरी, 2024 से 31 मार्च 2024 तक है। इसी क्रम में सामान्य वर्ग, पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 10 जनवरी, 2024 तक है। छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों को संस्थाओ द्वारा अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 19 जनवरी 2024 तक है। श्री सिंह ने कहा है कि शैक्षणिक सत्र में 01 जुलाई को 40 वर्ष से अधिक आयु वाले छात्र/छात्राओं को शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति अनुमन्य नहीं है। ऐसे छात्र/छात्राओं जो रिसर्च अथवा डायरेक्ट लेवल के पाठयकम में अध्ययनरत है, उन पर अधिक आयु की उक्त सीमा प्रभावी नहीं होगी। कहा है कि छात्र-छात्रा के माता-पिता अथवा अभिभावक की वार्षिक आय होने पर या विवाहित पुत्री के प्रकरण में उसके पति की आय गणना से आय प्रमाण निर्गत ही मान्य होगा। 30 सितम्बर तक निर्गत शिक्षण संस्था अथवा पाठयक्रम की मान्यता निर्गत होने पर ही संस्था/पाठयक्रम को मास्टर डाटा में पंजीकृत किया गया है। उन्होंने कहा है कि आईटीआई पाठ्यक्रम अथवा ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें प्रवेश की न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल निर्धारित है, की मार्कशीट हाईस्कूल उत्तीर्ण करने वाले 06 वर्ष के अन्दर निजी क्षेत्र के संस्थानों को उक्त प्रकार के पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर ही शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति अनुमन्य होगी। कहा है कि छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन पत्र करने के उपरान्त सलग्न प्रमाण पत्रों का मिलान मूल प्रमाण पत्रों से शिक्षण संस्थानों स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा।

शिक्षण संस्थानों द्वारा सत्यापन के समस्त अभिलेख पूर्ण कर रक्षित करना होगा। शैक्षिक सत्र 2023-24 में छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत या उससे ऊपर उपस्थिति होने पर ही शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा अनुमन्य होगी। शैक्षिक सत्र 2023-24 में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक अटेण्डेग के मध्यम से ही किया जाना अनिवार्य होगा। उन्होने कहा है कि आधारप्रमाणीकरण (ई-केवाईसी) एवं ओटीपी से सत्यापन के उपरान्त आवेदन को फाइनल सबमिट करना होगा। समस्त विद्यालय अपनी विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेन्सी से अपने विद्यालय को 10 जनवरी, 2024 तक अवश्य सत्यापित करा लें। यदि छात्र किराये पर कमरा लेकर रह रहा है तो वह दिवा छात्र ही माना जायेगा।

केवल शिक्षण संस्थान में बने छात्रावास में रहने वाले छात्र ही आवासीय छात्र के रूप में सत्यापित एवं अग्रसारित किये जायें। बी.फार्मा. में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं जिनका प्रवेश एपी जेटीयू की बेवसाइट पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के उपरान्त प्रवेश लिया गया है उन्हें ही छात्रवृत्ति देय है। कहा कि अन्तिम तिथि की प्रतिक्षा किये बिना जो ऑनलाईन डाटा प्राप्त हो चुके है उनका सत्यापन के उपरान्त अग्रसारण करते रहें। उन्होंने कहा कि छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र एवं संलग्नकों का 15 वर्षो तक संस्था स्तर पर संरक्षण अनिवार्यरूप से किया जाये तथा भविष्य में किसी भी जाँच के समय उपलब्ध कराने की जिम्मदारी सम्बन्धित संस्था की है।

संस्था से जो भी छात्रवृत्ति डाटा ऑनलाईन अग्रसारित किये जाने है उनके आवेदन पत्र तथा समस्त संलग्नकों को स्कैन कर सीडी एवं सूची डाउनलोड कर सम्बन्धित संस्था प्राचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी के हस्ताक्षर एवं मोहर के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है। कहा है कि अल्पसंख्यक वर्ग के केवल वे ही अभ्यर्थी पात्र होंगें, जो उत्तर प्रदेश राज्य के निवासी हो एवं जो उप्र राज्य क्षेत्र के सम्बन्ध में विनिर्दिष्ट अल्पसंख्यक वर्ग से सम्बन्धित हों और जिन्होनें किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या माध्यमिक स्तर के शिक्षा बोर्ड की मैट्रिकुलेशन या हायर सेकेन्ड्री या इससे कोई उच्चतर वार्षिक /सेमेस्टर परीक्षा न्यूनतक 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर ली हो। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

अफवाहों पर न दें ध्यान, सभी पेट्रोल पम्पों पर उपलब्ध है पेट्रोल और डीजल: जिला पूर्ति अधिकारी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज।

हिट एण्ड रन से जुड़े कानून को लेकर बीते दिवस देश भर मे ट्रांसपोर्टस और चालकों ने अपन-अपने वाहनों को खड़ा कर चक्का जाम कर दिया था।

हालांकि ट्रांसपोर्टस एसोशियन और सरकार के बीच हुई बैठक में सरकार द्वारा मिले आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त हो गई, लेकिन इसी बीच बीते मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की किल्लत की अफवाह पर पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल भरवाने के लिए वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारें लग गई थी। जिले में भी सभी पेट्रोल पंपों पर वाहनो की कतारें लग गई। बुधवार को जिला पूर्ति अधिकारी ने प्रेस नोट जारी कर सभी पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने व अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में पेट्रोल पम्पों पर पर्याप्त मात्रा में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता बनी हुयी है।

कुछ अराजक तत्वों द्वारा गलत ढंग से अफवाह फैलायी जा रही है कि हड़ताल के कारण डीजल / पेट्रोल प्राप्त होने में समस्या हो सकती है जबकि ऐसी कोई बात नहीं है स इसलिए अनावश्यक अफवाहो से लोग सावधान रहें। किसी भी उपभोक्ता को पेट्रोल/डीजल मिलने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। कोई भी उपभोक्ता पेट्रोल/डीजल की आवश्यकता से अधिक मात्रा का भण्डारण न करें । जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प स्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि अपने-अपने आउटलेट पर निर्बाध गति से पेट्रोल/डीजल की नियमानुसार बिक्री करना सुनिश्चित करें, जिससे उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडें । यदि किसी पेट्रोल पम्प स्वामी के विरूद्ध पेट्रोल-डीजल वितरण के सम्बंध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी युवक को कोर्ट ने सुनाई 22 वर्ष की सजा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज।

- **17 हजार 500 रुपये का लगाया जुर्माना, जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा**

नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में गवाहों के बयानों और साक्ष्यो के आधार पर पाक्सो कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर 22 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 17 हजार 500 रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जानकारी के अनुसार ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 13 वर्षीय पुत्री 16 अक्टूबर 2021 की सुबह 11 बजे अपने खेत की ओर जा रही थी। इसी दौरान वहां भरतीपुरवा गांव निवासी नरेश ने किशोरी को अकेला देखकर उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करते हुए उसे पास में ही झाड़ी के निकट ले गया। उक्त युवक ने किशोरी को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह किशोरी अपनी जान बचा कर वहां से भाग निकली और घर पहुंचकर उसने अपनी मां आपबीती बताई। जिसके बाद किशोरी के परिजन आरोपी युवक के यहां शिकायत करने पहुंचे तो वे लोग गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने ठठिया थाना पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर मामला दर्ज कराया। विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि किशोरी से दुष्कर्म के मामले की सुनवाई पॉक्सो एक्ट'कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को स्पेशल जज पाक्सो एक्ट अलका यादव ने साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी नरेश को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए 22 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोषी पर 17 हजार 500 रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

खबरें एक नजर में

सुलह समझौते न करने पर महिला को पीटा

गुरसहायगंज, कन्नौज। न्यायालय में लंबित मुकदमे में सुलह समझौता न करने पर आरोपितों ने महिला के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी अरबिना बेगम ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमें में कहा है कि 02 जनवरी की शाम करीब 07 बजे मोहल्ले के ही साजिद और उसकी पत्नी नूरी बेगम, इमरान और इकराम ने न्यायालय में चल रहे मुकदमे में सुलह समझौते करने को लेकर उस पर दबाव बनाया। जब उसने सुलह समझौता करने से मना कर दिया। तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

उतरौला,बलरामपुर। भारतीय किसान क्रांति यूनियन के जिला संयोजक मोहम्मद खलील शाह ने बुधवार को विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अवधेश कुमार को सौंपा। केन कमिश्नर द्वारा दलालों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लागू किए गए गन्ना तौल नीति को वापस लिए जाने, उच्च न्यायालय के आदेशानुसार गन्ना मूल्य भुगतान कराए जाने तथा गन्ना मूल्य गन्ना तौल रसीद पर अंकित किए जाने, गन्ना बंधन की कटौती न किए जाने, गन्ना किसानों के भुगतान को मद्देनजर रखते हुए बिजली बकायेदारों का एक मुफ्त समाधान योजना को मार्च तक बढ़ाए जाने, गायत्री ब्लॉक में दलित और कमजोरों के पट्टे की भूमि पर दबंगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को अति शीघ्र हटवाकर पट्टेदारों को कब्जा दिलाए जाने का मांग किया है। बड़े लाल पांडे, बच्छराज वर्मा, जीवन लाल यादव, राम सजन, उजागर वर्मा, राजेंद्र प्रसाद यादव, अशोक कुमार दुबे, सतिराम यादव, रामदास, रामपाल, बुद्ध सागर, सालिकराम समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

दुख हरण नाथ मंदिर के पोखरें का पुननिर्माण कार्य शुरू

उतरौला,बलरामपुर। विधायक निधि से एक करोड़ तीस लाख रुपए से कराए जा रहे दुख हरण नाथ मंदिर उतरौला के पोखरें का पुनर्निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया है। इसकी जानकारी आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला उतरौला की अध्यक्षा सविता गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इस पोखरें के लिए विधायक राम प्रताप वर्मा के निधि से एक करोड़ तीस लाख रुपए का धन उपलब्ध कराया था। पोखरें के पुनर्निर्माण के लिए आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के ठेकेदार ने आधा कार्य कराया था परन्तु धन के अभाव में पुनर्निर्माण कार्य रुक गया था। इसके धन के लिए आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला व विधायक ने शासन को पत्र लिखा था। इस पर शासन ने शेष धनराशि कार्यदाई संस्था आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला को दिया है। इस पर पोखरें का पुनर्निर्माण कार्य पुनः शुरू करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस पोखरें को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

सरकारी कार्यालय के चक्कर लगाए बिना सरकारी योजनाओं का मिल रहा लाभ :अरविंद

कालपी,जालौन। भारत विकसित संकल्प यात्रा महेवा विकास खंड के ग्राम पंचायत कीरतपुर के मजरा शेखपुर बुल्दा महर्षि वेदव्यास मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई जिसमे सर्व प्रथम महर्षि वेदव्यास भगवान में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अथिति अरविंद कुमार सिंह आदि का बुक एवं माला पहनाकर ग्राम प्रधान पवन दीप निषाद ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान ने जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रत्येक गांव में 'मोदी की गारंटी' वाहन पहुंच रहे है जो पक्का मकान, नल जल कनेक्शन, शौचालय, निःशुल्क इलाज, निःशुल्क राशन, पीएम फसल बीमा योजना, पीएम स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री स्वामित्व संपत्ति कार्ड के तहत मिलने वाले लाभ आदि का के बारे में विस्तृत ग्रामीणों को जानकारी दी।

प्राकृतिक खेती अपनाकर बनें समृद्धः डॉ. ए.के. तिवारी

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी पर प्राकृतिक खेती के प्रचार - प्रसार हेतु गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार तिवारी, सलाहकार, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व महाप्रबंधक, ओ एन जी सी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ तिवारी ने कृषकों को प्राकृतिक खेती अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा की प्राकृतिक खेती से पैदा उत्पाद स्वास्थ्यवर्धक होंगे तथा भूमि, जल एवं जलवायु शुद्ध होने से उनका सकारात्मक प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ेगा। आज रासायनिक कृषि के कारण अनाज, फसल, सब्जियां दूषित हो गई हैं और हमारे स्वास्थ्य को संकट पैदा कर रही हैं। गौवंश को बढ़ावा देने से इस खेती को करना आसान होगा तथा खेती समृद्ध होगी। इस अवसर पर केंद्र के अध्यक्ष डा. वी.के. कनौजिया ने सभी का स्वागत करते हुए केंद्र के द्वारा नवीन कृषि की तकनीकियों को बताया तथा किसानों को प्राकृतिक खेती तथा वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने के लिए प्रेरित किया। डॉ अरविंद कुमार ने प्राकृतिक कृषि हेतु बीजामरित, घनजीवामृत, घनामृत, नीमस्त्र के बारे में जानकारी दी। डॉ पूनम सिंह ने प्राकृतिक विधि से घर पर पड़ी जगह मैं सब्जियों को उगाने के बारे में बताया व डॉ चंद्रकला ने मोटे अनाज पर चर्चा की। डॉ अमर सिंह ने प्राकृतिक तरीके से सब्जियों के उत्पादन तथा आलू को झुलसा से बचाव हेतु जानकारी दी। इस अवसर डॉ सी के राय तथा डॉ सुशील कुमार ने पशुपालन व जैविक खेती के बारे में बताया। इस अवसर पर 75 से अधिक कृषकों, कृषक महिलाओं व छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डा अरविंद कुमार ने किया।

विधायक प्रतिनिधि ने 22 जनवरी को दीपावली मनाने का किया आग्रह

- **घर-घर दीपक जलाकर मनाएं धूमधाम से दीपावली**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

14 वर्ष का वनवास खत्म करने के बाद जब श्रीराम वापस अयोध्या आए थे तो दीवाली मनाई गई थी। अब जब 500 वर्ष का वनवास पूरा हुआ है, सदियां गुजर गईं। 500 वर्ष में हमारे पुरखों की तमन्ना थी कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम का मंदिर बने। यह बात सदर विधायक प्रतिनिधि विवेक पाठक ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने 22 जनवरी को जनपद वासियों से दीवाली मनाने का आग्रह किया। क्योंकि इस दिन आयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। यह हम सभी के लिए गौरव का क्षण होगा। उन्होंने जनता से अनुरोध किया कि 22 जनवरी को दीपक जलाएं, घर, प्रतिष्ठान को सजाएं। इस दिन दीवाली से बड़ी दीवाली मनाएं।

इसलिए हमारा आह्वान है कि सभी मोहल्ले या गांव के मंदिरों को ही अयोध्या मानकर वहां एकत्र हों। वहां की परंपरानुसार पूजा-पाठ, आराधना व अनुष्ठान करें। कहा कि प्रधानमंत्री श्रीराम लला के मंदिर का उद्घाटन करेंगे।

नगर में धूमधाम से निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

- **विधायक सहित पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने बांटे पत्रक**

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

महिला को अक्षत व पत्रक देती विधायक अर्चना पांडेय।

नगर में आरएसएस, भाजपा, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। इसके बाद नगर के प्रमुख मार्गो से अक्षत कलश यात्रा निकली गई। जिसमें नगर के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जय श्री राम के जयकारे लगाकर वातावरण को राममय कर दिया।

बुधवार को नगर के राम जानकी मंडपम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे और पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता के नेतृत्व में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। जो श्री राममंदिर से जीटी रोड, तिर्वा रोड चकोर गली होती हुई पुनः मंदिर परिसर में पहुंची। जिसमें अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाली भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घरों में दीपक जलाकर दीपावली मनाने और अक्षत एवं पत्रक देकर महोत्सव मनाने की बात कही।

इसके बाद सभी वार्डो के प्रभारियों को कलश देकर मोहल्लों में पत्रक और अक्षत बांटने की जिम्मेदारी विधायक अर्चना पांडे ने दी। इस मौके पर नीरज मिश्रा, देवेंद्र देव, विनय वर्मा, संतोष चतुर्वेदी, विजय दुबे, रामकुमार पाठक, बृजेश कौशल, राजीव ठाकुर, शिवम राज वर्मा, शैलेश गुप्ता, संजू गुप्ता, राकेश चंद्र वर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, आदेश बाबा, राकेश तिवारी, ध्रुव गुप्ता, मानव गुप्ता, सोनू सैनी, दीपक गुप्ता, परशुराम देवल, भैया लाल दुबे, जीतू गुप्ता, बृजेश गुप्ता, सुरेंद्र कुमार आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित युवक को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

पुलिस अभिरक्षा में मौजूद आरोपी

अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा। जिसके बाद उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन व कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना से इंदुइयागंज अंडरपास के पास से वीरेंद्र बहादुर सिंह पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी इंदुइयागंज को एक तमंचा व 2 जिंदा कारतूस के साथ हिरासत में लिया और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

सर्दी से बचाने को गायों को खिलाया गुड़

- **पालिका अध्यक्ष ने बताया कि गौशाला स्थल पर गौ वंसों को सर्दी से बचने के लिए सभी उपाय किए गए**

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

इस समय पड़ रही भीषण ठंड और ठिठुरन को देखते हुए व्यापारी नेताओं ने आपस में सहयोग करके गो आश्रम में रह रहे गोवंशों के लिए चना गुड की व्यवस्था की पालिकाध्यक्ष के साथ गौशाला में पहुंचकर गायों को गुड़ खिलाया ठिठुरन भारी शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए बुधवार को व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने व्यापारियों के सहयोग से गुड़ एकत्रित किया और नगर पालिका के अध्यक्ष मनोज दुबे के साथ नगर की आवास विकास कॉलोनी सीवर कुआ पर कर स्थित गौशाला स्थल पहुंचे यहां रह रहे लगभग डेढ़ सौ का गौ वंशों को अपने हाथों से गुड़ खिलाया पालिका अध्यक्ष ने बताया कि गौशाला स्थल पर गौ वंसों को सर्दी से बचने के लिए सभी उपाय किए गए। सफाई के साथ भी बेहतर व्यवस्था रखी गई सर्दी से बचने के लिए उपाय किए जा रहे हैं इस मौके पर सभासद रमाकांत त्रिपाठी पप्पू शेर सिंह पाल मूलचंद यादव शिवम दुबे मुन्नालाल दाल वाले अमित सुनील दुबे आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

ठंड से ठिठुर रहे लोग, नहीं जलवाये जा रहे है अलाव

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

- **दुकानदार कागज पत्ता जलाकर कर रहे हैं बचाव**
- **इस वर्ष प्रशासन की लापरवाही के कारण कंबल भी नहीं बांटे गए**

मौसम में गलन और ठिठुरन बड़ी और इससे निपटने के इंतजार में है इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिले में ज्यादातर स्थानों पर अलाव नहीं जलवाए जा रहे हैं सके कुछ स्थानों पर जो जलाए भी गए हुए भी एक-दो घंटे के लिए ठंडा पड़ गए जाते हैं।

इससे लोग बस स्टॉप और चौराहा पर कुछ स्थानों पर लोग आपसी सहयोग से अलाव जलाकर ठंड से निजात पाने का प्रयास करते दिखे कड़ाके की सर्दी के बावजूद अलाव ना जलने के लोग पत्तियां व कूडा जलाकर सर्दी दूर करने को मजबूर है नगर पालिका परिषद द्वारा कोई मार्केट में अलाव नहीं लगाए गए जिससे लोगों को परेशानी का करना पड़ रहा है सामना मौसम में ठिठुरन बडने के कारण गरीब बेशहरा लोग सरकारी कंबर बढ़ाने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन इस वर्ष स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के कारण कंबल भी नहीं बांटे गए।

भाकियू स्वराज युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने वायरल वीडियो पर पुलिस की जांच आख्या पर उठाए सवाल

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

तालग्राम कन्नौज ने फर्जी लेखपाल के वायरल वीडियो पर पुलिस की जांच आख्या पर सवाल उठाए हैं। मामले की शिकायत पुलिस उच्चाधिकारियों से की है। तालग्राम पुलिस पर भ्रामक व गलत रिपोर्ट लगा कर आरोपियों से मिली भगत के आरोप हैं। एसपी को भेजे गए पत्र में विभागीय जांच करा कर कार्यवाई की मांग की गई है। भाकियू (स्वराज) युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पिछले कुछ दिनों पहले तालग्राम में फर्जी लेखपाल द्वारा पैमाइश और नापजोक करने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें फर्जी लेखपाल अपने हाथ में सरकारी नक्शा खसरा लिए हुए है, और जरीब से जमीन की पैमाइश करते हुए दिखाया गया है। इस मामले की शिकायत उसने पुलिस अधीक्षक से की थी। तालग्राम पुलिस ने जांच में वायरल वीडियो के मामले को दबाने का प्रयास किया है। आरोप है कि पुलिस ने जांच रिपोर्ट में कहा है कि लेखपाल ने अपने अभिलेख अपने ड्राइवर को पकड़ा कर लघु शंका के लिए जाने की बात कही है। जबकि घटना स्थल से सड़क काफी दूर है। शुरू से जांच अधिकारी एसआई ज्योती सिंह मामले पर पर्दा डालती आ रही हैं। जबकि वीडियो में फर्जी लेखपाल द्वारा पैमाइश कार्य साफ दिख रहा है। जांच में फर्जी लेखपाल के बचाव का प्रयास किया गया है। किसान नेता ने कहा है कि अगर वायरल वीडियो की ठीक से पड़ताल की जाए तो उसमें साफ दिख रहा है कि मौके पर फर्जी लेखपाल के द्वारा नापपजोख की जा रही है। तालग्राम पुलिस ने सांठ गांठ करके गलत आख्या लगा कर उच्च अधिकारियों को गुमराह करने के साथ ही मामले पर पर्दा डालने का प्रयास किया है। किसान नेता ने एसपी समेत उच्चाधिकारियों को ट्वीट करके प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर झूठी व भ्रामक आख्या लगाने वाले पुलिस कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की मांग की है। किसान नेता ने पूरे प्रकरण की शिककयत एसपी से की है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का मिला शव

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव उसके ही आम के बाग में लटका मिला। परिजनों ने हत्या कर शव को फाँसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को नीचे उतरवाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटइय्या नगला पैथान खुर्द बुजुर्ग निवासी लंकुश सिसौदिया उम्र 45 वर्षीय पुत्र राम प्रसाद के परिजनों के अनुसार बीते दिन अपने घर के दरवाजे पर ईंटें बिछा रहा था। उसी दौरान पड़ोसी जयसिंह, सोवरन पुत्रगण मैकूलाल आते ही उसके पति के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गये। पत्नी शगुना अपने पति लंकुश को साथ लेकर थाना पुलिस से

मृतक का फाइल फोटो

शिकायत की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लंकुश को ईंटें बिछाने के लिए मना कर दिया और वापस चले गये। कुछ देर बाद उक्त लोगों ने पति पत्नी के साथ फिर से गाली-गलौज करने लगे। आसपास के लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शान्त करा दिया। सुबह होते ही लंकुश पत्नी से खेत पर शौचक्रिया करने की बात कहकर घर से चले गये। काफी देर

रोते बिलखते मृतक के परिजन

बीत जाने तक पति लंकुश नहीं लौटा, तो बेटी मधु अपने भाई सूरज सहित परिजनों के साथ खेतों मे जाकर खोजबीन की। उसी दौरान पिता का शव अपने आम के खेत में लटका देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। बेटी ने भाई की मदद से पिता के शव को फाँसी के फंदे से नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं पत्नी शगुना ने गाँव के सोवरन व जयसिंह पर पति लंकुश की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया। वहीं ग्रामीणों की चर्चा के अनुसार एक वर्ष पूर्व पति पत्नी बाइक द्वारा कायमगंज बाजार करने जा रहे थे। रिटौल मोड़ के पास पहुंचते ही रोडवेज बस की टक्कर लगने से पति पत्नी के पैर में फेक्चर हो गया था।

चालकों की हड़ताल समाप्त, लेकिन अधिकांश चालक नहीं लौटे काम पर

-रोडवेज डिपो परिसर में खड़ी बसें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भले ही शासन की ओर से हिट एण्ड रन कानून चालकों से वार्ता के बाद फिलहाल लागू करने से रोक दिया गया हो, लेकिन इसके बावजूद अधिकांश चालक काम पर नहीं आये। जिससे बसे डिपो में खड़ी रहीं और सवारियां डग्गामार वाहनों से यात्रा करती नजर आयीं। बताते चलें कि हिंट एण्ड रन कानून को लेकर चालक बीते दो दिनों से हड़ताल पर थे। जिससे रोडवेज व निजी बसों के न चलने से सवारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तीसरे दिन शासन से हुई वार्ता के बाद फिलहाल हिट एण्ड रन कानून को लागू करने से अभी रोक दिया गया है और चालकों से काम पर लौटने की बात कही गयी, लेकिन बुधवार को मनमानी के चलते अधिकांश चालक काम पर नहीं लौटे। जिससे अधिकांश रोडवेज बसें डिपो परिसर में खड़ी रहीं और सवारियां डग्गामार वाहनों से अपने गंतव्य तक पहुंचीं। वहीं रोडवेज डिपो के कर्मचारी लालजी यादव ने बताया कि हड़ताल समाप्त हो गयी है, लेकिन चालक अपनी मनमानी कर रहे हैं। जिसके चलते करीब 40 प्रतिशत बसें आज डिपो परिसर में खड़ी रहीं। उन्होंने कहा कि गुरुवार से संभावतः बसों का पूरी तरह से संचालन होगा।

शीतलहर के चलते स्कूल के समय में हुआ परिवर्तन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की मांग पर शीतलहर को देखते हुए स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग जिलाधिकारी से की थी। जिस पर जिलाधिकारी ने मामले को गम्भीरत से लेते हुए स्कूल के समय में परिवर्तन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्रपाल सिंह को निर्देशित किया था। जिस पर स्कूल का समय सुबह 10.30 बजे से 3.00 बजे तक का हो गया है।

महिलाओं को लाठी-डंडों से मारपीट कर युवकों ने किया घायल, मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गौसपुर निवासी कामिल हुसैन पुत्र जुल्फिकार हुसैन ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया मैं 1 जनवरी को आरिफ पुत्र नफीस हुसैन के साथ घर की महिलाओं के साथ शेखपुर मेला देखने गया था। मेरे परिवार की महिलायें झूला झूलने गई, तो वहां पर कुछ लड़के खड़े थे उनको हटाने के लिए कहा, तो उन लड़कों को यह बात नागबार गुजरी और मेरे व मेरे परिवार की औरतों के साथ गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर तो उन लड़कों ने अन्य लड़कों को फोन करके लाठी-डंडे लेकर आने के लिए कहा। अन्य लड़के लाठी-डंडे लेकर आ गए। लड़कों ने लाठी-डंडों से मेरे परिवार की औरतें और मेरे ऊपर हमला कर दिया। जिससे हम लोगों को काफी चोटें आई हैं। उन लड़कों के नाम हाशिम पुत्र छोटे मास्टर, वकील पुत्र मुन्ना, मुन्ना पुत्र चुन्ना एवं अन्य सभी लड़के जो शेखपुर निवासी हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

मोदी सरकार की गारंटी योजना से देश में विकास के रास्ते खुले: रुपेश गुप्ता

- विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर पंचायत क्षेत्र मोहम्मदाबाद रोड पर हुआ स्वागत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता

विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर पंचायत क्षेत्र मोहम्मदाबाद रोड पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, जिला महामंत्री डीएस राठौर नेताओं ने केंद्र तथा यूपी सरकार की उपलब्धियां का बखान करते हुए कहा मोदी सरकार की गारंटी योजना से देश में विकास के रास्ते खुले। देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया।

जानकारी के अनुसार आवास पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अयोजित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे रथ जिसमें केंद्र तथा यूपी सरकार के विकास कार्यो का लेखा जोखा का पटल लगा था। साथ ही एलसीडी के जरिये लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। केंद्र तथा यूपी सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यो के संबंध में एलसीडी के जरिए विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं द्वारा सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा मोदी सरकार की गारंटी योजना जिसके तहत देश में तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गईं। शहर से लेकर गांव तक गरीब मजदूर किसानों को विकास कार्यो के जरिए लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में यह भी कहा गया प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना जिसके तहत देश के लगभग 11 करोड़ किसानों को अब तक 2.6 करोड़ की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। अभी भी देश के गरीब किसानों को किसान सम्मान योजना के तहत 6000 वार्षिक आर्थिक सहायता भी उपलब्ध हो रही हैं। किसान सम्मान योजना के तहत करोड़ों किसान लाभ उठा रहे हैं। देश में केंद्र तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई तमाम कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को सरकार की कल्याण कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, अधिशासी अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार, लिपिक विजय वर्मा, नवाबगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, पूर्व जिला मंत्री विनीत भारद्वाज, योगेंद्र सिंह राठौड़, अरविंद राजपूत, आदेश राठौर, शिव मंगल सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने वित्तमंत्री को भेजा ज्ञापन

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिला अध्यक्ष मनोज कौशल ने पदाधिकारियों के साथ तहसील में पहुँचकर तीन सूत्रीय ज्ञापन सीतारमण वित्तमन्त्री भारत सरकार के नाम सम्बोधित उप जिलाधिकारी यदुवंश वर्मा को सौंपा।

सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि जीएसटी का नया कानून वर्ष 2017-18 के मध्य से लागू किया गया था। इसके बावजूद उपरोक्त कानून में ऑनलाइन पोर्टल पर सुधार व संशोधन की प्रक्रिया आज तक चालू है। वर्ष 2017-18 व 2018-19 में जीएसटी-2ए व जीएसटीआर0-2बी पोर्टल पर चालू नहीं था सिर्फ -3बी रिर्टन फाइल हो सकती थी। जिस वजह से व्यापारी खरीद के बिल पोर्टल पर चेक नहीं कर सकता था। खरीद के वास्तविक बिलों के आधार पर 3बी फाइल कर आईटीसी क्लेम की जाती थी। इस कारण आईटीसी मिसमेच हो रही थी। अधिकांश मामलों में मामूली टैक्स का अन्तर होने पर भी धारा 73 में कम से कम रु0 10.000/- एसजीएसटी व रू 10.000/-सी0 जीएसटी की पैनाल्टी 100-200 रुपये का अन्तर होने पर भी लगायी जा रही है तथा 18 प्रतिशत व्याज की मांग भी नोटिस में भेजी जा रही है। जिससे व्यापारियों की कोई गलती या कमी आई0टी0 सी0 मिसमेच होने में नही है। अतः वर्ष 2017-18 व 2018-19 के आई0टी0सी0 मिसमेच मामलों में सिर्फ टैक्स का अन्तर व्यापारी से लिया जाये। पैनाल्टी व ब्याज वर्ष 2017-18 व 2018-19 के आईटीसी मिसमेच मामलों में न लगाया जाए। वर्ष 2017-18 व 2018-19 आईटीसी मिस मेच मामलों में व्यापारी द्वारा पैनाल्टी में व्यापारी द्वारा पेनाल्टी ब्याज वापस किया जाये। ज्ञापन सौंपने के दौरान उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष सतीश चन्द्र अग्रवाल, महामन्त्री अमित सेठ, युवा प्रदेश मन्त्री मन्शाराम उर्फ सुबोध गुप्ता, सुधीर गुप्ता, जितेन्द्र रस्तोगी, नरेश पुजारी सहित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री को सदर विधायक ने मेले के उद्घाटन के लिए किया आमंत्रित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर गंगातट पर चलने वाले मेला श्रीराम नगरिया के 25 जनवरी को होने वाले उद्घाटन के लिए निमंत्रण दिया है। साथ ही उनसे आग्रह किया है कि जिला कारागार के बंदियों ने अपने पुराने कम्बलों को जोड़कर भगवा रंग के काऊकोट तैयार किये है। जिसे सर्दी में गौवंश को सुरक्षित रखने के लिए सराहनीय प्रयास है।

मोदी जी के मन की बात से प्रेरित होकर बंदियों ने काऊकोट बनाये है। उनका सैम्पल मुख्यमंत्री को मेजर सुनील दत्त ने भेंट किया। उन्होंने भोलेपुर में तैयार फ्लाईओवर व पुलिस लाइन में ट्रांजिस्ट हास्टल के लोकार्पण के भी पत्र देकर आमंत्रण किया है। ज्ञात हो कि सांसद मुकेश राजपूत

मुख्यमंत्री को काऊकोट भेंट करते सदर विधायक

की पहल पर फ्लाईओवर बनवाया गया है।

इसमें विधायक का क्या रोल है, अगर रोल दिखाना है तो गंगा एक्सप्रेस-वे को फर्रुखाबाद से जुड़वाते या कोई और फर्रुखाबाद के विकास की योजना व आलू आधारित उद्योग लगाने की मांग करते, परन्तु ऐसा कुछ भी नहीं दिख रहा है।

एक समुदाय विशेष के लोगों ने देव स्थान की मूर्तियों को किया क्षतिग्रस्त

- सूचना पर पहुंची पुलिस बोली कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा देव स्थान पर रखी मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने से सनातनियों में रोष व्याप्त हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गंगाइच खेड़ा में गाटा संख्या-316 रकवा 0.162 हे0 भूमि मंदिर के नाम पर दर्ज है। बुधवार की रात देव स्थान पर निसार खां पुत्र इकबर खां, आरिफ पुत्र जुम्मन खां, रियान खां पुत्र जैनुद्दीन, अनीस पुत्र अतर अहमद, कमल्लू पुत्र वफाती अपने साथियों साथ आये और देव स्थान पर रखी मूर्तियों को तोड़फोड़ करने लगे। जब मौजूद लोगों ने मना किया, तो झगड़े फसाद पर आमादा हो गये।

देव स्थान पर जांच पड़ताल करते थानाध्यक्ष व मौजूद ग्रामीण

मौके पर मौजूद पानी की टोंटी भी उपरोक्त लोगों ने तोड़ डाली और नालियों का गंदा पानी देव स्थान परिसर में छोड़ दिया। उपरोक्त लोग यहां जमा मंदिर की मैटेरियल निर्माण सामग्री भी उठा ले जाते हैं। जिससे सनातनियों में रोष है। पूर्व प्रधान राजवीर सिंह राजू पुत्र अभिलाष सिंह निवासी नरायनपुर गढ़िया ने थानाध्यक्ष को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि मूर्ति तोड़ने जैसी बात जांच पड़ताल में सामने नहीं आयी है। यदि कोई बात होगी, तो कार्यवाही की जायेगी।

विद्युत कर्मचारी ने ग्रामीण के बिजली बिल के हड़पे 40 हजार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। विद्युत कर्मचारी द्वारा बकाया बिल वसूली जमा करने के नाम पर रुपया लेने के बाद भी बिल जमा न होने पर पीड़ित ने कर्मचारी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

कस्बा नवाबगंज क्षेत्र के गांव सिरमौर बांगर निवासी मनोज पुत्र राजेंद्र सिंह जाटव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने बीते 26 दिसंबर को संविदा पर तैनात विद्युत कर्मचारी राजू यादव पुत्र रामाश्रय यादव निवासी ग्राम बेग को अपने ऊपर बकाया बिल विद्युत 40000 रुपया जमा करने के लिए दे दिया था। राजू यादव ने उसको आश्वासन दिया था कि वह पैसा जमा कर देगा, लेकिन तब से ना तो उसका कटा कनेक्शन जोड़ा गया और ना ही ऑफिस में पैसा जमा हुआ। कई बार आरोपी युवक के घर गया और बार-बार अपने पैसे मांगे, लेकिन पैसा वापस नहीं कर रहे हैं। इस बात का आरोप लगाकर पीड़ित ने थाने में आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

बुधवार को आलू में आयी मामूली उछाल

मंडी में आलू की होती भर्ती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बुधवार को आलू की आमद बढ़ गयी। लगभग 100 मोटर आलू मंडी पंहुच गया। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि रेलवे की रैक आसाम के लिए शाम को लोड होगी। जानकारी के अनुसार एशिया प्रसिद्ध सातनपुर आलू मंडी में भाव में कोई खास फर्क नहीं पड़ा। भाव मंगलवार जैसा ही रहा। निबल आलू 701 से 731 रुपए कुंतल में व अच्छा आलू 751 से 821 रुपए कुंतल में ज्यादातर बिक्री हुई। बुधवार शाम 4 बजे से रेलवे रैक में आसाम के लिए लोडिंग होगी। अरविंद राजपूत ने कहा कि किसान भाई अच्छा आलू लायें। जिससे उन्हें और अच्छा दाम मिल सके। उन्होंने कहा कि अब आलू बाहर भी जाने लगा है।

सपा अधिवक्ता सभा की 31 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी घोषित

संविधान खतरे में, अधिवक्ताओं को एकजुट होना होगा: डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर अधिवक्ता सभा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की मौजूदगी में की गई। अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने अपनी पूरी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि हमारे अधिवक्ता साथी पूरी तरह से समाजवादी पार्टी की नीतियों और रीतियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं और जहां जरूरत पड़ती है वहां जरूरतमंदों को अपनी निःशुल्क सेवाएं भी दे रहे हैं। चंद्रपाल सिंह यादव ने पूरी कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि अधिवक्ता सभा समाजवादी पार्टी का एक बहुत महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें बुद्धिजीवी लोग होते हैं। उन्होंने कहा कि हम अधिवक्ता सभा से अपेक्षा करते हैं कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों और उनके द्वारा किए गए अधिवक्ताओं के उत्थान के कार्यो जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। प्रदेश सचिव/अमृतपुर विधानसभा प्रभारी डॉक्टर जितेंद्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्ग के जरूरतमंदों का ख्याल रखती है और सही मायने में अगर देश को आगे बढ़ाना है तो समाजवाद के रास्ते पर ही चलना होगा। उन्होंने कहा कि आज जो संविधान खतरे में है उसके लिए हमारे अधिवक्ता सभा के साथियों को एकजुट होकर के इस तानाशाही सरकार के खिलाफ बोलना भी पड़ेगा और आंदोलन भी करना पड़ेगा। जहां जरूरत पड़ेगी हम राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आंदोलन के लिए भी तैयार हैं। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, सुभाष चंद्र शाक्य, अमित यादव ने अपने विचार

कमेटी की घोषणा के दौरान मौजूद सपा नेता

व्यक्त किए। इस अवसर पर बृजेश कुमार, विजय अग्निहोत्री, अरवेश चतुर्वेदी, सरजू यादव, सुनील कुमार कनौजिया, धर्मेंद्र सिंह यादव, रंजना कश्यप, दुष्यंत सिंह, अमन वर्मा, शमीम खान, डॉ. अभिषेक यादव, कन्हैयालाल गुप्ता, डॉ. सुभाष चंद पाल, विनीत परमार, मीडिया प्रभारी विवेक यादव आदि उपस्थित रहे।

देवेन्द्र सिंह यादव ने अपनी जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष डॉ. अभिषेक यादव, साहिल सागर, केके कश्यप, रंजना कश्यप, प्रमोद कुमार, तौहीद अफजल को बनाया है। जिला महासचिव सुनील कुमार कनौजिया बने। कोषाध्यक्ष अशोक कुमार पाल को बनाया गया। जिला सचिव की जिम्मेदारी कन्हैया लाल गुप्ता, दुष्यंत सिंह यादव, अमरजीत कश्यप, देवेन्द्र सिंह, कौशलेन्द्र यादव, समीम खान, कुलदीप यादव, मुईन खान, आकाश शाक्य, राजू सिंह कुशवाहा, प्रमोद कुमार को बनाया गया है। कार्यकारिणी में सदस्य प्रशांत कुमार, राहुल कुमार, मनीष कुमार, अक्षय यादव, राहुल सक्सेना, सार्थक शाक्य, अजीत सिंह, दिवाकर शाक्य, विकास राठौर, धर्मेन्द्र सिंह यादव, अनुज यादव को बनाया गया है।

बिना पंजीकरण के खाद्य व्यवसाय करने पर हुआ चालान

आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर की गयी छापेमारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य उत्पादों के सम्बन्ध में छापेमारी की गयी। इस दौरान बिना पंजीकरण प्राप्त किये खाद्य कारोबार करने पर खाद्य कारोबारियों के चालान किये गये।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डॉ0 शैलेन्द्र रावत, अरुण कुमार मिश्र व आशीष कुमार वर्मा ने नगर के करीब आधा दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों पर छापामारी की। कार्यवाही के इसी क्रम में विपुल गुप्ता पुत्र महेशचंद्र गुप्ता के घुमना बाजार स्थित प्रतिष्ठान विपुल एजेन्सीज की सघन जांच की गयी, परन्तु कोई भी हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थ नहीं पाया गया।

समीर मेहरोत्रा पुत्र सुनील मेहरोत्रा के घुमना सब्जी मंडी स्थित खाद्य प्रतिष्ठान गिरीराज स्टोर की सघन जाँच की गयी, परन्तु कोई भी हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थ नहीं पाया गया।

विनय कुमार गुप्ता पुत्र वेद प्रकाश गुप्ता के घुमना बाजार स्थित खाद्य प्रतिष्ठान गुप्ता ट्रेडिंग कम्पनी की सघन जाँचकी गयी, परन्तु कोई भी प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थ नहीं पाय गया। घनश्यामदास पुत्र महेशचंद्र के चौक बाजारर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान की सघन जांच की गयी, परन्तु कोई भी हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थ नहीं पाया गया। अरसान पुत्र इब्नी हसन के नगलादीना, भोलेपुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान आसरा डिजिटल मार्केटिंग प्रा0लि0 की सघन जाँच की गयी, परन्तु कोई भी हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थ नहीं पाया गया। नेकपुर चौरासी स्थित खाद्य प्रतिष्ठान स्मार्ट प्वाइंट की सघन जाँच की गयी, परन्तु कोई भी हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य पदार्थ नहीं पाया गया। इसके साथ ही घुमना बाजार स्थित दीपक गुप्ता पुत्र अवतार नाथ गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान शिवओम मेडिकल स्टोर का बिना खाद्य पंजीकरण प्राप्त किये खाद्य व्यवसाय करने पर चालान किया गया। यह जानकारी सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी ने दी है।

स्मार्ट प्वाइंट पर जांच पड़ताल करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी

देश के विकास में महिलाओं का योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

युवा महोत्सव समिति द्वारा प्रतियोगिताओं के क्रम में दूसरे दिन समिति के सभागार में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने देश के विकास में महिलाओं का योगदान विषय पर विचारों को व्यक्त किया। प्रतिभागियों का मानना है कि भारत में आजादी की लड़ाई रही हो या अर्थव्यवस्था सभी में महिलाओं ने अपना योगदान दिया। ईशू ने अपने विचार में बताया कि देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। साइमा बानो ने बताया कि देश के विकास के हर क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका नजर आती है। महिलायें इंजीनियर, डाक्टर, प्रबंधक, सांसद, विधायक है। मुख्यमंत्री बनकर देश का विकास कर रही है। प्रतियोगिता में ईशू, साइमा, सारिका यादव, कुलसमा, सोबिया, तनिष्क, प्रयांश, हर्ष ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में डॉ. कृष्णकांत अक्षर व सच्चिदानंद मिश्रा के संयोजन में सम्पन्न हुई। डॉ संदीप शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का परिणाम 11 जनवरी को घोषित किया जायेगा।

निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी

डीएम ने आश्रय गृह फतेहगढ़ का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार की रात्रि स्थाई आश्रय गृह फतेहगढ़ का जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व अपर जिलाधिकारी (वि/रा)परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र प्रजापति ने निरीक्षण किया।

शेल्टर होम से सम्बंधित सभी सुविधाओं (अलाव, कम्बल, गर्म पानी, केयर टेकर, खाने आदि) की जानकारी ली।

सबसे पहले पुरूष डोरमेट्री में ठहरे अन्त वाशियों से उनका कुशलक्षेम जाना, खानपान की जानकारी ली, रसोई के उपयोग के सम्बंध में चर्चा की। अन्तःवाशियों द्वारा बताया गया कि सुबह चाय मिलती है व खाना बनाने के लिए गैस, बर्तन व जरूरत पर राशन भी उपलब्ध कराया जाता है। अन्तःवासियों की इंट्री रजिस्टर में चेक की। सभी सुविधाएं सुनिश्चित पायी गयीं। शीतलहर के मद्देनजर नगर पालिका को ई-रिक्शा/टेम्पो से मोबलाइजेशन/रेस्क्यू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गजराज सिंह यादव (उपजिलाधिकारी/परियोजना अधिकारी), अनुज प्रताप सिंह चौहान (सीएमएम), नगर पालिका कर्मचारी व संस्था से आबिद मंसूरी तथा शेल्टर होम के सभी केयर टेकर उपस्थित रहे।

आश्रय गृह का निरीक्षण करते डीएम

रोजगार मेले में 176 युवाओं का हुआ चयन

राजेपुर ब्लाक में आयोजित हुआ मेला, 438 युवाओं ने कराया पंजीकरण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन राजेपुर परिसर में विकास खण्ड में सम्पन्न हुआ। आईटीआई कौशल विकास मिशन एवं सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत राजेपुर में रोजगार मेले का आयोजन हुआ।

मुख्यअतिथि विधायक सुशील शाक्य के प्रतिनिधि उनके पुत्र संदीप शाक्य ने फीता काटकर रोजगार मेले का आयोजन किया।

विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख डॉ. पल्लव सोमवंशी व खण्ड विकास अधिकारी विवेक कुमार, एडीओ पंचायत कौशल कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। मेले में आयी हुई विभिन्न कम्पनियों का अतिथियों ने उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह द्वारा मेले में मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। 38 कम्पनियों ने महिन्द्रा, लावा, डिक्सन, फ्लिपकार्ड, श्रीराम पिस्टन, एबीआई आदि कम्पनियों ने 300 रिक्तियों के सापेक्ष 438 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 176 अभ्यार्थियों का रोजगार के लिए चयन किया गया। आईटीआई पासआउट 122, कौशल प्रशिक्षण केंद्र के 35, डीडीयूजीवाई के 19 प्रतिभागियों का चयन हुआ। संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। इस मौके पर व्यवस्था प्रमुख बृजेश कुमार, कार्यदेशक आशीष कुमार, शुभांक मिश्रा, सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, बृजेन्द्र सिंह, शिव बहादुर सिंह, राजकिशोर महतो, प्रमोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व प्रतिभागी

खबरें एक नजर में

लखीमपुर में चालकों की हड़ताल समाप्त

लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज। जनपद लखीमपुर खीरी के पुलिस /प्रशासन के बड़े अधिकारियो के साथ बुधवार सुबह ट्रक और बस यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई।जिसमें बैठक के बाद पदाधिकारियों ने वहीं से वीडियो साझा करते हुई, ड्राइवर्स से काम पर लौटने की अपील की। अपील करने वालो मे ट्रक यूनियन के ज़िलाध्यक्ष राजू राणा, प्राइवेट बस यूनियन के जिला अध्यक्ष मनमीत सिंह उर्फ़ सोनू राना, तिकुनिया बस यूनियन के अध्यक्ष रमेश गुप्ता, मैगलगंज /हरदोई /मोहम्मदी /अलीगंज बस यूनियन के अध्यक्ष मोहन बाजपेयी शामिल थे। यहाँ ध्यान देने वाली बात यह है कि ड्राइवरों की देशव्यापी हड़ताल के बाद सरकार आयी बैकफुट पर. केन्द्र सरकार ने बयान जारी कर कहा कि मोटर वेहिकल ऐक्ट के नये प्रावधान फिलहाल स्थगित हैं. 'हिट एंड रन' का नया क़ानून अभी लागू नहीं होगा। इस कानून पर निर्णय अब आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस से विचार विमर्श के बाद लिया जाएगा। केन्द्रीय गृह सचिव के आश्वासन के बाद ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों ने उच्चतम हड़ताल समाप्त करने का एलान किया है माना जा रहा है कि आज से पेट्रोल डीजल की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी यह दूसरा मौका है जब केन्द्र सरकार अपनज किसी कानूनी प्रावधानों को लेकर बैकफुट पर आयी है।

एसडीएम-सीओ ने किया पंपों का निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह ने सीओ (सदर) सुबोध जायसवाल के साथ शहर के सभी पंपों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी पंपों पर पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता मिली। वही जन सामान्य भी अपने वाहनों में सामान्य तरीके से अपनी आवश्यकता के अनुरूप डीजल पेट्रोल लेते नजर आए। इसके उपरांत एसडीएम, सीओ ने उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के लखीमपुर डिपो (रोडवेज बस स्टेशन) पर एआरएम रोडवेज मुकेश मल्होत्रा की मौजूदगी में चालक-परिचालकों से संवाद किया। इस दौरान प्रतिदिन की भांति सामान्य तरीके से रोडवेज की बसें अपने गंतव्य के लिए रवाना होती मिली।

वन विभाग ने चार आरा मशीनों को किया सीज

बहराइच, समृद्धि न्यूज। वन विभाग द्वारा तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित आरा मशीनो के विरुद्ध आभियान चलाकर चार मशीनें जब्त की गई हैं। सभी के विरुद्ध सीजर की कार्यवाई की गई है। वन विभाग की इस बडी कार्यवाही के बाद क्षेत्र में चल रहे अन्य अवैध आरामशीन संचालकों मे हड़कंप मच गया है। श्रावस्ती वन प्रभाग के पयागपुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी हरिश्चन्द्र तिवारी ने बताया कि बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में संचालित आरा मशीनों की जांच की गई। अभियान के अन्तर्गत अभी तक 37 लोगो के विरुद्ध मामला पंजीकृत कराया जा चुका है। इसी क्रम में मगंलवार देर शाम को विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के लखनपुर झुर्रिकुईया निवासी जितेंद्र सिंह उर्फ चिनगू के परिसर मे चल रहें आरा मशीन को उखाड़ कर अभिरक्षा में ले लिया गया है।वहीं गंगवल के सीताराम नगर निवासी ननके चौरसिया के परिसर से भी अवैध रूप से संचालित आरा मशीन पकड़ी गई है। शेखापुर देवरिया गांव निवासी कुंवर केहर सिंह व ग्राम सभा कंछर निवासी रमऊ के परिसर से भी हुड, चक्का व प्लेट आदि बरामद किया गया है।

पुष्कर कराटे अकादमी में केक काटकर मनाया नववर्ष

नववर्ष मनाते कराटे खिलाड़ी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पुष्कर कराटे अकादमी में नव वर्ष का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

संरक्षक सतीश तिवारी, संजय प्रताप सिंह व मुख्य प्रशिक्षक पारस भरद्वाज ने आये हुए छात्र-छात्राओं को बधाई दी। पारस भारद्वाज ने बताया कि 2023 में 8 से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर एक वर्ष में 90 पदक लेकर विजेताओं ने जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें और मैडल जीतकर जनपद का नाम रोशन करते रहे।

अकादमी हर बच्चे के लिए सहयोग करने के लिए तैयार है। साथ ही नववर्ष पर केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी गई।

फोरलेन सड़क से एक सर्विसलेन बनाये जाने की नेकपुर लोगों ने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नेकपुर कलां के निवासियों ने राष्ट्रीय राज मार्ग 730सी निर्माण कार्य प्रगति पर है। जनपद बघार नाला से पांचाल घाट तक फोरलेन बनना है। वर्तमान में नाले का निर्माण कार्य हो रहा है।

नेकपुर कलां के भाजपा नेता महेन्द्र कटियार व बसपा नेता विजय कटियार ने स्थानीय लोगों के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि जनपद में आने जाने के लिए मात्र एक राज्य मार्ग है। राज्य मार्ग में चौड़ीकरण हेतु कुछ रास्ते बंद किये जा रहे है जो खेतों से होकर राज्य मार्ग तक आते है। तथा कुछ दिन पहले रेलवे द्वारा कालोनी में बनी क्रासिंग को भी बंद कर दिया तथा आरटीओ कार्यालय का रास्ता भी उसी मोहल्ले से होकर जाता था। ईएसआई का क्लीनिक भी है। राहगीरों को निकलने में काफी दिक्कत हो रही है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र में लगभग 5 हजार लोगों की आबादी है। ऐसे में राज्य मार्ग पर एक सर्विस लेन निर्माण कराया जाये। जिससे स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते भाजपा व बसपा नेता

यूरिया खाद के बढ़े रेट पर बेचने की सूचना पर भूमि संरक्षण अधिकारी ने मारे छापे

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

उच्च अधिकारियों के निर्देशन में यूरिया को बढ़े रेट पर बेचने पर जिला भूमि संरक्षण अधिकारी ने छापेमारी की। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज में बुधवार को जिला भूमि संरक्षण अधिकारी उपेंद्रनाथ मिश्रा ने छापेमारी कर लोगों द्वारा बताई गई सूचना पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान यूरिया खाद के बढ़ते रेट की बिक्री पर रोक लगाने के लिए उन्होंने कई दुकानों पर छापेमारी की। जिसमें बिक्री रजिस्टर तथा स्टॉक रजिस्टर भी चेक किए। उन्होंने बताया कि यूरिया की बोरी के रेट 266 रुपए बिक्री है, वहीं दुकानदार 280 रुपए में यूरिया खाद बेच रहे हैं। यह बात सरासर गलत है। किसान इतना पैसा कहां से लाये। वैसे भी फसल का मारा हुआ है और इधर दुकानदार बड़े हुए रेट से पैसा वसूल रहे हैं। इसकी जानकारी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बढ़े रेट पर यूरिया खाद बेचने पर दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। भूमि संरक्षण अधिकारी की छापेमारी से खाद विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति देखी गयी।

प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र पर अभिलेख देखते भूमि संरक्षण अधिकारी

अलग-अलग छापेमारी में 75 लीटर कच्ची शराब बरामद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बुधवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ द्वारा थाना कायमगंज क्षेत्रान्तर्गत आने वाले संदिग्ध ग्राम श्यामनगर मे दबिश दी। दबिश के दौरान लगभग 100 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर सुसंगत धारा में दो के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 आनन्द कुमार सिंह मय स्टाफ द्वारा खिनमिनी के पास दबिष दी। जहां 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया। इस प्रकार कुल 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई । इसके साथ ही क्षेत्र की आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। सभी दुकानों पर नियमों को सुनिश्चित कराने के साथ ही, गोपनीय टेस्ट परचेस कराया गया। सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तथा उनके संचालन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। पीओएस मशीन से बिक्री की ऑनलाइन जांच की गई। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

बरामद लहन को नष्ट करती पुलिस

भाकियू भानू गुट के धर्मेन्द्र सिंह बने जिला उपाध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार प्रत्येक जनपद में किसान जोड़ों यात्रा का आयोजन हो रहा है। भाकियू के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सोमवंशी व जिला सचिव अवधेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सोमवंशी, ब्लाक अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह तथा सैकड़ों किसान यूनियन के डंडाधारी सदस्यों का काफिला गांव-गांव में किसान जोड़ों व सदस्यता अभियान चला रहा है। लोग प्रतिदिन दो से चार गांव में सम्पर्क कर संगठन के लिए सदस्य बनाकर कार्य कर रहे है। बुधवार को ग्राम दारापुर निवासी धर्मेन्द्र सिंह राठौर को जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह द्वारा जिला उपाध्यक्ष मनोनित कर नियुक्ति पत्र सौंपा। गांव के देवेन्द्र सिंह राठौर को ब्लाक राजेपुर का ब्लाक उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। धर्मेन्द्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से काम किया जायेगा और किसानों को भाकियू से जोड़ा जायेगा। उन्होंने किसानों की समस्याओं का हल कराने का संकल्प लिया।

धर्मेन्द्र सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपते नरेन्द्र सोमवंशी

प्रांतीय अधिवेशन की सफलता पर जिला कार्यकारिणी को प्रदेश अध्यक्ष ने दी बधाई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय अधिवेशन के सफल आयोजन के बाद बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 बृजेश शर्मा जनपद पहुंचकर समीक्षा बैठक की। प्रदेश अध्यक्ष ने सफल आयोजन के लिए जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी को बधाई। उन्होंने कायमगंज पहुंचकर कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए मिथिलेश अग्रवाल के आवास पर उनका आभार व्यक्त किया और नववर्ष की शुभकामनाएं दी। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. संदीप चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला महामंत्री डॉ. बृजभूषण सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. योगेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विश्व मोहिनी पांडे, जिला संगठन महामंत्री राघवेंद्र मिश्रा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।।

कार्यक्रम में डॉ. बृजेश शर्मा व मिथलेश अग्रवाल तथा अन्य

अक्षत कलश शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ पूजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर प्रांण प्रतिष्ठा सम्पर्क अभियान के तत्वावधान में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत कलश की फतेहगढ़ नगर में शोभा यात्रा बुधवार को गमा देवी मंदिर जेएनवी रोड से प्रारंभ होकर पीडब्ल्यूडी तिराहे होते हुए फतेहगढ़ चौराहा, कोतवाली मुख्य मार्ग से नवदिया ठाकुर द्वारा मंदिर तक विराट शोभा यात्रा निकल गई। शोभायात्रा में अयोध्या से निमंत्रण स्वरूप आये पुनीत अक्षत एक कलश में रखकर आचार्य प्रदीप नारायण शुक्ला रथ पर विराजमान थे।

जेएनवी रोड से निकली यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इसमें भारी संख्या में माता बहनों एवं सभी राम भक्तों ने हिस्सा लिया। पूजित अक्षतों को घर-घर पहुंचाया जाएगा और 22 जनवरी को सभी घरों में दीपक जलाने व घंटा घड़ियाल बजाने का आवाह्न किया गया। शोभायात्रा में राष्ट्रीय स्वयं संघ के जिला प्रचारक प्रवीण, ऋषिदत्त शुक्ला उर्फ गुड्डू पंडित, संजीव सोमवंशी, अनिल प्रताप सिंह राठौर, अनिल सिंह राठौड़, संजय सिंह राठौर, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, पप्पू भदौरिया, जवाहर मिश्र, रामशंकर चित्रांश, उमेश चतुर्वेदी, शानू दुबे, प्रवनेश सक्सेना, रामकुमार सामवेदी, गोविन्द सिंह, मुन्ना लाल वार्ष्णेय, ओमप्रकाश त्रिपाठी, जीत बहादुर सिंह, सूर्यप्रकाश दुबे आदि उपस्थित रहे। जगह-जगह प्रभु श्रीराम के स्वरुप की पूजा अर्चना व पुष्पवर्षा भक्तों ने की।

शोभायात्रा के दौरान पुष्पवर्षा करते भक्त

गोगामेड़ी हत्याकांड में एनआईए ने मारा छापा

राजस्थान में 15, हरियाणा में 16 स्थानों पर हुई छापेमारी

एजेंसी

जयपुर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार सुबह श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के मामले में राजस्थान में 15 और हरियाणा में 16 स्थानों पर छापेमारी की। शूटर नितिन फौजी और रोहित राठौर से मिली अहम जानकारी के बाद जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। एनआईए अधिकारियों को इस दौरान महत्वपूर्ण सबूत मिलने की उम्मीद है।

सूत्रों ने बताया कि एनआईए टीम ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड मामले में हरियाणा के महेंद्रगढ़ के दौंगड़ा जाट, गुढ़ा, पाथेड़ा और खुडाना गांव सहित रेवाड़ी के गांव भाडोर में भी छापेमारी की। इस दौरान आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एनआईए की टीम रेवाड़ी जिले के गांव भाडोर में नीरज के घर और रेवाड़ी के ही सती कॉलोनी में महेश सैनी के घर पहुंचीं। रेवाड़ी जिले का रहने वाला नीरज लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि एनआईए की कई घंटे चली जांच में कुछ पुख्ता सबूत भी मिले हैं। एनआईए की छापेमारी के दौरान टीम के पांच सदस्य मौजूद रहे। महेश सैनी पर रेवाड़ी और आसपास के जिलों में तीस से ज्यादा संगीन मामले दर्ज हैं। कुछ समय पहले ही तत्कालीन एडिशनल सेशल जज डॉ. सुशील कुमार गर्ग की कोर्ट ने उस पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए उसकी प्रॉपर्टी अटैच करा दी थी। महेश सैनी लंबे समय से फरार चल रहा है। कोर्ट उसे भगोड़ा घोषित कर चुका है। करीब 7 घंटे तक जांच एजेंसी की टीम ने महेश सैनी के सत्ती कॉलोनी स्थित घर पर छानबीन की। राजस्थान में 15 से ज्यादा ठिकानों पर एनआईए ने छापेमारी की। जहां जयपुर के खातीपुरा स्थित सुंदर नगर में शूटर रोहित राठौड़ के घर भी एनआईए की एक टीम पहुंची और सर्च की कार्रवाई को अंजाम दिया।

हथियारों की सप्लाई में लिप्त बिश्नोई गैंग का एक गुर्गा गिरफ्तार

एनआईए, डीएसटी, चेन्नई और दिल्ली पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों की सप्लाई में लिप्त लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक गुर्गे को राजस्थान के पिलानी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम अशोक मेघवाल है, जिसे उसके गांव झेरली से पकड़ा गया है। आरोपित के पास से आठ हथियार जब्त किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार तीस से ज्यादा हथियार आरोपित सप्लाई कर चुका है। पुलिस आरोपित अशोक से मामले को लेकर पूछताछ कर रही है।

शूटर राठौड़ का घर सीज

सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मामले में बुधवार सुबह एनआईए की टीम मकराना पहुंची। टीम ने मकराना पुलिस के साथ जूसरी गांव जाकर गोगामेड़ी की हत्या के आरोपित शूटर रोहित राठौड़ के घर की तलाशी ली और फिर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। इसके बाद घर को सील कर दिया। रोहित और उसका परिवार पिछले तीस सालों से जयपुर में ही रह रहा था। राजस्थान में तीन जिलों में एनआईए कार्रवाई हुई। इसमें कुछ बड़े नाम भी हैं, जिनके यहां पर टीमें पहुंची हैं। जयपुर में कार्रवाई के दौरान एनआईए ने शूटर रोहित राठौड़ की मां और बहन से भी पूछताछ की।

एयर कंडीशनर गुणवत्ता आदेश के सख्त मानकों में सरकार ने दी ढील

एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के इरादे से एयर कंडीशनर (एसी) उद्योग के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) से जुड़े मानकों में ढील दी है। एयर कंडीशनरों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 2019 में क्यूसीओ आदेश जारी किया था और यह पिछले साल अक्टूबर से लागू हुआ है लेकिन इसके मानदंडों को लागू करने को लेकर एसी उद्योग के हितधारकों की तरफ से जताई जा रही मुश्किलों को देखते हुए इनमें ढील देने का फैसला किया गया है।

आदेश के कारण उद्योग को होने वाली समस्याएं दूर करने के लिए सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने संशोधन पेश किए हैं। एक सरकारी अधिसूचना के मुताबिक, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उपकरण और संबंधित कलपुर्जों के विनिर्माताओं को 7,000 वाट से अधिक क्षमता के हर्मेटिक कम्प्रेसर के लिए इस आदेश से एक साल की छूट दी गई है। इसके अलावा विनिर्माताओं की तरफ से शोध एवं विकास के लिए आयात किए जाने वाले 200 उत्पादों को भी साल भर में छूट मिलेगी। हालांकि, इन आयातित वस्तुओं को बाजार में बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी और इनका निपटान कबाड़ के रूप में किया जाना चाहिए। अधिसूचना के मुताबिक, ''मूल उपकरण विनिर्माता ऐसे सामान या वस्तुओं का सालाना आधार पर रिकॉर्ड रखेंगे और यदि सरकार चाहे तो उसे उपलब्ध कराएंगे।

डीपीआईआईटी ने पांच दिसंबर, 2019 को एयर कंडीशनर और उसके संबंधित कलपुर्जों, हर्मेटिक कम्प्रेसर और तापमान संवेदन नियंत्रण (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2019 जारी किया था। बाद में व्यावहारिक समस्याओं के चलते उद्योग के अनुरोध पर तापमान संवेदन नियंत्रणों को इस सूची से हटा दिया गया था।

खबरें एक नजर में

टेक्नो ने लॉन्च किया 8 जीबी रैम वाला स्मार्टफोन

लखनऊ। ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रैंड, टेक्नो भारत में टेक्नो पॉप 8 के लॉन्च के साथ देश के एंट्री-लेवल स्मार्टफोन परिदृश्य को नई पहचान दिलाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस प्रकार, शहर में अब सबसे तेज़ 8 जीबी रैम वाला सुपर-हीरो फोन सहजता से उपलब्ध है। ऑर्डिनरी फोन के बजाए पॉप 8 को अपनाएँ, क्योंकि यह इस सेगमेंट में पहले कभी न देखे गए तेज परफॉर्मेंस वाले फोन की सौगात देने का वादा करता है। टेक्नो पॉप 8 की परिभाषा सिर्फ एक फोन तक ही सीमित नहीं है; बल्कि यह इनोवेशन की दुनिया की तरफ रुख करने वाला उत्तम साधन है, जो यूज़र्स को उनकी क्षमता के अनुरूप इसका उपयोग करने में सक्षम बनाता है। टेक्नो पॉप 8 अमेज़न पर 9 जनवरी, 2024 से उपलब्ध होगा। इस पूर्णतः मेड इन इंडिया स्मार्टफोन को युवाओं और एंटरटेनमेंट टीम के लिए तैयार किया गया है। आपकी व्यक्तिगत लाइफस्टाइल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध यह स्मार्टफोन आपके लिए हर जगह जश्न का माहौल सुनिश्चित करता है। भीड़ में अलग दिखने वाली इसकी स्टाइलिश डिज़ाइन, आकर्षक विशेषताओं और अद्वितीय फंक्शनलिटी के साथ, पॉप 8 स्मार्टफोन बेहद किफायती कीमत पर उपलब्ध है, जो आपकी लाइफस्टाइल के लिए एकदम सटीक साथी है।

बाबू 88 ने अपू बिस्वास के साथ स्पॉन्सरशिप की

लखनऊ। एंटरटेनमेंट एवं ऑनलाइन गेमिंग के क्षेत्र एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बाबू88 ने बांग्लादेशी अभिनेत्री अपू बिस्वास के साथ अपनी स्पॉन्सरशिप साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी एंटरटेनमेंट एवं गेमिंग उद्योगों, दोनों में व्यापक बदलाव लाने, सिनेमा के ग्लेमर एवं ऑनलाइन गेमिंग के रोमांच को एक साथ बढ़ावा देने के मकसद से की गई है। बांग्लादेशी फिल्म उद्योग में सुंदरता और प्रतिभा की पर्याय अपू बिस्वास ने कई हिट फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को अपना दीवाना बनाया है। एंटरटेनमेंट जगत में उनका सफर यादगार रहा है। वे बहुमुखी प्रतिभा और पात्रों को सिल्वर स्क्रीन पर बखूबी निभाने में सक्षम हैं। अपू के सराहनीय कार्य ने उन्हें प्रशंसकों के दिलों में एक खास स्थान दिलाया है, जिससे वह न केवल बांग्लादेश बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भी लोकप्रिय चेहरा बन गई हैं। बाबू88 के प्रवक्ता सचिन मेहता ने इस भागीदारी के बारे में बताया, 'हम बाबू88 फेमिली में अपू बिस्वास का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। उनके करिश्मे और लोकप्रियता ने उन्हें हमारे ब्रांड के लिए एक आदर्श प्रतिनिधि बनाया है। यह साझेदारी हमारे उपयोगकर्ताओं को श्रेष्ठ मनोरंजन अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।'

अभिनेता सोनू सूद ने दिव्यांगों के लिए उठाई आवाज



अभिनेता सोनू सूद ने दिव्यांगों की आवाज बनते हुए अधिकारियों और राज्य सरकारों से उनकी मूल ग्रेच्युटी और न्यूनतम पेंशन पर पुनर्विचार करने और बढ़ाने का आग्रह किया है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर सड़क किनारे बैठे दिव्यांग के साथ वीडियो शेयर किया। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए देखा जा सकता है, आज मैं बिहार से आए धर्मेंद्र के साथ हूं। मुझे अभी पता चला कि देश में किसी भी दिव्यांग व्यक्ति को सरकार 400 रुपये देती है। जरा सोचिए कि कोई व्यक्ति 400 रुपये में अपना खर्च कैसे चला सकता है। मैं विभिन्न सरकारों से आग्रह कर रहा हूं कि सिर्फ 400 रुपये में कुछ भी नहीं किया जा सकता है, और इसलिए मैं सरकार से इस योजना के तहत वित्तीय सहायता की राशि बढ़ाने का अनुरोध करता हूं।

अडाणी-हिंडनबर्ग केस में सुप्रीम कोर्ट का एसआईटी जांच से इनकार

एजेंसी

नई दिल्ली। अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज यानी 3 जनवरी को सेबी को बचे हुए 2 मामलों की जांच के लिए 3 और महीने का समय दिया है। वहीं मामले की जांच को एसबीआई से लेकर एसआईटी को देने से भी इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सेबी के रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में दखल देने की इस अदालत की शक्ति सीमित है।

सेबी ने 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है। सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन को ध्यान में रखते हुए हम सेबी को अन्य दो मामलों में 3 महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ओसीसीआर की रिपोर्ट को सेबी की जांच पर संदेह के तौर पर नहीं देखा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि जांच को सेबी से एसआईटी को ट्रांसफर करने का कोई आधार नहीं है। इन्वेस्टर और कारोबारी जॉर्ज सोरोस और रॉकफेलर ब्रदर्स जैसे लोगों की फंडेड ओसीसीआरपी 2006 में बनी एक इन्वेस्टिगेटिव संस्था है।

अडाणी बोले- सत्य की जीत हुई कोर्ट के इस फैसले के बाद अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा, कोर्ट के फैसले से पता चलता है कि सत्य की जीत हुई है। सत्यमेव जयते। मैं उन लोगों का आभारी हूं जो हमारे साथ खड़े रहे। भारत की ग्रोथ स्टोरी में हमारा योगदान जारी रहेगा। जय हिन्द। पिछले साल 24 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीजेआई ने कहा था- हमें अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को तथ्यात्मक रूप से सही मानने की जरूरत नहीं है।

दिल्ली सरकार के दो अफसरों के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार में हुए एक और घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। केन्द्रीय एजेंसी अब दिल्ली सरकार के वन और वन्य जीव विभाग के दो अधिकारियों के खिलाफ 223 करोड़ रुपए के कथित एफडी घोटाले की जांच करेगी। अक्टूबर 2022 में यह मामला संज्ञान में आया था। तब इसकी सीबीआई जांच की सिफारिश की गई थी। सीबीआई ने विभाग द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा में सावधि जमा के रूप में 223 करोड़ रुपए के निवेश में कथित जालसाजी और धोखाधड़ी की जांच के लिए मामला दर्ज किया था। जानकारी के अनुसार, बैंक ऑफ बड़ौदा के सीनियर ब्रांच मैनेजर एल ए खान समेत वन एवं वन्य जीव विभाग के अज्ञात अफसर और बैंक ऑफ बड़ौदा में अज्ञात अफसर के खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी, 409, 420, 467, 468, 471 आदि धाराओं में मामला दर्ज हुआ है।

लंबित निधि को लेकर टीएमसी-बीजेपी में नोकझोक

एजेंसी

मनरेगा के मुद्दे पर कर रहे राजनीतिक नौटंकी निरंजन ज्योति

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच लंबित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) निधि को लेकर वाकयुद्ध छिड़ गया है। टीएमसी प्रतिनिधि महुआ मोइत्रा ने बीजेपी मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति पर टीएमसी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक से बचने का आरोप लगाया। साध्वी निरंजन ज्योति ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी पूर्व प्रतिबद्धताओं पर आगे बढ़ने से पहले 2.5 घंटे तक टीएमसी प्रतिनिधिमंडल का इंतजार किया।

भाजपा नेता ने आगे ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के भीतर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, जिसमें मनरेगा फंड के एक करीबी सहयोगी से जुड़े संभावित घोटाले की ओर इशारा किया गया। विवाद का केंद्र बिंदु मनरेगा फंड जारी करना है, बंगाल सरकार ने केंद्र सरकार पर जानबूझकर फंड रोकने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे ने टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को दिल्ली में रैली करने के लिए प्रेरित किया। भाजपा ने टीएमसी सरकार पर प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा के लिए केंद्रीय धन की हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। पिछले महीने, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और राज्य को लंबित केंद्रीय धन जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रस्ताव दिया कि राज्य के अधिकारी और केंद्र के अधिकारी एक साथ बैठ सकते हैं और मुद्दों को सुलझा सकते हैं।

आम आदमी पार्टी सबसे भ्रष्ट पार्टी : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रवर्तन निदेशालय के समन पर पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं होने पर आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के प्रवास के दौरान बुधवार को पत्रकारों से कहा कि जो लोग राजनीति में आने से पहले ईमानदारी की दुहाई देते थे, उनकी पार्टी आम आदमी पार्टी आज सबसे बड़ी भ्रष्ट पार्टी बन गई है। जिनके कई मंत्री जेल में हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया जेल में हैं और अब मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में ईडी की समन को बार बार नकार रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि कुछ गड़बड़ है। दाल में कुछ काला है या तो पूरी दाल ही काली है।

वजन घटाने के साथ-साथ इम्यूनिटी मजबूत बनाएगा चीकू जानें अनगिनत फायदे

बढ़ते वजन के चलते आजकल कई लोग परेशान है। ज्यादा वजन कई बीमारियों का कारण भी बनता है। कई लोग इसे कम करने के लिए घंटों जिम में जाकर पसीना भी बहाते हैं लेकिन फिर भी वजन कम नहीं हो पाता। बढ़ा हुआ वजन कम करने के लिए एक्सरसाइज के साथ-साथ हेल्दी डाइट का होना भी जरुरी होता है। ऐसे में यदि आप मोटापा कम करना चाहते हैं तो अपनी डाइट में चीकू को शामिल कर सकते हैं। चीकू कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, विटामिन-बी, विटामिन-सी, पौटेशियम, फाइबर पाया जाता है। इसका सेवन करने से मौसमी बीमारियों का खतरा कम होता है। तो चलिए आज इस आर्टिकल के जरिए आपको बताते हैं कि चीकू खाने से क्या-क्या फायदे होंगे....

वजन कम करने में मिलेगी मदद

इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है। चीकू का सेवन करने से आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है। चीकू खाने से मेटाबॉल्जिम का स्तर तेज होता है और वजन कम करने में मदद मिलती है।

इम्यूनिटी बनेगी मजबूत

चीकू में विटामिन-सी पाया जाता है। यह इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के साथ-साथ मौसमी बीमारियों को दूर रखता है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स लंबे समय तक स्वस्थ रखते हैं। सर्दियों में इसका सेवन करने से खांसी, जुकाम और सर्दी से राहत मिलती है।

पाचन रहेगा स्वस्थ

यह पोषक तत्वों से भरपूर माना जाता है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर कब्ज, गैस, बदहजमी और एसिडिटी की समस्या से राहत दिलवाता है। चीकू में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण भी मौजूद होते हैं जो पाचन ठीक रखने में मदद करते हैं। चीकू खाने से मल मुलायम होता है और कब्ज की समस्या दूर होती है।

शरीर को मिलेगी एनर्जी

चीकू एनर्जी से भरपूर होता है। इसमें भरपूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है जो शरीर को एनर्जी देने के साथ-साथ थकावट दूर करता है। बहुत से लोगों की वजन घटाने के दौरान एनर्जी कम होती है ऐसे में आप चीकू का सेवन कर सकते हैं इससे आपके शरीर को एनर्जी मिलती है।

ग्लोइंग स्किन

वजन कम करने के दौरान स्किन का ग्लो काफी कम होता है। ऐसे में चीकू का सेवन करने से स्किन पर ग्लो आता है और स्किन की समस्याएं भी दूर आती है। इसका सेवन करने से रंगत सुधरती है और दाग-धब्बे दूर होते हैं।

गुजरात में 108 स्थानों पर एक साथ सूर्यनमस्कार करके बनाया विश्व रिकॉर्ड

फिट रहने के लिए योग और एक्सरसाइज कितने जरुरी हैं यह तो सब जानते हैं। ऐसे में इसी बात को ध्यान में रखते हुए नए साल पर गुजरात में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। गुजरात में 108 अलग-अलग जगहों पर एक साथ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। ऐसे में इस कार्यमक्रम का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। इस दिन लोगों ने एक जुट होकर स्वस्थ रहने की शुरुआत की है।

कार्यक्रम को देख पीएम ने की तारीफ

गुजरात में आयोजित हुए इस सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को देखते हुए पूरे देश में खुशी का माहौल है। ऐसे में लोगों के जोश को देख प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसकी तारीफकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी सोशल मीडिया पर गुजरात की तारीफ करते हुए कहा कि गुजरात ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ नए साल यानी की 2024 का स्वागत किया है। आपको बता दें कि गुजरात में आयोजित हुआ यह सूर्य नमस्कार कार्यक्रम दुनिया का पहला ऐसा कार्यक्रम है जिसमें 4 हजार लोगों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया है।

108 जगहों पर आयोजत किया गया कार्यक्रम

यह कार्यक्रम गुजरात की अलग-अलग 108 जगहों पर रखाय गया था जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गुजरात के मशहूर मोढेरा सूर्य मंदिर में 2 हजार से भी ज्यादा लोगों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया। लोगों ने सूरज से पहले किरण के साथ इस आसन की करने की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में हिस्से लेने के लिए 15 लाख से भी ज्यादा लोगों ने पहले से ही अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था।

सूर्य नमस्कार करने के स्वास्थ्य लाभ

इस आसन को करना स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। सूर्य नमस्कार करने से शरीर का पोश्चर ठीक रहता है। शरीर की फ्लेक्सिबिलटी बढ़ती है। एकाग्रता बढ़ती है और तनाव कम होता है। कमर दर्द और रीढ़ की हड्डियों से जुड़ी समस्याएं दूर करने के लिए भी यह आसन बेहद लाभकारी साबित होता है। वजन घटाने के लिए यह आसन बेहद लाभकारी साबित होता है। सूर्य नमस्कार करने से मांसपेशियां मजबूत बनती हैं और पाचन तंत्र भी मजबूत बनता है।

दुनिया का सबसे ऊंचा श्रीकृष्ण मंदिर

हिमाचल प्रदेश में कण-कण को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो ईश्वर ने स्वयं अपने हाथों से इसकी संरचना की है। विश्व भर में हिमाचल प्रदेश की पहचान देवभूमि के रूप में है। यहां बसे देवी-देवता खूबसूरत धरती को पावन और पवित्र बनाए रखने का काम करते हैं। ऐसी ही एक खूबसूरत पावन पवित्र झील में भगवान श्री कृष्ण का मंदिर है। आराध्य भगवान श्री कृष्ण के मंदिर के बारे में एक बेहद दिलचस्प मान्यता प्रचलित है। सदियों से लोग यह मानते आए हैं कि भगवान श्री कृष्ण के सबसे अधिक ऊंचाई पर बने इस मंदिर में टोपी भक्तों का भाग्य तय करती है। आपको यह जानकर हैरानी होगी, लेकिन यह सच है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के यूला कंडा में झील के बीचोंबीच भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर है। कहा जाता है कि पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान झील के बीच भगवान श्री कृष्ण के मंदिर का निर्माण किया था। भगवान श्रीकृष्ण मंदिर के साथ बहती झील में जन्माष्टमी के दिन किन्नौरी टोपी उल्टी करके डाली जाती है, अगर टोपी बिना डूबे तैरती हुई दूसरे छोर तक पहुंच जाए, तो समझो आपकी मनोकामना पूरी होगी। भाग्य आपका साथ देगा और आने वाला साल भी आपके लिए खुशहाली लेकर आएगा। लेकिन अगर टोपी डूब गई, तो आने वाला साल आपके लिए कष्टदायक हो सकता है। टोपी के डूबने का अर्थ होता है कि आपके साथ कुछ बुरा होने वाला है। खास बात यह है कि यहां सिर्फ किन्नौर ही नहीं, बल्कि शिमला और अन्य जिलों के लोग भी अपना भाग्य आजमाने के लिए आते हैं। यहां पहुंचने पर पर्यटक भी अपने आपको ऐसा करने से रोक नहीं पाते हैं। यहां आने वाले भक्त इस पवित्र झील की परिक्रमा करना नहीं भूलते। मान्यता है कि इस झील की परिक्रमा करने से मनुष्य के सारे पाप धुल जाते हैं। बुशहर रियासत से जुड़ा है इतिहास- यूला कंडा की जन्माष्टमी बेहद मशहूर है। इस जन्माष्टमी उत्सव का इतिहास बुशहर रियासत से जुड़ा है। मान्यता है कि बुशहर रियासत के तत्कालीन राजा केहरी सिंह के समय इस उत्सव को मनाने की परंपरा शुरू हुई थी। उस समय छोटे स्तर पर मनाए जाने वाले इस उत्सव को आज जिलास्तरीय दर्जा मिल चुका है। मेले को मनाने की परंपरा आज भी सदियों पुरानी है। इस मेले को देखने के लिए ग्रमीणों के साथ-साथ बाहर से आए लोगों की भी असंख्य भीड़ जमा हो जाती है। 12 हजार फुट की ऊंचाई पर बना है मंदिर- दूरदराज क्षेत्रों के लोग उत्सव से एक दिन पहले ही यूला कंडा पहुंच जाते हैं। यहां मंदिर कमेटी की ओर से उनके रहन-सहन और खान-पान की उचित व्यवस्था की जाती है।

आजादी के 76 साल बाद भी आधा दर्जन गांवों की नहीं बदली तस्वीर

हमीरपुर जिले में चन्द्रावल नदी किनारे बसे आधा दर्जन गांवों की हालत बड़ी ही दयनीय है। आजादी के 76 साल बाद भी इन गांवों की तस्वीर नहीं बदली। नदी पार करने के लिए एक पुल की सौगात भी नहीं मिल सकी, जिससे स्कूली बच्चे और ग्रामीण विवश होकर पैदल ही नदी पार करते हैं। हमीरपुर जिले के मौदहा क्षेत्र के बीहड़ के चौबीसी क्षेत्र केगांव आजादी के 76 साल बाद भी बदहाल है। सिसोलर, किसवाही और परेहटा समेत आधा दर्जन गांव चन्द्रावल नदी किनारे बसे हैं, जो सरकारी योजनाओं से आज भी नहीं चमक सके। बैजेमऊ, गढ़ा और उसके आसपास के कई गांव बारिश के मौसम में टापू में तब्दील हो जाते हैं। किसवाही गांव के प्रधान अशोक सिंह की मानें सिसोलर क्षेत्र से गांव की ओर आने वाली सड़क ग्रामीणों के लिए सिरदर्द बन गई है। मुख्यालय आने जाने के लिए पैदल ही लोगों को नदी पार करना पड़ता है, क्योंकि चन्द्रावल नदी में एक पुल बनाने की पुरानी मांग आज तक नहीं पूरी की जा सकी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल चन्द्रावल नदी की जलधारा में एक सरकारी एम्बुलेंस पानी में फंस गई थी, जिससे प्रसव पीड़ा से छटपटाती महिला समेत कई लोग बाल-बाल बचे थे। इस मामले को लेकर सदर विधायक डा.मनोज प्रजापति ने किसवाही गांव के पास नदी में एक पुल निर्माण कराने की बात कही थी। उन्होंने यह मामला विधानसभा के सदन में भी उठाने की बात कही थी, लेकिन यह बातें हवा हवाई साबित हो रही है।

हमीरपुर जिले के मौदहा क्षेत्र के बीहड़ के चौबीसी क्षेत्र केगांव आजादी के 76 साल बाद भी बदहाल है। सिसोलर, किसवाही और परेहटा समेत आधा दर्जन गांव चन्द्रावल नदी किनारे बसे हैं, जो सरकारी योजनाओं से आज भी नहीं चमक सके। बैजेमऊ, गढ़ा और उसके आसपास के कई गांव बारिश के मौसम में टापू में तब्दील हो जाते हैं। किसवाही गांव के प्रधान अशोक सिंह की मानें सिसोलर क्षेत्र से गांव की ओर आने वाली सड़क ग्रामीणों के लिए सिरदर्द बन गई है।

पैदल ही नदी पार करते हैं ग्रामीण और स्कूली बच्चे

किसवाही गांव के सुरेश कुमार व रामकरन समेत तमाम लोगों ने बताया कि नदी में पुल न होने की वजह से गांव के बच्चों को स्कूल जाने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मौदहा और हमीरपुर आने जाने के लिए चन्द्रावल नदी को पैदल करने के सिवाय कोई और दूसरा रास्ता भी नहीं है। मजबूरी में मोटरसाइकिल या अन्य साधनों से लोग नदी पार करते हैं। ऐसे में कभी कभार लोग पानी में फंस भी जाते हैं। नदी पार खेत जाने के लिए किसानों को नदी से पैदल ही जाना पड़ता है।

चन्द्रावल नदी किनारे बसे छह गांव आज भी बदहाल

मौदहा क्षेत्र के बीहड़ में नदी किनारे बसे तमाम गांव आज भी बदहाल है। ग्रामीणों ने बताया कि इस नदी के आसपास के इलाके चौबीसी क्षेत्र में आते हैं, जहां लोगों को नदी पार करने के लिए एक पुल की सौगात भी आज तक नहीं मिल सकी। नदी में पुल बनाने के लिए कई बार आंदोलन भी चलाए गए, लेकिन सरकार कुछ नहीं कर सकी। हमीरपुर के शिवसेना के प्रदेश उपप्रमुख रतन ब्रह्माचारी ने बताया कि चन्द्रावल नदी में एक पुल बनाने की मांग के लिए फिर से प्रयास किए जाएंगे।